WATCH GOD WATCHDOG

# NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

नई दिल्ली › मंगलवार, 23 जुलाई 2024 › श्रावण 1 शक संवत 1946 श्रावण कृष्ण द्वितीया विक्रम संवत 2081 वर्ष 78, संख्या 175 › पेज 14 › मूल्य 5.00 या 10.00* रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

*मासिक खरीद पर ही लागू



डेमोक्रेट्स में कमला हैरिस के लिए बढ़ने लगा सपोर्ट
▸p13



पैरिस में खेलकर हॉकी से संन्यास लेंगे श्रीजेश
▸p12

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

खबरों का पर्सपेक्टिव यानी NBT लेंस देखें पेज 3, 8 और 12

**NBT AI टाइम मशीन**

AI की नज़र से इतिहास और भविष्य की एक झलक देखें पेज 9

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर स्कूटर सवार मां-बेटे को रॉन्ग साइड से कार ने मारी टक्कर, मौत ▸▸पेज 3

### हैपी मॉर्निंग

**कुछ पैरंट्स स्कूल पहुंचे और बोले:** कौन टीचर है जो बच्चों को पढ़ा रहा है, ताजमहल कानपुर में है।
**टीचर:** आ गए आप। बच्चों की फीस जल्दी जमा करिए, नहीं तो ताजमहल कानपुर में ही रहेगा।

### सर्राफा

**सोना स्टैंडर्ड** (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 75,650 (+100) |

**चांदी .999 टंच प्रति किलो**

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 91,000 (-600) |

### अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,502.08 (-102.57) |
| निफ्टी | 24,509.25 (-21.65) |
| रु/यूएस डॉलर | 83.65 (+0.06) |
| रु/यूरो | 91.45 (+0.35) |

### मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36.4 (+1) |
| न्यूनतम | 29.2 (+2) |
| सूर्यास्त मंगलवार | 7:18 बजे |
| सूर्योदय बुधवार | 5:39 बजे |

# कांवड़ रूट पर नाम फिलहाल ज़रूरी नहीं

## UP और उत्तराखंड के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक



"दुकानदार यह बताएं कि कैसा खाना परोस रहे हैं- वेज या नॉन वेज, पर उन्हें नाम लिखने को मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। -सुप्रीम कोर्ट

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**कांवड़ रूट** पर दुकानदारों के नाम और पहचान जैसे ब्योरे प्रदर्शित करने के यूपी और उत्तराखंड सरकार के फैसलों पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अंतरिम रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि होटल, ढाबा चलाने वाले यह बताएं कि वह कैसा खाना परोस रहे हैं- वेज या नॉन वेज, लेकिन उन्हें अपना नाम लिखने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। यह उचित होगा कि राज्यों के उक्त निर्देश पर अंतरिम रोक लगाई जाए। यानी खाने-पीने का सामान बेचने वालों को फिलहाल अपना नाम, पहचान उजागर करने की जरूरत नहीं होगी।

कोर्ट ने इस मामले में यूपी, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकारों को नोटिस जारी किया और उनके फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जवाब देने को कहा। बीजेपी शासित इन राज्यों ने निर्देश दिया था कि कांवड़ रूट पर होटल, ढाबा मालिक, अपने और कर्मचारियों के नाम और अन्य ब्योरे प्रदर्शित करेंगे। एमपी में उज्जैन नगर निगम ने भी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर नाम और मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया था। विपक्ष के साथ RLD और जेडीयू जैसे सहयोगी दलों ने भी इस निर्देश को धार्मिक भेदभाव बढ़ाने वाला बताया था। इसके खिलाफ NGO 'असोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स' सांसद महुआ मोइत्रा, शिक्षाविद अपूर्वानंद झा, कॉलमिस्ट आकार पटेल समेत कई लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। ▸▸पेज 9

PTI




ढाबों में नाम लिखने की शुरुआत वेस्ट यूपी के मुज़फ्फरनगर से हुई थी।

### दलील, आदेश के बाद दुकानदारों का बॉयकॉट

याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस तरह के दिशा-निर्देश के पीछे मंशा यह है कि दुकान मालिकों की पहचान उजागर कर उनका आर्थिक तौर पर बॉयकॉट किया जा सके और इसका अन्य राज्यों पर भी असर होगा। इससे स्थिति खराब हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कांवड़ियों को साफ-स्वच्छ खाना मिले, यह हमारी प्राथमिकता होगी।

### जज ने कहा, मैं मुस्लिम के होटल में खाता था

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस SVN भाटी ने कहा कि जब मैं केरल में था तो एक जगह हिंदू का भी होटल था और मुस्लिम का भी। लेकिन मैं अक्सर वेजिटेरियन खाने के लिए मुस्लिम के होटल में जाता था, क्योंकि उसका मालिक दुबई से आया था और वह साफ-सफाई के मामले में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड फॉलो करता था। स्वच्छता और साफ-सफाई... आपकी पसंद इसमें निर्भर है।

**फैसले का स्वागत:** सुप्रीम कोर्ट के फैसले का विपक्ष के साथ जेडीयू ने भी स्वागत किया है। कांग्रेस ने कहा कि उम्मीद है कि पीएम बीजेपी शासित मुख्यमंत्रियों को 'राज धर्म' के प्रति जागरूक रहने के लिए कहेंगे।

# इकनॉमिक सर्वे ने बताया- 7% की रफ्तार से बढ़ेगा देश, मोदी 3.0 का बजट आज

**चीन से FDI की वकालत :** सोमवार को पेश इकनॉमिक सर्वे में वित्त वर्ष 2024-25 में विकास दर 6.5 से 7% रहने का अनुमान है। हालांकि अनुमान बाजार की उम्मीदों से कम है। वजह प्राइवेट सेक्टर में निवेश की धीमी रफ्तार और मौसम का अनिश्चित होना है। ग्लोबल चुनौतियों के कारण एक्सपोर्ट में थोड़ा झटका लग सकता है। चीन से ज्यादा FDI से निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**नौकरियों को AI से खतरा :** अनुमान जताया गया कि 51.25% युवा ही रोजगार के योग्य हैं। मतलब यह है कि कॉलेज से बाहर आने वाले दो में से एक युवा में अब भी रोजगार पाने लायक कौशल नहीं है। AI से नौकरियों पर खतरे की आशंका जताई गई है। ▸▸पेज 11

**आधी बीमारियों की जड़ जंक फूड :** 54% बीमारियां जंक फूड के कारण होती हैं। बढ़ते मोटापे, चीनी और फैट से भरपूर प्रोसेस्ड फूड की खपत बढ़ने पर चिंता जताई गई। कहा गया कि हेल्थी लाइफस्टाइल के साथ विविध खान-पान अपनाने को प्रेरित करने की जरूरत है।



"ढाई घंटे तक पीएम का गला घोंटने का... (हंगामे, शोरगुल से) आवाज़ को दबाने का प्रयास किया गया। लोकतांत्रिक परंपराओं में इसकी कोई जगह नहीं हो सकती है।
-नरेन्द्र मोदी (पिछले सत्र में विपक्ष के हंगामे पर)



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार सातवां बजट पेश कर मंगलवार को रेकॉर्ड बनाएंगी। उनके भाषण को 11am से प्रमुख चैनलों पर देख-सुन सकते हैं।

## सरकारी कर्मियों को छूट का विरोध

■ **विस, नई दिल्ली:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की गतिविधियों में शामिल होने की सरकारी कर्मचारियों को मिली छूट का खुद सत्ता पक्ष ने स्वागत किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि चुनाव जीत कर संविधान नहीं बदल पा रहे हैं तो पिछले दरवाजे से सरकारी दफ्तरों पर RSS का कब्जा कर संविधान से छेड़छाड़ करेंगे। ▸▸पेज 11



## बिहार को विशेष दर्जे से इनकार

■ **विस, नई दिल्ली:** बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने से केंद्र ने इनकार किया है। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विशेष दर्जा राष्ट्रीय विकास परिषद के पैमानों के मुताबिक दिया जाता है, उन पर बिहार के लिए विशेष दर्जे का मामला नहीं बनता है। ▸▸पेज 9

# नीट: फिज़िक्स के पेपर में एक सवाल के दो जवाब कैसे? SC ने मांगी रिपोर्ट

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट** ने NEET-UG 2024 में फिजिक्स के पेपर में एक सवाल के दो जवाब की जांच का निर्देश दिया। आईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर को तीन एक्सपर्ट की टीम बनाने को कहा है। सवाल का सही जवाब क्या होगा, इसकी रिपोर्ट मंगलवार यानी आज पेश करने को कहा है। दरअसल फिजिक्स के एक सवाल के जवाब में कुछ स्टूडेंट्स ने ऑप्शन दो चुना तो कुछ ने ऑप्शन चार। याचिकाकर्ता का कहना है कि सवाल के दो जवाब होने से मेरिट पर असर पड़ा। कोर्ट का कहना है कि कोई एक ही ऑप्शन चुनना होगा। दोनों एकसाथ सही नहीं हो सकते हैं। पेपर लीक पर चीफ जस्टिस ने कहा, पकड़े गए आरोपी के बयान देखने से लगता है कि पेपर 4 मई से पहले लीक हुआ। देखना होगा, लीक स्थानीय स्तर पर है या व्यापक। ▸▸पेज 8

PTI




नीट एग्ज़ाम फिर से कराने के लिए सोमवार को दिल्ली में प्रदर्शन हुआ।

### एग्ज़ाम सिस्टम को राहुल ने बताया फ्रॉड

नीट पर संसद के बजट सत्र के पहले ही दिन विपक्ष ने वॉकआउट किया। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा, करोड़ों स्टूडेंट्स को यकीन हो गया है कि इंडियन एग्जाम सिस्टम फ्रॉड है। शिक्षा मंत्री ने कहा, पूरे सिस्टम को फ्रॉड बताना दुर्भाग्यपूर्ण। मैं निंदा करता हूं।

## फटाफट खबरें

### राजौरी में शौर्य चक्र विजेता के घर हमला

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में जवानों ने सेना की चौकी और शौर्य चक्र विजेता के घर आतंकी हमले की कोशिश को नाकाम किया है। शौर्य चक्र विजेता और ग्राम रक्षा दल के सदस्य परषोत्तम कुमार के घर यह हमला सोमवार तड़के हुआ। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया। घटना में एक जवान, एक नागरिक और परषोत्तम के चाचा घायल हुए हैं।

### मेट्रो पिलर से टकराई बस, महिला की मौत



दिल्ली के पंजाबी बाग में शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार सुबह बाइक सवार को बचाने के दौरान डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस बेकाबू होकर मेट्रो पिलर से टकरा गई। इस हादसे में बस में सवार महिला की मौत हो गई। बस ड्राइवर, कंडक्टर समेत 23 लोग घायल हो गए। ▸▸पेज 5

### लखीमपुर हिंसा में पूर्व मंत्री के बेटे को ज़मानत

सुप्रीम कोर्ट ने 2021 के लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा (टेनी) के बेटे आशीष मिश्रा को सोमवार को जमानत दे दी और उसे दिल्ली या लखनऊ में ही रहने का निर्देश दिया। कोर्ट ने निचली अदालत से कहा कि वह मुकदमे की सुनवाई में तेजी लाए। (विस)

### नौसेना के INS ब्रह्मपुत्र में हादसा, नाविक लापता

नौसेना के वॉरशिप INS ब्रह्मपुत्र में रविवार शाम लगी आग पर सोमवार सुबह तक काबू पा लिया गया। इस घटना से जहाज एक तरफ झुक गया। हादसे में एक नाविक लापता है, जिसकी तलाश जारी है। (पीटीआई)




हरियाणा सरकार
म्हारा हरियाणा
नॉन-स्टॉप हरियाणा
हम हरियाणवी
अब आयुष्मान + चिरायु से
मुफ्त इलाज कराते हैं
सभी को ₹5 लाख तक की मुफ्त इलाज सुविधा
प्रदेश के 1215 अस्पतालों में उपलब्ध
अब तक 15.54 लाख लोगों को मिला ₹2173.30 करोड़ का नि:शुल्क इलाज
1.91 करोड़ लोगों को घर बैठे मिले उनके आयुष्मान कार्ड
इलाज की चिंता से निरंतर मुक्ति
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on
@diprharyana

## ठगी करने वाले 6 गिरफ्तार

**एनबीटी न्यूज, द्वारका :** बाबा हरिदास नगर इलाके स्थित एक फार्म हाउस से ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी क्रेडिट कार्ड पर रिवॉर्ड पॉइंट का झांसा देकर ठगी कर रहे थे। पुलिस ने यहां से काफी संख्या में मोबाइल फोन, रजिस्टर सहित अन्य सामान बरामद किए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ठगी के मामले में फार्म हाउस के मालिक और उसके एक साथी की संलिप्तता सामने आई है। आरोपियों ने बताया कि कार्ड की सारी डीटेल लेकर लोगों से ठगी करते थे। पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर आरोपी को छत से गिरफ्तार किया। उसकी पहचान ककरौला निवासी साहिल के रूप में हुई।

## तमिलनाडु से एजेंट अरेस्ट

**एनबीटी न्यूज, नई दिल्ली :** श्रीलंका के एक शख्स को दूसरे के फ्रेंच पासपोर्ट की मदद से फ्रांस भेजने की कोशिश करने वाले तमिलनाडु के एक एजेंट को आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान तमिलनाडु निवासी सुरेश कुमार(30) के तौर पर हुई है।

डीसीपी उषा रंगनानी ने बताया कि 28 जून को एक श्रीलंकाई पासपोर्ट और भारतीय वीजा रखने वाले एबिशांत कॉन्सटेंटाइन क्रॉस (24) नाम का यात्री आईजीआई एयरपोर्ट पर आया था। दस्तावेजों की जांच में पता चला कि उसने किसी और नाम से फ्रांसीसी पासपोर्ट की मदद से बोर्डिंग पास हासिल करने की कोशिश की। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर करीब एक महीने बाद भारतीय एजेंट सुरेश को तमिलनाडु से गिरफ्तार कर लिया गया। उसने बताया कि वह रिसवान उर्फ मामा के लिए काम करता है।

# DME पर रॉन्ग साइड से आ रही कार से टकराई स्कूटी, 2 की मौत


**प्रमुख संवाददाता, गाजियाबाद**

**कई बड़े** हादसों के बाद भी दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे (DME) पर एनएचएआई अफसरों की लापरवाही जारी है और इसकी वजह से 2 और लोगों की मौत हुई है। दरअसल, सोमवार को रोक के बाद भी डीएमई पर पहुंची स्कूटी को रॉन्ग साइड से आ रही कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी पर सवार मां-बेटे को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

इस मामले में वेव सिटी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टक्कर मारने वाली कार को कब्जे में लेकर आरोपी को हिरासत में लिया है। एसीपी वेव सिटी ने बताया कि हादसा रविवार रात को हुई था। महरौली के पास हुई घटना में दिल्ली के मधु विहार के रहने वाले यश गौतम (20) और उनकी मां मंजू (40) की मौत हो गई। एक्सिडेंट करने वाली कार के चालक देवदत्त को हिरासत में लिया गया है। वह विजयनगर का रहने वाला है और पेश से डॉक्टर है।

जानकारी के अनुसार, देवदत्त पेश से आयुर्वेदिक डॉक्टर हैं और वह भोजपुर गए हुए थे। लौटने पर उन्हें डासना से एक्सप्रेस-वे से बाहर निकलना था, लेकिन वह गलती से आगे बढ़ गए। इसके बाद उससे अगला कट एबीईएस के पास मिलता है। ऐसे में अपने कुछ किमी बचाने के लिए वह एक्सप्रेस वे पर ही रॉन्ग साइड से वापस आने लगे। इस दौरान उनकी कार की रफ्तार तेज थी। महरौली के पास स्कूटी से उनकी टक्कर हो गई। स्कूटी पर सवार यश और उनकी मां इस हादसे में उछल कर गिरे। जिससे कार का आगे का शीशा भी टूट गया।






एक्सीडेंट कार व स्कूटी दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे स्पॉट पर

### हाइवे पर टोलकर्मियों की जिम्मेदारी भी हो तय

डीएमई पर दो पहिया वाहन पर प्रतिबंध है। बताया गया है कि यह स्कूटी मेरठ स्थित टोल प्लाजा से डीएमई पर चढ़ी थी, ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब स्कूटी पर बैन है तो टोल वालों ने रोका क्यों नहीं। ऐसे में पुलिस अब टोलकर्मी पर लापरवाही के मामले में एक्शन लेने की तैयारी कर रही है।


### मेरठ में टोल से डीएमई पर आई स्कूटी को किसी ने नहीं रोका

**जानकारी के** अनुसार, पुलिस को यश के मामा मनोज ने बताया कि वह हरिद्वार गए हुए थे। इस मामले में पुलिस ने जांच करवाई तो स्कूटी डीएमई के मेरठ के टोल से आई थी। टोल से होकर आने के बाद भी उसे किसी ने रोका नहीं। इसके बाद पूरे रूट पर सीसीटीवी कैमरे होने के बाद किसी ने रास्ते में टोका तक नहीं। जिसके चलते स्कूटी गाजियाबाद तक पहुंच गई और रॉन्ग साइड आई कार ने टक्कर मार दी। हादसे के दौरान यश ने हेलमेट पहना था, लेकिन उनकी मां ने हेलमेट नहीं लगाया था।




### रोक के बाद भी बाइक डीएमई पर आ रही है

**एनएचएआई के** नियमों में एक्सप्रेस वे पर दो पहिया और तीन पहिया वाहन नहीं चल सकते हैं, लेकिन लोग भी फिर भी डीएमई पर आ रहे हैं। कई महीने पहले एक स्कूल बस ने कार में टक्कर मारी थी, जिसमें 4 लोगों की मौत हुई थी। इस हादसे के बाद सख्ती की बात की गई थी लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। अब भी वाहन रॉन्ग साइड आ रहे हैं। इसके अलावा दोपहिया वाहन भी खूब चल रहे हैं। एनबीटी ने कुछ पॉइंट्स को बाइक सवार डीएमई पर आते दिखे।



## चाइनीज़ मांझे समेत 2 गिरफ्तार किए

**एनबीटी न्यूज, फर्श बाजार :** शाहदरा डिस्ट्रिक्ट के फर्श बाजार थाना पुलिस ने पशु कल्याण अधिकारी की शिकायत पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वाले दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हैप्पी कुमार (27) और गौरव शर्मा (29) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर 25 चरखी मांझा बरामद किया है। आरोपी जाफराबाद इलाके से मांझा लाकर खुलेआम बेच रहे थे। पुलिस के मुताबिक, गाजियाबाद निवासी गौरव गुप्ता ने रविवार को सूचना दी कि मेन सर्कुलर रोड, शाहदरा इलाके में कुछ लोग प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेच रहे हैं।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति चुनाव से अपना पद छोड़ दिया !

# होटल में मिला IT कंपनी के अधिकारी का शव, मौत से पहले भाई को किया मेसेज

**प्रमुख संवाददाता, गाजियाबाद**

**कौशांबी थाना** क्षेत्र के एक होटल में आईटी कंपनी में काम करने वाले युवक का शव मिला है। सोमवार सुबह युवक का भाई होटल पहुंचा, तो उसका शव बेड पर पड़ा हुआ था। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया कि मृतक का नाम अमिल बीवी जोसेफ (25) था। उसने अपने भाई को सुबह तड़के करीब 3 बजे एक मेसेज भेजा, जिसमें लिखा है कि 'जब तुम यह मेसेज पढ़ रहे होगे, मेरी मौत हो गई होगी'। इसके अलावा मौके से पुलिस को डिप्रेशन की दवाइयां मिली हैं। आशंका है कि दवा की ओवरडोज से उसकी मौत हो गई। हालांकि, मौत का कारण पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद साफ होगा।



**डिप्रेशन में होने के चलते यह कदम उठाने का अंदेशा**

दिल्ली के रहने वाला जोसेफ गुड़गांव की आईटी कंपनी में जॉब करते थे। वह लेमन ट्री होटल में रविवार रात करीब सवा 7 बजे आए थे। उसने भाई को मेसेज किया और सुबह उसकी बॉडी होटल के कमरे में मिली। पुलिस के अनुसार, उसने एक मेसेज अपने भाई को किया है। जिसमें उसने ऐसी जिंदगी नहीं जीने, काम में मन नहीं लगने जैसी बातें लिखीं। साथ ही उसने लिखा है कि उसने फांसी नहीं लगाई है, जिससे उसकी बॉडी डरावनी नहीं होगी, LOL। उसने भाई से कहा है कि बॉडी होटल रूम में होगी, ऐम्बुलेंस भेज देना। उसने अपने बैंक से लेकर अन्य डिटेल भाई से शेयर की हैं। एसीपी ने बताया कि प्राथमिक जांच में लग रहा कि वह डिप्रेशन में था और उसकी दवाएं चल रही थीं।




# एक और जज सुनवाई से हुए अलग

**विस, नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट के जज जस्टिस अमित शर्मा ने जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया। खालिद ने फरवरी 2020 में नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में हुए दंगों के पीछे कथित बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए केस में जमानत के लिए याचिका दी है, जिनसे जुड़े मामलों में जमानत याचिका पर सुनवाई से जस्टिस शर्मा पहले ही खुद को अलग कर चुके हैं।

सोमवार को खालिद की याचिका जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस अमित शर्मा की बेंच के सामने सुनवाई के लिए लगी थी। जस्टिस शर्मा के फैसले के बाद जस्टिस सिंह ने कहा कि इसे 24 जुलाई को किसी ऐसी डिविजन बेंच के सामने सुनवाई के लिए लगाया जाए, जिसमें जस्टिस अमित शर्मा शामिल न हो। इससे पहले जस्टिस शर्मा ने 4 जुलाई को ऐसा एक और फैसला लिया था। उन्होंने 2020 के सांप्रदायिक दंगों के संबंध में कथित बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में दाखिल जमानत याचिकाओं पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। इस मामले में स्टूडेंट एक्टिविस्ट रहे शरजील इमाम और उमर खालिद समेत तमाम अन्य लोग आरोपी हैं।

**उमर खालिद की जमानत याचिका पर होनी थी सुनवाई**

**NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात**

### क्यों सुनवाई से अलग हो जाते हैं जज

एक जज का किसी मामले की सुनवाई से खुद को अलग करना नकारात्मक नहीं, बल्कि कानून की निष्पक्षता का प्रमाण है। जज के इस फैसले के कई वजहें होती हैं। जज को अगर किसी केस में लगता है कि उसमें उसके द्वारा सुनवाई से वादी या प्रतिवादी का हित प्रभावित हो सकता है, तो वह खुद को ऐसे केस की सुनवाई से अलग कर लेता है।









1.0L Turbo Boosterjet Engine with Progressive Smart Hybrid | 360 View Camera | Head Up Display | NEXTre' Rear Combination Lights | In-Built Suzuki Connect | Wireless Charger

CONTACT YOUR NEAREST NEXA DEALER: WEST DELHI: **NEXA DWARKA SECTOR 9** (MAGIC AUTO PH: 7290075604), **NEXA RAJOURI GARDEN** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525750), **NEXA MOTI NAGAR** (AAA VEHICLEADES PVT. LTD. PH: 8448993400), **NEXA DWARKA SECTOR 14** (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 7290091136), **NEXA PUNJABI BAGH** (DD MOTORS (A DIV. OF DD INDUSTRIES LTD) PH: 9081900800), **NEXA MAYAPURI** (SHREYASH AUTOMOTIVES PH: 9811876876), EAST DELHI: **NEXA PREET VIHAR** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290091122), **NEXA AKSHARDHAM** (FAIR DEAL PREMIUM WHEELS PRIVATE LIMITED PH: 9999525161), **NEXA PATPARGANJ** (MAGIC AUTO PH: 8929400503), **NEXA DILSHAD GARDEN** (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 8377007962), **NEXA GOKULPURI** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9870194313), CENTRAL DELHI: **NEXA DARYAGANJ** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 8929200160), SOUTH DELHI: **NEXA SAFDARJUNG ENCLAVE** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 7290099520), **NEXA OKHLA PHASE 1** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 011-42900000, 7065074531), **NEXA EAST OF KAILASH** (RANA MOTORS PVT. LTD. PH: 9999788886), **NEXA LAJPAT NAGAR** (SINGLA LINK AGENCY PH: 9818199367), NORTH DELHI: **NEXA WAZIRPUR** (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 9811478982), **NEXA ROHINI SEC 10** (JAGMOHAN AUTOMOTIVES PVT. LTD. PH: 8685005668), **NEXA NARELA** (DD MOTORS (A DIV. OF DD INDUSTRIES LTD. PH: 9081900800), **NEXA PITAMPURA** (SHREYASH AUTOMOTIVES PH: 9811823823), **NEXA GT KARNAL ROAD** (RANA MOTORS PVT. LTD. PH: 7289999111), NOIDA: **NEXA NOIDA SECTOR 137** (MAGIC AUTO PH: 9818444482), **NEXA SECTOR 1** (ROHAN MOTORS PH: 9313520782), **NEXA SECTOR 63** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9313520782), **NEXA SECTOR 10** (FAIR DEAL PREMIUM WHEELS PRIVATE LIMITED PH: 9582232415), GREATER NOIDA: **NEXA IND AREA GR. NOIDA** (ROHAN MOTORS LTD. PH: 8376800044), **NEXA GOLDEN I GR. NOIDA** (RANA MOTORS PH: 9355833700), MANESAR: **NEXA IMT MANESAR** (PLATINUM MOTOCORP PH: 9020990209), GHAZIABAD: **NEXA INDUSTRIAL AREA SITE 3** (REGENT AUTOLINKS PVT. LTD. PH: 9873179917), **NEXA SAHIBABAD** (MOTORCRAFT SALES PVT. LTD. PH: 8130582222), **NEXA MEERUT ROAD** (ROHAN MOTORS LTD. PH: 9871179638), **NEXA AMBEDKAR ROAD** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9873414333), FARIDABAD: **NEXA BATA CHOWK** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9599814777), **NEXA MATHURA ROAD** (PASCO AUTOMOBILES PH: 9999120572), **NEXA NIT** (BVA AUTO PVT. LTD. PH: 0129-4121212), **NEXA SEC. 55 BALLABHGARH** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9992221377) PALWAL: **NEXA PALWAL CENTRAL** (AUTONATION (A UNIT OF TAYAL INDIA MOTORS) PVT. LTD. PH: 9311864040), GURUGRAM: **NEXA MG ROAD** (PASCO AUTOMOBILES PH: 9711290001), **NEXA RAJIV CHOWK GURUGRAM** (RANA MOTORS PVT. LTD. PH: 8929268142), **NEXA SECTOR 29 GURUGRAM** (TR SAWHNEY AUTOMOBILES PH: 9999525740), **NEXA INFOCITY SECTOR 34** (COMPETENT AUTOMOBILES PH: 8377007987), **NEXA UDYOG VIHAR** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9205899721), **NEXA 6 IDC, GURUGRAM** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 0124-4440000, 7065074501), SOHNA: **NEXA SOHNA** (PASCO AUTOMOBILES PH: 9899961000), REWARI: **NEXA DELHI ROAD** (DINCO 4 WHEELS LLP PH: 7082100301), NARNAUL: **NEXA KAILASH NAGAR NARNAUL** (PLATINUM MOTO CORP PH: 9053088401), BULANDSHAHAR: **NEXA BHOOR CROSSING** (SKUNIVERSE AUTOMOBIL PVT. LTD. PH: 8865960000).

Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)

*Terms and conditions apply. Offer valid for select models/variants and in select states only. Accessories and features shown may not be part of standard equipment and may vary from variant to variant. Images used are for illustration purpose only. Appearance of black shade on glass is due to lighting effect. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw the offers at any point in time without any advance notice.

### काफी समय बाद राजधानी के अधिकांश इलाकों में बारिश हुई

# पहले दिन बरसा सावन, थमते ही उमस वाली गर्मी ने किया परेशान

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**सोमवार को** सावन के साथ ही राजधानी में बारिश का दौर फिर से शुरू हो गया है। सुबह की शुरुआत जहां उमस के साथ हुई, वहीं दोपहर के समय कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। बारिश के थमने के बाद शाम को एक बार फिर उमस वाली गर्मी ने लोगों को परेशान किया। झमाझम बारिश के ऐसे स्पैल अभी दो दिन और आ सकते हैं। हालांकि इसकी वजह से तापमान में अधिक कमी नहीं आएगी।

**कई जगहों पर एक घंटे तक हुई तेज़ बारिश से जलभराव**

सावन को रिमझिम बारिश के लिए जाना जाता है। हालांकि बीते कुछ साल में सावन के दौरान रिमझिम बारिश की जगह बौछारों का ट्रेंड देखने को मिलता है। सोमवार सुबह के समय उमस भरी गर्मी थी। करीब एक बजे तक गर्मी ने लोगों को परेशान किया। इसके बाद काले बादल छा गए। बादलों के साथ ही बारिश शुरू हो गई। कई इलाकों में एक से डेढ़ घंटे तक बारिश जारी रही। अच्छी बात यह थी कि काफी समय बाद राजधानी के अधिकांश इलाकों में बारिश हुई। अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से एक डिग्री अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से दो डिग्री अधिक है। हवा में नमी का स्तर 65 से 100 प्रतिशत रहा। मौसम विभाग के अनुसार सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक दिल्ली (सफदरजंग) में 31.4 एमएम, पालम में 8.9 एमएम, लोदी रोड में 26.6 एमएम, रिज में 27.8 एमएम, आया नगर में 13.6 एमएम, डीयू में 40 एमएम, पूसा में 53 एमएम, नजफगढ़ में 24 एमएम, पीतमपुरा में 49 एमएम बारिश हुई।

पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रह सकता है। बारिश को लेकर मंगलवार व बुधवार को येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, बुधवार को बादल छाए रहेंगे। हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रह सकता है। वहीं, 25 से 28 जुलाई तक बादल छाए रहेंगे। हल्की बारिश रहेगी।

Surender Kumar



सोमवार को दोपहर के समय दिल्ली के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई

### तीन दिन बाद हवा हुई काफी साफ

तीन दिन बार राजधानी की हवा काफी साफ हो गई है। प्रदूषण का स्तर कम होकर संतोषजनक स्तर पर पहुंच गया है। अब अगले कुछ दिनों तक प्रदूषण का स्तर यही रह सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एयर बुलेटिन के अनुसार सोमवार को राजधानी का एक्यूआई 85 रहा। फरीदाबाद का 100, गाजियाबाद का 83, ग्रेटर नोएडा का 118, गुरुग्राम का 142 और नोएडा का 68 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 23 से 25 जुलाई तक प्रदूषण का स्तर संतोषजनक बने रहने के आसार हैं। सोमवार को हवाएं साउथईस्ट दिशा से चलीं। इनकी गति 8 से 16 किलोमीटर प्रति घंटे रही।

## पीडब्ल्यूडी एरिया में 35 जगहों पर पानी भरा

■ **प्रस, नई दिल्ली : सोमवार दोपहर** को हुई बारिश के बाद पीडब्ल्यूडी के करीब दो दर्जन से अधिक इलाकों में जलभराव की समस्या हो गई। करोल बाग मेट्रो स्टेशन, आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन, ढांसा बस स्टैंड, नजफगढ़ सोम बाजार सहित करीब 35 जगहों पर जलभराव रहा। इन सभी जगहों से पानी निकासी के लिए पीडब्ल्यूडी ने अस्थायी पंप लगाया था। इस बार किसी अंडरपास के जलभराव की समस्या नहीं रही।

पीडबल्यूडी अफसरों के अनुसार आधे घंटे के बारिश में ही कई इलाकों में जलभराव की समस्या खड़ी हो गई। पीडब्ल्यूडी कंट्रोल रूम में 35 जगहों पर लोगों ने जलभराव की शिकायत दर्ज कराई। बारिश के दौरान करोल बाग मेट्रो स्टेशन, आदर्श नगर मेट्रो स्टेशन, ढांसा बस स्टैंड, नजफगढ़ सोम बाजार, नजफगढ़ फिरनी, जहांगीरपुरी, संजय एन्क्लेव, नजफगढ़ सीआरपीएफ कैंप, लिबासपुर, रोहिणी सेक्टर-15, आनंद पर्वत गली नंबर-10, खेड़ा मोड़, ढांसा बस स्टैंड, नांगलोई-टिकरी बॉर्डर, कीर्ति नगर, मुडका, राजधानी पार्क, विष्णु गार्डन में जलभराव की समस्या रही। पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार इस बार किसी अंडरपास में जलभराव की शिकायत नहीं आई है।

### कई जगहों पर टूटे पेड़

कई जगहों पर लोगों को पेड़ टूटने की वजह से दिक्कतों का सामना करना पड़ा। एमसीडी ने भले ही 12 जोनों के अलावा एक सेंट्रल कंट्रोल रूम बनाया हुआ है, लेकिन एमसीडी के पास अलग-अलग जोन के तहत आने वाली कॉलोनियों में होने वाले जलभराव और पेड़ आदि टूटने की कोई जानकारी नहीं है। जब पीएंडआई विभाग से बात की गई तो उन्होंने माना कि जोनों से जलभराव से संबंधित कोई सूचना नहीं मिल रही है। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर वहां का डेटा भी लिया जाएगा।



झील एक बार फिर पानी के लिए तरसती नज़र आ रही है

## वेलकम शाहदरा झील का काम दो साल से ठप

Rajesh.saroha@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** एमसीडी के एकीकरण के बाद वेलकम शाहदरा झील को आगे होने वाले डिवेलपमेंट और मेंटिनेंस आदि के लिए इंजीनियरिंग विभाग से लेकर उद्यान विभाग को हैंडओवर कर दिया गया था, लेकिन अब तक उद्यान विभाग ने झील की सुध नहीं ली। इस कारण झील एक बार फिर पानी के लिए तरसती नजर आ रही है। झील के अंदर जंगली घास उग आई है। इससे झील तैयार करने पर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा खर्च किए गए लगभग 15 करोड़ की धनराशि पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

एमसीडी को केंद्र सरकार की अमृत योजना के तहत झील को दोबारा जीवित करने के लिए 15 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई थी। इंजीनियरिंग विभाग ने इस धनराशि का इस्तेमाल करके झील तैयार करने के साथ-साथ उसकी चारदीवारी कर दी। इसके अलावा, झील में पानी भरने के लिए करीब एक करोड़ की धनराशि खर्च करके एक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी बना दिया। एसटीपी के बराबर में ही एक प्रशासनिक ब्लॉक भी बनाया गया। उद्घाटन से पहले झील में पानी भर दिया गया, लेकिन इसके बाद झील लगातार सूखती चली गई, क्योंकि यहां लगा एसटीपी प्लांट बंद हो गया। एमसीडी अधिकारियों ने बताया कि झील को फिलहाल नवीन शाहदरा एच-ब्लॉक में बने पंप हाउस से ही पानी मिल रहा था। जो झील भरने के लिए काफी नहीं है।

## डायबिटीज़ से होने वाली गंभीरता हो सकती है कम : AIIMS

■ **विस, नई दिल्ली :** एम्स ने डायबिटीज कंट्रोल करने और इसकी वजह से होने वाली सीवियरिटी कम करने के लिए तकनीकी आधार पर डॉक्टर्स के लिए गाइडलाइंस तैयार की हैं। लगभग एक दशक की स्टडी के बाद एम्स के रिसर्चर ने दावा किया कि इस तकनीक से डायबिटीज की वजह से होने वाली किडनी, आई और नर्व पेन की सीवियरिटी को 32 पर्सेंट तक कम किया जा सकता है। यही नहीं, ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को भी कम किया जा सकता है। साथ ही 28 पर्सेंट तक हार्ट डिजीज को भी कंट्रोल कर सकते हैं।

एम्स के इंडोक्रोनोलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. निखिल टंडन ने बताया कि देश में डायबिटीज की जांच, इलाज, मैनेजमेंट में कई स्तर पर कमियां रह जाती हैं। ऐसे में इस इंप्रूवमेंट स्ट्रेटजी पर काम शुरू किया, यह साउथ एशिया की पहली इतनी लंबी रिसर्च स्टडी है।

## अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई के आदेश

■ **विस, नई दिल्ली:** मेयर शैली ओबरॉय ने करोल बाग जोन के तहत आने वाले वॉर्ड संख्या-86 में ईस्ट पटेल नगर और वेस्ट पटेल नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। मेयर ने नागरिकों से ईस्ट पटेल नगर में अनधिकृत पार्किंग, रोड पर पड़े कूड़े, मलबे के ढेर और अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की।

मेयर ने अधिकारियों को टैंक रोड पर अनधिकृत पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनधिकृत पार्किंग की वजह से लोगों को काफी परेशानी होती है, अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि क्षेत्र में कहीं पर भी अनधिकृत पार्किंग न हो।

## PUC पर LG से हस्तक्षेप की मांग करेंगे डीलर्स

■ **विस, नई दिल्ली :** दिल्ली में पिछले एक हफ्ते से सैकड़ों प्रदूषण जांच केंद्र बंद हैं। दिल्ली सरकार हड़ताल कर रहे पेट्रोल पंप डीलरों के खिलाफ एक्शन लेने का सोच रही है। वहीं, डीलरों ने अब एलजी ऑफिस का दरवाजा खटखटाने का निर्णय लिया है। सोमवार को दिल्ली पेट्रोल डीलर्स असोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग हुई। मीटिंग में एकमत से यह निर्णय लिया गया कि जब तक बातचीत का रास्ता नहीं खुलता है, तब तक डीलर्स लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को उठाते हुए अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। साथ ही असोसिएशन एलजी को भी अप्रोच करके उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करेगी।


## ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

■ **विस, नई दिल्ली :** संत निरंकारी मिशन के संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन ने सोमवार को लाजपत नगर स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया। इसमें 57 यूनिट रक्तदान किया गया। कैंप का उद्घाटन मिशन के केंद्रीय योजना एवं सलाहकार बोर्ड के सदस्य एससी तलवार ने किया। इस मौके पर लाजपत नगर शाखा के संयोजक डॉ. विजय कुमार, जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रवीण कुमार मौजूद रहे। कैंप में एम्स से टीमें आई थी। संत निरंकारी चैरिटेबल फांउडेशन पूरे साल ऐसे कैंप का आयोजन करता है।

## MCD ने माना, ज़ब्त की गई 328 गाड़ियों को बेचने में नहीं माने नियम

■ विशेष संवाददाता, कड़कड़डूमा कोर्ट

AI Image



**एमसीडी शाहदरा** साउथ जोन के अधिकारियों ने माना कि एमसीडी द्वारा जब्त की गई 328 गाड़ियों को बेचने के लिए नियमों का पालन नहीं किया। इससे एमसीडी को लाखों रुपये का रेवेन्यू लॉस हुआ। एमसीडी अधिकारियों ने जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर को बताया कि इस मामले में 15 मई 2024 को लाइसेंस इंस्पेक्टर मुकेश शर्मा, सुभाष चंद, विनय और यशवीर सिंह सहित चार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में मेट्रोपॉलिटन मैजिस्ट्रेट छाया त्यागी की अदालत में सचिन मीणा द्वारा कंप्लेंट केस फाइल किया गया था। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पटपड़गंज पुलिस से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है।

**अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पटपड़गंज पुलिस से एक्शन टेकन रिपोर्ट मांगी है**

अदालत में दाखिल किए गए कंप्लेंट केस में शाहदरा साउथ जोन के डिप्टी कमिश्नर और प्रशासनिक अधिकारी के अलावा लाइसेंस इंस्पेक्टर पंकज कुमार और ओम सिंह चौहान को पार्टी बनाया था। शिकायत में कहा गया कि एमसीडी अधिकारियों ने शाहदरा साउथ जोन से साल 2010 से लेकर 2021 तक सैकड़ों की संख्या में गाड़ियां जब्त की। जब्त की गई गाड़ियों को झिलमिल, शास्त्री पार्क, त्रिलोकपुरी, वीथ्रीएस पार्किंग और सीबीडी ग्राउंड स्थित स्टोरों पर रखा गया। जब्त की गई गाड़ियों में कार, ऑटो, विक्रम, ओमनी वैन, दो पहिया वाहनों में बाइक और स्कूटी के अलावा एमसीडी के कई ट्रक भी शामिल थे। जिन्हें कंडम होने के कारण स्टोर पर खड़ा किया गया था। नीलामी में सिर्फ झिलमिल स्टोर पर खड़ी 281 गाड़ियों को ही दिखाया गया। बाकी 328 गाड़ियों का कोई अतापता नहीं है।

अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे मामले की जांच कर पुलिस से स्टेटस रिपोर्ट तलब की। सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया। जांच अधिकारी ने पटपड़ंज स्थित शाहदरा साउथ जोन ऑफिस पहुंचकर अलग अलग कई अधिकारियों के बयान रेकॉर्ड किए। जांच में पता चला कि डिटी कमिश्नर अंशुल सिरोही द्वारा चार लाइसेंस इंस्पेक्टर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

## पंजाबी बाग गोलचक्कर से प्रेमबाड़ी पुल तक रिंग रोड होगी दुरुस्त

■ प्रमुख संवाददाता, नई दिल्ली

पंजाबी बाग गोल चक्कर से प्रेमबाड़ी पुल तक रिंग रोड के करीब 4 किमी हिस्से में फुटपाथ और जर्जर सड़क को दुरुस्त किया जाएगा। सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने इस परियोजना पर मंजूरी दी।

**आतिशी ने इस परियोजना को दी मंजूरी**

पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी के अनुसार दिल्ली की सड़कों को सुरक्षित और सुंदर बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने जो योजना शुरू की है, उसी के तहत एक-एक सड़क के लिए अपग्रेडेशन प्लान बनाया जा रहा है। नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली स्थित रिंग रोड के पंजाबी बाग गोलचक्कर से प्रेमबाड़ी पुल तक का स्ट्रेच काफी महत्वपूर्ण हिस्सा है। रोजाना इस हिस्से से लाखों गाड़ियां गुजरती हैं। लेकिन, रोड के इस हिस्से में कई जगह सड़कें टूटी हुई हैं। कुछ जगहों पर रोड के बीच में दरारें भी हैं। ऐसे में पीडब्ल्यूडी ने एक्सपर्ट्स से सड़क का इंस्पेक्शन करवाया और जर्जर हिस्से को ठीक करने के लिए प्लान बनाया, जिस पर सोमवार को मंजूरी दी गई है।

## महरौली के गांवों के विकास में ₹10 करोड़ किए जा रहे खर्च: गोपाल राय

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली



**गांवों के** विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए दिल्ली सरकार ने महरौली विधानसभा में सोमवार को विकास सभा का आयोजन किया। इस मौके पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। महरौली विधानसभा के गांवों में लगभग 10 करोड़ रुपये से विकास कार्य किए जा रहे हैं। ग्रीन एरिया बढ़ाने के लिए 11 जुलाई से पौधे लगाने और पौधे बांटने के कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इसी के तहत लोगों को विकास सभा के दौरान पौधे बांटे गए। उन्होंने बताया कि इस साल 7 लाख 74 हजार से ज्यादा पौधे बांटे जा रहे हैं। इस साल कुल 64 लाख से ज्यादा पौधे लगाने का टारगेट है। लोगों को इसी वजह से पौधे बांटे जा रहे हैं ताकि वह भी इस अभियान में हिस्सा ले सकें।

उन्होंने बताया कि गांव में विकास सुनिश्चित करने के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड का गठन किया था। गांव के विकास के लिए इस साल 900 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। इसके तहत गांव में विकास किया जा रहा है। 10 करोड़ रुपये से महरौली विधानसभा के गांव में विकास हो रहा है।

## SI से मारपीट का आरोप, एक अरेस्ट

■ **एनबीटी न्यूज, जनकपुरी:** हॉर्न बजाकर साइड मांगना एक एसआई को भारी पड़ गया। दावा है कि शराब के नशे में दो लोगों ने पहले एसआई की कार का शीशा तोड़ा फिर मारपीट की। एक आरोपी मौके से फरार हो गया। दूसरे को एसआई ने पब्लिक की मदद से पकड़ लिया। पुलिस ने एसआई के बयान पर केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी की पहचान जनकपुरी निवासी इंद्रपाल के रूप में हुई। पुलिस दूसरे साथी की तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विक्रांत सिंह की तैनाती जनकपुरी थाने में है। 20 जुलाई को जॉइंट सीपी के ऑफिस में आए थे। शाम 7.30 बजे वह ऑफिस से निकलकर ड्यूटी के निकले। सूरजमल कॉलेज के गेट के पास दो गाड़ी गलत तरीके से खड़ी हुईं थीं। जिससे लोगों को दिक्कत हो रही थी। एसआई ने साइड देने के लिए हॉर्न बजाया। आरोप है कि हॉर्न बजाते ही एक व्यक्ति कार की तरफ आया और मुक्का मारकर कार का शीशा तोड़ दिया। दूसरा साथी भी आ गया। आरोपियों ने पीछा कर एसआई को रोका और उनके साथ मारपीट की।

## हाई लेवल कमिटी कर रही T-1 हादसे की जांच

### मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन ने दिल्ली हाई कोर्ट को दी जानकारी

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

File



**यह पता** चलने पर कि आईजीआई एयरपोर्ट पर 28 जून को टी-वन पर हुए हादसे के संबंध में एक हाई लेवल एक्सपर्ट कमिटी बनाई गई है, दिल्ली हाई कोर्ट ने उस जनहित याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी, जिसमें जांच की मांग की गई। भारी बारिश के बीच छत का एक हिस्सा गिरने से यह हादसा हुआ था, जिसमें एक टैक्सी ड्राइवर की मौत हो गई।

**28 जून को IGI एयरपोर्ट पर हुआ था हादसा, एक मौत भी हुई थी**

यूनियन एविएशन मिनिस्ट्री ने एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला को बताया कि अधिकारियों ने कई कदम उठाए हैं, जिसमें आईपीसी के तहत एफआईआर दर्ज करना शामिल है। आईआईटी के इंजीनियरों वाली एक्सपर्ट समिति इस मामले में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस पर बेंच ने कहा कि उठाए गए कदमों के मद्देनजर, मौजूदा रिट याचिका पर कार्यवाही बंद की जाती है। सिविल सेफ्टी काउंसिल ऑफ इंडिया ने मामले में याचिका दायर कर बिल्डिंग निर्माण की गुणवत्ता, इस प्रोजेक्ट की मंजूरी और और सिविल एजेंसियों से मंजूरी का आकलन करने के लिए एक्सपर्ट इंजीनियरों या सीबीआई जैसी एजेंसी की अध्यक्षता में एक मल्टी डिसिप्लिनरी स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम से जांच कराने की मांग की थी। जांच में सहयोग से जुड़ी याचिकाकर्ता की मांग हाई कोर्ट ने ठुकरा दी। कोर्ट ने कहा कि आईआईटी-दिल्ली है, जो अपने आप में काफी अच्छा है। जहां तक रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से जुड़ी मांग है तो याचिकाकर्ता आरटीआई एक्ट के तहत रिपोर्ट के लिए आवेदन कर सकता है। संबंधित मंत्रालय की ओर से पेश वकील ने कोर्ट से कहा कि समिति बनाने के अलावा, मंत्रालय ने सभी एयरपोर्ट संचालकों को हवाई अड्डों की संरचनात्मक स्थिरता के संबंध में आईआईटी और एनआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा तीसरे पक्ष से ऑडिट कराने का भी निर्देश दिया है।

## हेल्थ कैंप में 82 ने किया ब्लड डोनेट

■ **स, नई दिल्ली :** जय हिंद सेवादार समिति की तरफ से रविवार को प्रीत विहार में एक हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसमें 82 लोगों ने ब्लड डोनेट किया, जिन्हें गिफ्ट भी दिए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद हर्ष मल्होत्रा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह समिति ब्लड डोनेशन कैंप लगाकर जो कार्य कर रही है उसके लिए मैं समिति के सभी सदस्यों की सराहना करता हूं। लोगों से अपील है कि वह ब्लड डोनेट जरूर करें, क्योंकि आपका खून किसी की जिंदगी बचा सकता है। इस कैंप में 100 बार ब्लड डोनेट करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

AI Image



## इंद्रलोक में 25 साल से लग रहे कांवड़ कैंप पर विवाद, पुलिस ने दी दूसरी जगह

■ **विस, इंद्रलोक:** इंद्रलोक एरिया में पिछले तीन दिन से आयोजकों और पुलिस के बीच कांवड़ शिविर को लेकर चल रही रस्साकशी में आपसी सहमति नहीं बन सकी। आयोजकों का दावा है कि इंद्रलोक में जिस जगह पर पिछले दो दशक से भी अधिक समय से शिविर लग रहा था, उस जगह को पुलिस ने संवेदनशील कह कर इस बार कांवड़ शिविर नहीं लगने दिया।

जबकि पुलिस का कहना है ट्रैफिक की आवाजाही पर किसी तरह का असर न पड़े इसलिए शिविर को थोड़ा अलग हटके लगाने को कहा गया था। इस मामले में विवाद उस समय और गहरा गया जब दूसरे समुदाय के एक शख्स की तरफ से कावड़ शिविर नहीं लगने देने की धमकी दे डाली। जिस पर पुलिस ने संज्ञान ले लिया। आखिरकार आयोजक सामान को ट्रक में लोड करके वहां से पलायन कर गए। आयोजकों का दावा है कि 25 साल से शिविर वहां लग रहा है। पुलिस ने जो वैकल्पिक जगह दी हैं, उनमें एक जगह बरसात में जलभराव हो जाता है, जबकि दूसरी जगह शास्त्री नगर की तरफ जाने वाली रोड है।

**पुलिस ने संवेदनशील कहकर शिविर नहीं लगने दिया: आयोजक**

### ट्रैफिक पर न पड़े असर, इसलिए बदली जगह: DCP

**उत्तरी जिले के डीसीपी मनोज कुमार मीना ने कहा कि कावड़ कैंप से एक रोड का ट्रैफिक पूरी तरह बंद हो जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन की लोकेशन पर दो-तीन जगहों का सर्वे हुआ। जहां पर सर्विस लेन मौजूद है। वहां पर लगाने को कहा था, ताकि सर्विस लेन पर कावड़ लग जाए। आज एक साइट की ऐप्लिकेशन मिली। उसकी परमिशन दे दी है।**


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना – ई–टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र स | निविदा सूचना सख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-SIDE PATHWAY-MB Date 22.07.2024 | सहायक अधि. अभि. पुल/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में पुल संख्या - 32/SL (5X18.3+1X26.50), 32-A/SL (1X61.00), 124/SL (2X6.1+2X12.2), 125-A/SL (5X12.2), 132/SL (3X12.2) on HPU-KJY section & 8-A/SL (4X12.2), 12-A/SL (1X45.7), 45/SL (5X13.90), 64/SL (3X12.2), 65/SL (1X12.2) on GJL-MZM section & 4-A/SL (3X12.2), 16/SL (2X30.5) on NBD-KTW section & 9/SL (10X18.30), 19/SL (1X18.30), 36/SL (3X18.30), 46/SL (1X18.30) पर साइड पाथवे प्रदान करने का कार्य। | रु. 22954345.24 | रु. 264800/- | 8 (आठ) महीने | दिनांक 16.08.2024 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजें के पश्चात् |

**नोट** : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है। **2224/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन**

छठा तल, बी. विंग, विकास भवन-2, सिविल लाईन्स
नई दिल्ली-110054 - दूरभाष 011-23812902 / 03

F.No.F1-/13/2023-Estt./recruitment for telemanas

**भर्ती की प्रक्रिया रद्द होने के संबंध में**

**16.03.24** को प्रकाशित विज्ञापन के संबंध में सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत टेलीमानस कार्यक्रम के लिए विभिन्न पदों के वॉक-इन इंटरव्यू रद्द कर दिए गए हैं।

कृते
**मिशन निदेशक**
**दिल्ली राज्य स्वास्थ्य मिशन**

DIP/Shabdarth/Classified/0133/24-25



**झारखण्ड सरकार**

ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर
rwdjamshedpur@gmail.com
ई–अल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–अल्पकालिन पुनर्निविदा संख्या:- **02/2024-25/RI/STPKG/RWD/EE/JSR** दिनांक :- **20.07.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर द्वारा निम्न विवरण के अनुसार **e-procurement** पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/EE/JSR/STPKG/18/2023-24 | कालिकापुर से बेरहाकाटा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–5.280 कि0मी0) | 3,59,13,200.00 | तीन करोड़ उन्सठ लाख तेरह हजार दो सौ रू0 मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | L063 सोनापोस से पथारभेजा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–3.300 कि0मी0) | 1,82,70,300.00 | एक करोड़ बिरासी लाख सतर हजार तीन सौ रू0 मात्र | | |
| | | ग्वालकाटा बडघुटू चौक से ग्वालकाटा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–2.650 कि0मी0) | 1,37,19,200.00 | एक करोड़ सैंतीस लाख उन्नीस हजार दो सौ रू0 मात्र | | |
| | | L063-T03 से टूटकूघुटू तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–3.400 कि0मी0) | 2,05,76,700.00 | दो करोड़ पाँच लाख छिहतर हजार सात सौ रू0 मात्र | | |
| | | L119 हाता–जादूगोड़ा रोड से छोटा सिगदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–1.800 कि0मी0) | 1,10,67,500.00 | एक करोड़ दस लाख सड़सठ हजार पाँच सौ रू0 मात्र | | |
| | | L049 हाता–जादूगोड़ा रोड से कमलपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं–7.100 कि0मी0) | 3,90,23,000.00 | तीन करोड़ नब्बे लाख तेईस हजार रू0 मात्र | | |
| | | कुल | 13,85,69,900.00 | तेरह करोड़ पचासी लाख उन्हतर हजार नौ सौ रू0 मात्र | | |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 25.07.2024।
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 07.08.2024 अपराहन 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि jharkhandtenders.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन मोड में स्वीकार की जाएगी।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर, ब्लॉक–करनडीह, थाना–परसुडीह, जमशेदपुर, झारखण्ड, पिन–831002।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0657–2298902।
8. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर**

PR 330283 REO(24-25)D



***INSTITUTE OF HUMAN BEHAVIOUR & ALLIED SCIENCES (IHBAS)***
*Hospital based autonomous academic Institute, under Government of National Capital Territory of Delhi, dealing with*
***"Brain - Mind Problems & their Solutions"***
Dilshad Garden, Delhi 110 095 (India), Tel.: 2259 7750
E-mail: purchaseihbas@gmail.com; website: www.ihbas.delhigovt.nic.in

**F.No.14/22/PS(G)/IHBAS/2023/143** **Dated: 19.07.24**

**NOTICE INVITING TENDER**

The following tenders will be uploaded on the E-procurement site (**http://govtprocurement.delhi.gov.in**) of Delhi Govt./ GeM portal/IHBAS website:-

| S. No. | Name of items | Uploading Site |
|---|---|---|
| 1. | Tender for General Pest Control Services | GeM portal |
| 2. | Tender for Hiring of Chartered Accountant Services | E-procurement portal |
| 3. | Tender for Supply of Milk and Paneer | E-procurement portal |
| 4. | Tender for supply of Dietary items (Cereals, Spices, etc.) | IHBAS website |

Interested firms/suppliers may please see the detailed Terms & Conditions of the respective Tender from the above mentioned sites before submission of the tender.

Sd/-
**OIC Purchase (Non-Medical)**
**Joint Director (Admin.)**
DIP/Shabdarth/Classified/0134/24-25



**e-Procurement Cell**
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
SPECIAL WORKS DIVISION, BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
Ranchi

**e-Procurement Notice (Very-Very Short Notice)**
**Tender Reference No:- BCD/EE, Special Works Division, BCD, Ranchi-04/2024-25 Date:-20.07.24**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance Contract of Jharkhand Bhawan, Vasant Vihar, New Delhi (Group -B) for the Period August, 2024 to July, 2025. | Rs. 1,31,65,400.00 | 12 (Twelve) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 24.07.2024 | |
| ii | बिड प्रापित के लिए अन्तिम तिथि/समय | 29.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि/समय | 30.07.2024 को अपराह्न 3.30 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of the Executive Engineer Special Works Division Building Construction Department Ranchi | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8092415503 | |
| vi | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 8092415503 | |

Note:- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://jharkhand tenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders. gov. in
Any Other information can be on Website http:// Jharkhand tenders.gov. in

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer,**
**Special Works Division**
**Building Construction Department,Ranchi .**

PR 330353 Building(24-25)D

# अचानक ब्रेक और एक ज़िंदगी का अंत

## रूट नंबर 939 की DTC की इलेक्ट्रिक बस पिलर नं. 146 से टकराई, 23 ज़ख्मी | अचानक हुई टक्कर के बाद पीछे से आ रहा एक ऑटो भी बस से टकरा गया | लापरवाही से गाड़ी चलाने से हुई मौत का केस दर्ज, एक घायल की हालत गंभीर

**एनबीटी न्यूज, पंजाबी बाग :** शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार सुबह एक बाइक सवार को बचाने के दौरान डीटीसी की इलेक्ट्रिक बस अनियंत्रित होकर मेट्रो पिलर से टकरा गई। अचानक हुई टक्कर के बाद पीछे से आ रहा एक ऑटो भी बस से टकरा गया। हादसे में बस में सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि बस ड्राइवर और कंडक्टर समेत 23 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने 14 लोगों को अग्रसेन अस्पताल, जबकि 10 को आचार्य भिक्षु अस्पताल में भर्ती कराया। आचार्य भिक्षु अस्पताल से आठ लोगों को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। जांच करने के बाद पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने से हुई मौत का केस दर्ज कर लिया है। वहीं, क्राइम और फरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि बस की रिपोर्ट के आधार पर दुर्घटना के कारणों का खुलासा होगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार सुबह 7.42 बजे पंजाबी बाग थाना पुलिस को शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के पास डीटीसी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल की जांच करने पर पता चला कि मंगोलपुरी से आनंद विहार के बीच रूट नंबर 939 पर चलने वाली डीटीसी इलेक्ट्रिक बस मेट्रो पिलर 146 से टकरा गई है, जिससे बस में सवार ड्राइवर राहुल और कंडक्टर समेत कई लोग घायल हो गए हैं। बस ड्राइवर के अचानक ब्रेक लगाने की वजह से एक ऑटो भी बस के पीछे से टकरा गया। घटना में ऑटो में सवार चार लोग घायल हो गए हैं।


वहीं, इलाज के दौरान अग्रसेन अस्पताल में एक महिला यात्री को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान सुल्तानपुरी निवासी सविता (45) के रूप में हुई है। घायलों में 55 वर्षीय शरीफ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना में बस ड्राइवर राहुल भी घायल हुआ है।

**बाइक को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा: पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ड्राइवर से पूछताछ में पता चला कि एक बाइक सवार को बचाने के चक्कर में उसने अचानक ब्रेक लगाई, जिससे बस अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान बस डिवाइडर के बीच में बने मेट्रो पिलर से टकरा गई।**



- मृतक महिला की पहचान सुल्तानपुरी निवासी सविता (45) के रूप में हुई है
- बस ड्राइवर और कंडक्टर समेत 23 लोग घायल हो गए

Surender Kumar



मेट्रो पिलर से टकराई बस



टक्कर से बस के आगे का हिस्सा पूरी तरह हुआ डैमेज

## DTC का दावा, अपनी लेन में थी बस, ओवरस्पीडिंग भी नहीं

**विस, नई दिल्ली :** हादसे के बाद डीटीसी प्रबंधन ने दावा किया है कि बस अपनी लेन में चल रही थी और हादसे के वक्त स्पीड 33 किमी प्रति घंटे की थी, यानी बस ओवरस्पीडिंग नहीं कर रही थी। हादसे के वक्त बस की लोकेशन और उसमें लगे जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस के डेटा के आधार पर यह जानकारी सामने आई है।

डीटीसी अधिकारियों ने बताया है कि हादसे के वक्त रोहिणी निवासी ड्राइवर राहुल के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस और बस चलाने के लिए जरूरी पीएसवी बैज था। उसने पिछले महीने ही नंद नगरी स्थित डीटीसी के ट्रेनिंग स्कूल में एक हफ्ते का स्किल ट्रेनिंग कोर्स किया था। डीटीसी अधिकारियों का कहना है कि बस अपनी लेन में चल रही थी, तभी एक बाइक सवार और एक ऑटो ड्राइवर अचानक साइड से बस के आगे आकर राइट टर्न लेने लगे, जबकि बस सीधी जा रही थी। ऐसे में बस को एकदम से राइट टर्न लेना पड़ा। उसी दौरान बस ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया।

## CCTV में बस के आगे कोई बाइक या ऑटो नहीं, फुटेज ड्राइवर के बयान से मेल नहीं खा रही है

**अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली**

**बस के** अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। एक मिनट नौ सेकंड की विडियो में दिखाई दे रहा है कि बस के आगे कोई बाइक या ऑटो नहीं आया था। बस ड्राइवर एक लेन से चलाते हुए दूसरी लेन में आया और मेट्रो पिलर से टकरा गया। हालांकि शुरुआती जांच के दौरान घायल बस ड्राइवर राहुल ने पुलिस को बताया कि बाइक सवार को बचाने के दौरान हादसा हुआ है। लेकिन बस में लगे सीसीटीवी की फुटेज उसके बयान से मेल नहीं खा रही है। सीसीटीवी में दिख रहा है कि बस अपनी लेन में जा रही है। लेन में चलते-चलते बस अपनी राइट साइड जाने लगी। ऐसा लग रहा है कि ड्राइवर को झपकी आई हो। उसके आस पास से कई वाहन गुजर रहे थे। बस धीरे-धीरे पूरी तरह से राइट साइड के लेन पर आ गई और फिर डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पिलर से टकरा गई। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि हादसे के दौरान भी बस की रफ्तार में कोई कमी नहीं आई थी। वहीं, पुलिस का कहना है कि हादसे के कारणों को लेकर तकनीकी जांच भी की जा रही है।

### 'क्या मरने के बाद ही मदद मिलती है?'

**'साहब हमारे** पास इतने रुपये भी नहीं हैं कि किसी अच्छे अस्पताल में इलाज करवा सकें। आज जान जाते-जाते बची है। हादसे के बाद एक तो अस्पताल वालों ने लापरवाही बरती और दवा देने के बाद कहा कि दो दिन बाद आना। क्या हादसे में मरने के बाद ही मदद होती है?', यह सवाल है माता-पिता के साथ सफर कर रही मंजू का। मंजू गाजीपुर में रहती हैं। मंजू ने बताया कि सुबह वह जिस बस में सवार हुईं, उसमें करीब 40 यात्री थे। पिलर में टकराने के बाद अचानक धमाका हुआ। यात्री एक-दूसरे पर गिरने लगे। किसी के सिर में चोट लगी तो किसी के हाथ-पैर में चोट आई। मंजू ने बताया कि झटका लगने से वह गिर गईं, पैर और पीठ में गहरी चोट लगी, वह चल नहीं पा रही हैं। मंजू की बहन ज्योति ने बताया कि हादसे में बेटी कनक को भी गंभीर चोट आई है।

### 'एक पल के लिए लगा, जान चली गई!'

ऑटो में सवार उस्मान, पत्नी शाहजहां और बेटी नेहा के साथ ड्राइवर शरीफ गंभीर रूप से घायल हो गए। उस्मान के दामाद रहमान ने बताया कि सास को शुगर है। तबीयत ज्यादा खराब होने पर सोमवार सुबह उनके ससुर उन्हें लेकर ऑटो से आरएमएल जा रहे थे। रहमान ने बताया कि उनकी अपने ससुर से बात हुई है। उन्होंने बताया कि एक पल के लिए लगा कि जान चली गई।

### 'सविता ही चलाती थीं पूरे घर का खर्च'

मृतका सविता के दामाद अरुण ने बताया कि सुबह एक रिश्तेदार ने फोन करके बताया कि तुम्हारी सास सविता का एक्सिडेंट हो गया है, जिनको महाराजा अग्रसेन अस्पताल ले जा रहे हैं। अरुण ने बताया कि वह तुरंत पत्नी के साथ अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने उनकी सास सविता को मृत घोषित कर दिया था। उनके सिर में चोट के निशान थे। अस्पताल में ही हादसे की जानकारी मिली थी। सविता एमसीडी में स्वीपर की नौकरी करती थीं। उनकी ड्यूटी नारायणा इलाके में थी। हर रोज की तरह सास बस से ड्यूटी पर ही जा रही थीं। परिवार में उनका एक बेटा विनय है, जिनके दो बेटे हैं। काफी समय पहले उनके पति और एक बेटे का देहांत हो चुका है। पूरे घर का खर्च सविता ही चलाती थीं। वहीं बताया गया कि मदद के लिए लोग चिल्लाने लगे, लेकिन पहले खुद को बचाने के चक्कर में सभी सवारी एक-एक कर बाहर निकल गए। अन्य लोग विडियो बनाते रहे।

### पहले भी हुए हैं ऐसे हादसे

**1 अप्रैल 2024** राजौरी गार्डन रिंग रोड पर बस डिवाइडर पर लगे लोहे के खंभे से टकरा गई थी, 18 लोग घायल हुए थे।

**2 जुलाई 2024** को कीर्ति नगर इलाके में रिंग रोड पर डीटीसी की एक बस पलट गई थी, तब बस में 15 यात्री सवार थे। लेकिन किसी यात्री को कोई चोट नहीं आई थी।




## 10 साल में भारत लौटीं 96 पर्सेंट पुरानी कलाकृतियां

**राम त्रिपाठी, प्रगति मैदान**

**देश में** पिछले 10 साल में पुरातत्व महत्व की 96 पर्सेंट से अधिक कलाकृतियां विदेशों से वापस आई हैं। इन्हें तस्करी के जरिए भारत के बाहर ले जाया गया था। सबसे अधिक कलाकृतियां अमेरिका के अमीर लोगों को बेची गई थी। ये बात दिल्ली में शुरू हुए 46वें वर्ल्ड हैरिटेज सम्मेलन में उभर कर सामने आई है।

यूनेस्को के वर्ल्ड हैरिटेज प्रोग्राम के तहत भारत में पहली बार 21 जुलाई से कॉन्फ्रेंस भारत मंडपम (प्रगति मैदान) में हो रही है। 31 जुलाई तक चलने वाली इस कॉन्फ्रेंस में करीब 150 देश के 2000 से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। भारत मंडपम के फर्स्ट फ्लोर (L2) में विदेश से वापस आई पुरातत्व महत्व की करीब 24 कलाकृतियां विदेशी प्रतिनिधियों के देखने के लिए रखी गई हैं। उनमें 2000-1800 BC (ई.पू.) की मानव रूपी आकृति से लेकर 14वीं-15वीं शताब्दी की बुद्ध की मूर्ति तक शामिल है। दूसरी शताब्दी के शुंग काल की यक्ष की मूर्ति और तीसरी शताब्दी की बनी बुद्ध उपासकों की टूटी मूर्ति भी आकर्षित कर रही हैं।

**ज्यादातर को तस्करी के जरिए भारत से बाहर ले जाया गया था**

आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (ASI) के प्रवक्ता डॉ. टीजे अलोन ने बताया कि 1972 में यूनेस्को कन्वेंशन से जुड़ने के बाद देश की सरकार ने पुरातन व कला संरक्षण अधिनियम (antiquity and art preserve act) 100 साल से अधिक पुरानी चीजों के संरक्षण और विदेशों से उन्हें लाने के उद्देश्य से



बनाया था। 2014 के बाद इस दिशा में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय और केंद्रीय विदेश मंत्रालय के कूटनीतिक प्रयासों से 345 पुरातन कलाकृतियां मिल चुकी हैं। 1976 से लेकर अब तक पुरातत्व महत्व की कुल 359 कलाकृतियां भारत की भूमि में वापस आ चुकी हैं। 2014 से पहले ऐसी 19 कलाकृतियां ही विदेशों से यहां आ पाई थी। विदेशों से आईं कई कलाकृतियों को उन राज्यों को लौटा दिया गया है जहां की वे थी। कई कलाकृतियां पुराने किले के 'पुरातन संग्रहालय' में आम लोगों के देखने के लिए रखी गई हैं। कुछ नेशनल म्यूजियम में भी हैं।

2021 में अमेरिका से एक ही बार में 150 से ज्यादा कलाकृतियां देश में लाई गई थी। 2023 में भी करीब 80 कलाकृतियां अमेरिका से आई हैं। ऑस्ट्रेलिया से 50 से अधिक कलाकृतियां वापस आई हैं।

## सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

विस, नई दिल्ली : सावन की शुरुआत इस बार सोमवार से ही हुई है। सावन के पहले सोमवार पर राजधानी के अधिकांश शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने शिवलिंग का जलाभिषेक करने के लिए कतारों में इंतजार किया। प्रमुख मंदिरों में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की लाइनें लग गईं थीं। झंडेवाला मंदिर में सावन के पहले सोमवार को भगवान शंकर का रुद्राभिषेक किया गया। खास तौर पर मंदिर के अंदर और प्राचीन गुफा वाले शिवालय में भक्तों ने पूरी श्रद्धा के साथ पूजन किया। प्राचीन गुफा वाले शिवालय में सिर्फ उन्हीं भक्तों ने रुद्राभिषेक किया, जिन्होंने इसके लिए पहले से बुकिंग करवाई हुई थी। वहीं, ऊपर बने नए शिवालय में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ थी। यहां भक्त शिवलिंग पर दूध और जल चढ़ा रहे थे।

**मंदिरों में सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई**



## वेलकम 'भोले की फौज'... 185 कैंप में आपके इलाज के होंगे पूरे इंतज़ाम

**विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

- 25 जुलाई तक दिल्ली सरकार के सभी कांवड़ शिविर पूरी तरह से हो जाएंगे तैयार
- मंत्री आतिशी ने कांवड़ यात्रा के लिए की जा रही तैयारियों की दी जानकारी

**दिल्ली में** कांवड़ यात्रियों के स्वागत के लिए दिल्ली सरकार ने भी बड़े स्तर पर तैयारियां की हैं। कांवड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए शहर में जगह-जगह दिल्ली सरकार की तरफ से कांवड़ शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनमें कांवड़ियों के आराम, नहाने, खाने और इलाज की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सोमवार को दिल्ली की राजस्व मंत्री आतिशी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कांवड़ यात्रा के लिए की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

आतिशी ने बताया कि दिल्ली सरकार इस बार पूरी दिल्ली में 185 कांवड़ शिविर लगाने जा रही है। ये शिविर हाई क्वॉलिटी के वॉटरप्रूफ टेंट, पीने का साफ पानी, टॉयलेट, फर्नीचर, पंखे और लाइटिंग और मेडिकल सुविधाओं से लैस होंगे। आतिशी ने कहा कि सावन के पवित्र महीने में शिव भक्तों की सेवा में हमारी ओर से कोई कमी नहीं रहेगी। कांवड़ियों के लिए बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए हम हर जरूरी कदम उठा रहे हैं। दिल्ली में कांवड़ियों का आगमन 25 जुलाई के बाद होगा। अगले दो-तीन दिन में सभी कांवड़ शिविर पूरी तरह से तैयार होंगे। ईस्ट दिल्ली, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली और शहादरा जिले में सबसे ज्यादा शिविर लगाए जा रहे हैं। सबसे ज्यादा 38 कांवड़ कैंप शाहदरा जिले में लगाए जा रहे हैं, जहां से सबसे अधिक संख्या में कांवड़िये दिल्ली में प्रवेश करेंगे। इसके अलावा नॉर्थ ईस्ट दिल्ली में 29, ईस्ट दिल्ली में 22 और सेंट्रल दिल्ली में 19 कांवड़ शिविर लगाए जा रहे हैं।

दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग ने जून से ही कांवड़ यात्रा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी थीं। राजस्व मंत्री और राजस्व विभाग के तमाम वरिष्ठ अधिकारी लगातार मीटिंग और निरीक्षण करके तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

## महंगाई घटे, सस्ती हो एजुकेशन, सेविंग स्कीमें बढ़ें... बजट से उम्मीदें

**सरकार बनने के बाद आज बजट पेश किया जा रहा है। बजट से आम जनता को काफी उम्मीदें हैं। लोगों के अनुसार अब समय है कि चुनाव के दौरान किए गए अपने वादों के मुताबिक सरकार आम जनता को महंगाई से राहत दिलाए। इस बजट से हर वर्ग अपने लिए राहत की आस में है।**

बजट 3.0



ब्यूटी प्रोडक्ट्स का कारोबार है। महंगाई और टैक्स के बोझ तले आमदनी कम हो गई है। तीन लोगों के परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। बचत हो ही नहीं रही है, ऐसे में भविष्य की चिंता भी बनी रहती है। किराये की जगह से कारोबार कर रहे हैं। किराया लगातार बढ़ रहा है। सरकार जीएसटी और अन्य टैक्स से राहत दे। हायर एजुकेशन में मध्यम वर्गीय परिवार को कुछ राहत मिले। - **पवन गोयल, व्यापारी**



महंगाई की वजह से घर चलाना समस्या बन गया है। पहले 30 हजार रुपये में महीने का खर्च चल जाता था। अब 45 हजार भी कम पड़ते हैं। बेसिक सब्जियों की कीमतें आग उगल रही हैं। दूध के दाम बढ़ गए हैं और फल भी बजट के बाहर हो रहे हैं। इसके अलावा बच्चों के स्कूल का खर्च, ट्रांसपोर्ट काफी महंगा हो गया है। कम से कम सेविंग स्कीम कुछ अच्छी घोषित हो जाए। - **भावना तिवारी, होममेकर**



छोटे बिजनेस के लिए बजट में कुछ राहत हो, यही उम्मीद है। छोटे बिजनेस को प्रोत्साहन की जरूरत होती है। उन्हें सरकारी मदद और स्कीमों की जरूरत होती हैं ताकि वह अपने बिजनेस को बूस्ट दे सकें। दिल्ली में बिजनेस करना काफी मुश्किलों भरा हो गया है, कई तरह की पाबंदियां छोटे कारोबारियों के लिए हैं। इसलिए, मदद की जरूरत है। - **पूजा ढींगरा, स्मॉल बिजनेस वुमन**



सीनियर सिटिजन की अक्सर अनदेखी होती है। इनके नाम पर कुछ सेविंग स्कीम जरूर हैं, लेकिन इस उम्र में लोगों के पास सेविंग कहां से होगी, उनके खर्चे ही चल जाएं वही बहुत है। बुजुर्गों के लिए रेलवे रिजर्वेशन में मिलने वाली छूट को फिर से बहाल करने की उम्मीद कर रहे हैं। इसके साथ ही बुजुर्गों से सेविंग पर टैक्स न लिया जाए, इसकी उम्मीद भी कर रहे हैं। -**आर.के. जैन, सीनियर सिटिजन**



सर्विस क्लास का टैक्स सैलरी से अपने आप काट लिया जाता है, लेकिन इस वर्ग के लोगों को सुविधाएं उस अनुरूप नहीं दी जाती हैं। इस बजट में हम उम्मीद कर रहे हैं कि इनकम टैक्स में कुछ राहत मिले। कुछ अच्छी सेविंग स्कीम आए और एजुकेशन के खर्च पर सरकार कुछ लगाम लगाए। जितनी सैलरी नहीं बढ़ती उससे अधिक फीस स्कूलों की बढ़ जाती है। - **लोकेश गर्ग, सरकारी नौकरी**



हायर स्टडीज के लिए एजुकेशन लोन की प्रक्रिया को आसान किया जाए और इसे सस्ता भी किया जाए। हर बच्चे को अच्छी हायर एजुकेशन भी मिल सके और उसे पढ़ाई के लिए विदेश जाने की जरूरत न पड़े। सरकार को कॉलेज बढ़ाने के बारे में भी सोचना चाहिए। वहीं, स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ अर्निंग कर सकें, इस तरह की स्कीम लॉन्च करनी चाहिए। इसके लिए स्टूडेंट्स स्टार्टअप जैसी स्कीमें लॉन्च होनी चाहिए। - **अदिति, स्टूडेंट**




सिडको
शहर बनाए, शहर बसाए

**बोली आमंत्रण सूचना**

**नैना परियोजना के अंतर्गत टीपीएस-8, 9 और टीपीएस-12 में 20 मीटर और उससे अधिक चौड़ी सड़कों का एकीकृत अवसंरचना विकास, विभिन्न प्रमुख और लघु संरचनाओं (जैसे फ्लाईओवर, लघु सेतु, वीयूपीएस, पीयूपीएस आदि) का निर्माण और संबद्ध विद्युत कार्य (स्ट्रीट लाइट)।**

महाराष्ट्र लिमिटेड का सिडको ई-निविदा की प्रक्रिया के माध्यम से अनिवार्य पात्रता मानदंड पूरा करने वाले और परिशिष्ट-I के अनुसार कुल 100 अंकों में से तकनीकी बोली मूल्यांकन में न्यूनतम 75 क्वालिफाइंग अंक स्कोर करने वाले, सिडको लिमिटेड या केंद्र सरकार, या महाराष्ट्र राज्य सरकार तथा इसके उपक्रमों के साथ उचित वर्ग एवं श्रेणी में पंजीकृत अनुभवी संभावित बोलीदाताओं से, जिन्होंने नीचे वर्णित कार्य के लिए नीचे परिभाषित समान प्रकृति के कार्य सम्पन्न किया हो, दो बोली प्रणाली (भाग-I तकनीकी बोली तथा भाग-II वाणिज्यिक बोली) में **'ऑन लाइन'** मद दर प्रतिशत बोलियां आमंत्रित करता है :

**1. कार्य का नाम : नैना परियोजना के अंतर्गत टीपीएस-8, 9 और टीपीएस-12 में 20 मीटर और उससे अधिक चौड़ी सड़कों का एकीकृत अवसंरचना विकास, विभिन्न प्रमुख और लघु संरचनाओं (जैसे फ्लाईओवर, लघु सेतु, वीयूपीएस, पीयूपीएस आदि) का निर्माण और संबद्ध विद्युत कार्य (स्ट्रीट लाइट), 2. सी.ए. क्रमांक:** 01/CIDCO/EE(NAINA-I)/2024-25, **3. बोली की लागत :** रु. 1908,83,17,416.79 (जीएसटी छोड़कर) (रु. 1881,71,70,287.45 बोली योग्य भाग + रु. 27,11,47,129.34 गैर-बोली योग्य भाग), **4. ई.एम.डी. :** रु. 19,09,00,000.00, **5. पंजीकरण वर्ग :** वर्ग-IA (सीमा रहित)-(सिविल), **6. समापन अवधि :** 1825 (एक हजार आठ सौ पच्चीस) दिन (मानसून सहित) **7. निविदा प्रसंस्करण शुल्क :** रु. 70,800.00/- [18% जीएसटी (अप्रतिदेय) सहित]

बोली कार्यक्रम के साथ बोली दस्तावेज 23/07/2024 को 17.01 बजे वेबसाइट mahatenders.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

**अधीक्षण अभियंता (नैना)**

CIN - U99999 MH 1970 SGC-014574
www.cidco.maharashtra.gov.in
सिडको/जनसंपर्क/११५/२०२४-२५

**दिल से दिल्ली** कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन 1956 में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित लेडी इरविन कॉलेज में पढ़ने के लिए आईं थीं।

# क्या रिश्ता है कमला हैरिस का लेडी इरविन कॉलेज से...

*विवेक शुक्ला*

**नई दिल्ली:** वो साल था 1956 का। 16 साल की श्यामला गोपालन मद्रास ( अब चैन्ने) से राजधानी के लेडी इरविन कॉलेज में होम साइंस में डिग्री लेने के लिए आईं थीं। उन्होंने यहां तीन साल के बाद अपनी डिग्री ली और फिर चली गईं अमेरिका। उन्हीं श्यामला गोपालन की बेटी कमला हैरिस के अमेरिका के राष्ट्रपति बनने की संभावनाएं बन रही हैं। फिलहाल अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के परिवार के महत्वपूर्ण कागजात और प्रमाण पत्रों की अलमारी में उनकी दिवंगत मां, डॉ. श्यामला गोपालन के भी बहुत सारे दस्तावेज रखे होंगे। उन कागजातों में, पीले रंग की होती लेडी इरविन कॉलेज की डिग्री भी होगी। अपनी तमाम मसरूफियतों के बाद भी, कमला हैरिस कभी-कभी तो अपनी मां की दिल्ली विश्वविद्यालय की डिग्री को छूकर देखती होंगी। जाहिर है, वो बहुत भावुक पल होते होंगे।

**बाइडन का राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हटने का फैसला**

राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ से हटने का फैसला किया है, तो लग रहा है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति भारतीय मूल की कमला हैरिस हो सकती हैं। बाइडन ने अपनी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के रूप में खड़ा करने का समर्थन किया है।

कमला हैरिस की मां श्यामला गोपालन 1956 में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित लेडी इरविन कॉलेज में पढ़ने के लिए आईं थीं। लेडी इरविन कॉलेज की लाल ईंटों वाली इमारत में बैठकर उन्होंने होम साइंस की पढ़ाई की थी। "कमला हैरिस की मां एक बहुत ही प्रगतिशील तमिल ब्राह्मण परिवार से संबंध रखती थीं । ये समाज



डिग्री लेने के बाद, श्यामला ने अमेरिका से उच्च शिक्षा हासिल करने का फैसला किया

अपनी बेटियों की शिक्षा पर भी बहुत ध्यान देता है। यह बहुत स्पष्ट है क्योंकि उन्होंने श्यामला गोपालन को अपने सपनों को पूरा करने के लिए नई दिल्ली जाने की अनुमति दी," यह बात पूर्व ब्यूरोक्रेट और हिन्दी-तमिल के कवि भास्कर राममूर्ति कहते हैं।

श्यामला के पिता पी.वी. गोपालन सरकारी सेवा में थे और मां होम मेकर थी। गोपालन टाइपिस्ट थे और अपनी लगन और ईमानदारी के सहारे पदोन्नति पाते रहे। वे अपनी नौकरी के सिलसिले में मद्रास, नई दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में रहे। यह अभी भी ज्ञात नहीं है कि कमला हैरिस के दादाजी नई दिल्ली में रहते थे या नहीं, जब उनकी बेटी श्यामला दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ रही थी।


प्रोफेसर आर. राजारमन जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में भौतिकी के एमेरिटस प्रोफेसर थे और वे श्यामला गोपालन के तमिलनाडू में सहपाठी रहे। वे कहते हैं- 'हमारी कक्षा में लड़कियां और लड़के कक्षा के अलग-अलग तरफ बैठते थे। उनमें आपस में बहुत कम बातचीत होती थी। लेकिन श्यामला लड़कों से बात करने से नहीं हिचकिचाती थीं। वह आत्मविश्वास से लबरेज थीं।'

डीयू से 19 साल की उम्र में डिग्री लेने के बाद, श्यामला गोपालन ने अमेरिका से उच्च शिक्षा हासिल करने का फैसला किया। जब पिछले साल नई दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन हो रहा था, तो कुछ अटकलें थीं कि स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते राष्ट्रपति जो बाइडन शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो पाएंगे। उनकी जगह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस दिल्ली का दौरा करेंगी। उस समय आशा थी कि वह अपनी मां के लेडी इरविन कॉलेज में भी जाएंगी। हालांकि, उनकी नई दिल्ली की यात्रा की संभावना तब समाप्त हो गई जब जो बाइडन आखिरकार यहां आए।

अगर कमला हैरिस राष्ट्रपति बनने के बाद नई दिल्ली का दौरा करती हैं, तो वह भारत का दौरा करने वाले अपने देश के डी. आइजनहावर (1959), रिचर्ड एम. निक्सन (1969), जिमी कार्टर (1978), बिल क्लिंटन (2000), बुश (2006), ओबामा - 2010 और 2015, ट्रम्प (2020) और बाइडन (2023) जैसे राष्ट्रपतियों की सूची में शामिल हो जाएंगी।

## मैं 22 साल से स्ट्रगल ही कर रही हूं: नेहा धूपिया

*बॉलिवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया इस वक्त फिल्म 'बैड न्यूज' के कारण सुर्खियों में हैं। फिल्म में वह तृप्ति डिमरी की मौसी के रोल में हैं। अब उन्होंने एक इंटरव्यू में खुलासा किया है कि मैं खुद को दिलचस्प सिनेमा से जोड़ने के लिए 22 साल से संघर्ष कर रही हूं।'*



# डर-डरकर की थी रॉक ऑन की शूटिंग : पूरब कोहली



**ऐक्टर पूरब कोहली को आज भी माय ब्रदर निखिल और रॉक ऑन जैसी शुरुआती फिल्मों के लिए याद किया जाता है। हालांकि, उनका कहना है कि तब बतौर ऐक्टर उनमें बिल्कुल भी आत्मविश्वास नहीं था। अवॉर्ड विनिंग रॉक ऑन तो उन्होंने डर-डरकर की थी। हाल ही में वेब सीरीज 36 डेज में नजर आए पूरब ने हमसे खास बातचीत में ऐसे ही कई रोचक खुलासे किए।**

Upma.Singh@timesofindia.com

**Q इन दिनों आप काफी चुनिंदा काम कर कर रहे हैं। क्या इसकी एक वजह आपका लंदन शिफ्ट होना है?**

नहीं-नहीं, मैं इंडिया काफी आता रहता हूं। साल में कुछ महीने यहीं बिताता हूं। अपने काम को लेकर चूजी मैं हमेशा से रहा हूं। मैं हर काम नहीं करता। ज्यादा काम भी नहीं करता। साल में एक-दो प्रोजेक्ट हो जाए तो मुझे लगता है कि बहुत काम हो गया। मेरे छोटे बच्चे हैं, परिवार है तो मेरी कोशिश होती है कि मैं ज्यादा से ज्यादा वक्त उनके साथ बिताऊं मगर मेरे भीतर का जो कलाकार है, उस बच्चे को भी खुराक देना पड़ता है। इसलिए, काम भी करता रहता हूं पर मेरी सोच ये रहती है कि अगर मैं अपनी फैमिली को छोड़कर जा रहा हूं तो वो काम मुझे खुशी देना चाहिए। मेरे लिए जरूरी है कि वह काम करके मैं उतना ही खुश महसूस करूं जितना घर पर करता हूं।



**Q आपके भीतर का ये जो बच्चा (कलाकार) है, वो अब करीब 26 साल का जवान हो चुका है। आपका पहला शो हिप हिप हुर्रे 26 साल पहले आया था। इतने सालों में वह कितना बदला या बड़ा हुआ है?**

वह बहुत बड़ा हुआ है क्योंकि जब मैंने अपना करियर शुरू किया था, तब मेरी ऐक्टिंग में कोई रुचि नहीं थी। जब हिप हिप हुर्रे बन रहा था तो वे ऐसे ऐक्टर ढूंढ़ रहे थे जिनका कोई अनुभव ना हो। जो एकदम नए चेहरे हों और मेरे पास कुछ करने को था नहीं। मैं कॉलेज के बाद पायलट का कोर्स कर रहा था जिसे मैंने बीच में ही छोड़ दिया था तो उस खाली वक्त को भरने के लिए मैं ऑडिशन देने चला गया था और चुन लिया गया। तब मैंने बिल्कुल नहीं सोचा था कि मैं इसे करियर बनाऊंगा, इसे एंजॉय करूंगा, क्योंकि तब कैमरे के सामने डायलॉग बोलने की बात सुनकर ही मैं डर जाता था। मैं बोलता था कि मुझे डायलॉग मत दो। मैं पीछे खड़ा रहूंगा। फिर, एक दो साल बाद मुझे लगा कि यार, मैं इसे एंजॉय कर रहा हूं तो क्यों इससे बच रहा हूं? क्यों नहीं थोड़ी मेहनत करके और अच्छा करूं। मैं 3-4 साल के बाद इस करियर के बारे में सीरियस हुआ, जब मैंने माय ब्रदर निखिल देखा तब मुझे लगा कि सिनेमा का ऐसा इंपैक्ट हो सकता है। वहीं, अब यह कलाकार मैच्योर हो चुका है। मुझे लगता है कि मेरे सबसे अच्छे परफॉर्मेंसेज अब आ रहे हैं। पहले तो जो काम मैंने किए, उसमें शायद किस्मत अच्छी थी या रोल अच्छे थे, राइटर-डायरेक्टर अच्छे मिले तो वे हो गए। तब मैंने कई ऐसे रोल किए, जिन्हें एंजॉय ही नहीं किया।

**Q आपके बच्चों इनाया और ओसियान आपको पर्दे पर देखकर कैसे रिएक्ट करते हैं? क्या उन्हें पता है कि पापा ऐक्टर हैं?**

असल में उन्होंने मेरा काम ज्यादा देखा नहीं है। मैंने एक-डेढ़ साल पहले रॉक ऑन दिखाने की कोशिश की थी मगर पहले गाने के बाद ही उन्होंने कहा कि ये बंद करो, कार्टून लगाओ (हंसते हैं)। शायद मुझे दोबारा कोशिश करनी चाहिए पर वे जानते हैं कि पापा ऐक्टर हैं। दोनों बच्चे मेरे सेट पर आते रहे हैं। जब हम 2016 में रॉक ऑन 2 की शूटिंग कर रहे थे, तब मेरी बेटी सिर्फ छह महीने की थी, वह तब से शूटिंग पर आ रही है। आउट ऑफ लव के सेट पर तीन महीने वे मेरे साथ ऊटी में थे। घर पर भी मैं उनके साथ छोटे-छोटे विडियो बनाता हूं तो उनको सब पता है कि क्या हो रहा है पर उन्होंने मेरा काम ज्यादा नहीं देखा है।

**Q ऐसी कोई फिल्म या किरदार याद है, जिसे आपने एंजॉय नहीं किया?**

बिल्कुल याद है। जब रॉक ऑन में मैंने केडी का रोल किया था मुझे बिल्कुल भरोसा नहीं था कि मैं वो कर पाऊंगा। मैंने डर-डरकर वो फिल्म की थी। मैं पहली बार बड़ी फिल्म कर रहा था। फरहान अख्तर-रितेश सिधवानी की फिल्म थी। उनकी दिल चाहता है का मैं बहुत बड़ा फैन था तो मेरे लिए वह बहुत बड़ा मौका था। इसलिए, उसकी शूटिंग के दौरान मैं बहुत दबाव में था कि बड़ी फिल्म है, बड़े लोग हैं, अच्छा रोल है। मैं हर शॉट के बाद मैं गट्टू (अभिषेक कपूर) की तरफ देखता था कि मैंने ठीक किया ना। मुझे खुद पर बिल्कुल भरोसा नहीं था।

**आपने कहा था कि आपको बड़ा पर्दा काफी लुभाता है, लेकिन इन दिनों आप लगातार सिर्फ ओटीटी पर आ रहे हैं। ऐसा क्यों?**

**सच कहूं तो मैं खुद बिग स्क्रीन को बहुत मिस कर रहा हूं। मैंने पिछले साल एक फिल्म ब्लाइंड की थी, जो बड़े पर्दे के लिए ही थी लेकिन लॉकडाउन वगैरह की वजह से ओटीटी पर रिलीज हुई। अभी मेरी तीन और फिल्में हैं जो अगले 12 से 18 महीने में आएंगी। तीनों को बड़े पर्दे पर लाने का ही प्लान है, लेकिन देखते हैं क्या होता है। आजकल कुछ कहा नहीं जा सकता।**

लौट आया है आपका चहेता NBT रंगमंच क्लब

## रंगमंच क्लब से जुड़ कर लाइव सेशन में पूछें एक्सपर्ट से सवाल



**जानें इस सीज़न का लेटेस्ट फैशन**

*शुक्रवार, 26 जुलाई, शाम 6-7*

बॉलिवुड इंडस्ट्री की फैशन डिजाइनर रोज़ी आहलूवालिया इस ऑनलाइन मुलाकात में आपको फैशन और स्टाइल के लेटेस्ट ट्रेंड के बारे में बताएंगी।

**मीनोपॉज़ को विस्तार से जानें**

*शनिवार, 27 जुलाई, शाम 6-7*



मीनोपॉज़ कोच तमन्ना सिंह इस ऑनलाइन मुलाकात में महिलाओं के स्वास्थ्य पर मीनोपॉज़ के प्रभाव और उसके बचाव के बारे में आपको विस्तार से बताएंगी।

**कोविड के बाद पैरेंटिंग की चुनौतियों से कैसे निपटें**

*रविवार, 28 जुलाई, शाम 6-7*



स्कूल साइकॉलजिस्ट गीतिका कपूर आपको इस ऑनलाइन मुलाकात में बताएंगी कि कोविड के बाद पैरेंट्स के सामने कौन सी नई चुनौतियां हैं और उनसे कैसे निपटा जाए।

NBT रंगमंच Club

**ऐसे बनें रंगमंच क्लब के सदस्य**

अपने चहेते एनबीटी रंगमंच क्लब का मेंबर बनने के लिए लॉग इन करें https://nbtrangmanchclub .com या इस QR कोड को स्कैन करके भी वेबसाइट पर जा सकते हैं।

एनबीटी रंगमंच क्लब का मेंबर बनने के लिए 9123815949 पर वॉट्सऐप करें या यह QR कोड स्कैन करें।

मेंबर बनने के लिए आप हमें rangmanchnbt@gmail.com पर ईमेल भी कर सकते हैं।

**₹699 क्लब की सालाना फीस है**

सितारों से मिलने, एक्सपर्ट्स के सेशन देखने और एनबीटी रंगमंच क्लब की सभी एक्टिविटीज में शामिल होने के लिए https://www.facebook.com/NBTFarkHai पर लॉग इन करें।

# जूनियर एनटीआर मुंबई में शूट करेंगे ऐक्शन सीन



इस साल जूनियर एनटीआर के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। वह देवरा को लेकर काफी चर्चा बटोर रहे हैं, वहीं आने वाले दिनों में वह फिल्म ड्रैगन में भी नजर आएंगे। लेकिन इसके साथ ही वह स्पाई यूनिवर्स की वॉर 2 में भी नजर आएंगे। ये फिल्म फ्लोर पर आ चुकी है। लेकिन इस फिल्म को लेकर नई जानकारी सामने आ रही है। खबर है कि जूनियर एनटीआर फिल्म के दूसरे शेड्यूल के लिए तैयार है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ऐक्टर अगले महीने 18 अगस्त से फिल्म के दूसरे शेड्यूल पर काम शुरू करेंगे। फिल्म की शूटिंग मुंबई में ही होगी। इस बारे में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जूनियर एनटीआर 'वॉर 2' का दूसरा शेड्यूल शुरू करने से पहले 'देवरा' से जुड़े सभी कामों को पूरा कर रहे हैं। वह बड़े ऐक्शन सीक्वेंस का प्लान बना रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया, 'जूनियर एनटीआर पैन-इंडिया सुपरस्टार हैं, और अयान अच्छे से जानते हैं कि 'वॉर 2' में उन्हें किस अवतार में पेश करना है, ताकि दर्शकों को आकर्षित किया जा सके। ऐसा करने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।' बता दें 'वॉर 2' 2019 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'वॉर' का सीक्वल है। फिल्म में रितिक रोशन ने मेजर कबीर धालीवाल की भूमिका निभाई थी। वहीं फिल्म में टाइगर श्रॉफ दोहरी भूमिका में थे।

# मैं हर फिल्म पैसों के लिए नहीं करती हूं: करीना कपूर



फिल्म इंडस्ट्री में कौन सा स्टार कितनी फीस लेता है, इस बात की चर्चा हमेशा ही होती रही है। पहले जहां सबकी नजर ऐक्टर की फीस डिमांड पर रहती थी, वहीं अब कौन सी अभिनेत्री कितनी फीस लेती है, इस खबर पर भी लोगों की निगाह बनी रहती है। हालांकि ज्यादातर चर्चा इस बात पर होती है कि मेल ऐक्टर के मुकाबले एक फीमेल ऐक्टर को कम फीस क्यों मिलती है। खैर, इस बीच करीना कपूर ने अपनी फीस को लेकर बात की है। दरअसल, करीना करीब दो दशकों से इंडस्ट्री में काम कर रही हैं। अपने हालिया इंटरव्यू में करीना ने बताया है कि वो इंडस्ट्री की उन गिनी-चुनी अभिनेत्रियों में से एक हैं जो फीस के तौर पर डबल डिजिट में चार्ज करती हैं। हालांकि करीना ने ये भी बताया कि वो सारी फिल्में केवल पैसों के लिए ही नहीं करती हैं। इंटरव्यू में करीना ने बताया कि वो उन फिल्मों या फिल्ममेकर्स के लिए अपनी फीस कम भी कर दिया करती हैं, जिन पर उन्हें भरोसा होता है। उन्हें उम्मीद होती है कि वो जो भी कहते हैं वो सही है। उन्होंने कहा, 'ये मेरी एक्टिंग को लेकर नहीं, मैं जो फिल्में चुनती हूं वो सिर्फ पैसों के लिए नहीं होतीं और उसे लेकर मैं बहुत क्लियर हूं। ये कभी भी केवल पैसे को लेकर नहीं रहा है। अगर मुझे कोई रोल पसंद आती है तो मैं कम फीस लेकर भी वो फिल्म कर सकती हूं, यह मेरे मूड पर निर्भर करता है। ये इस बात पर डिपेंड करता है कि फिल्म क्या है, क्या रोल मिल रहा है, मैं उस स्टेज पर हूं जहां मुझे लगता है कि मैं जो चाहूं वो कर सकती हूं। अगर यह एक बड़ी कमर्शल फिल्म है तो आपके आंकड़े कम होते हैं।'

# मैं अपने खाने-पीने में कैलोरी नहीं गिनती: नयनतारा



फिल्मी सितारे हमेशा ही अपने सेहत को लेकर फिक्रमंद रहते हैं। इसी वजह से वह एक रूटीन फॉलो करते हैं, जिसमें एक्सरसाइज से लेकर एक सही डाइट शामिल होती है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री की जान-मानी अभिनेत्री नयनतारा ने बताया है कि वह हेल्दी जिंदगी जीने के लिए किस तरह की डाइट फॉलो करती हैं। सोशल मीडिया पर एक ऐक्ट्रेस ने इस बारे में जानकारी शेयर की है। उन्होंने कहा, 'एक स्वस्थ और हैपी वाली लाइफ जीने के लिए एक हेल्दी खाना जरूरी है। खासकर मेरी जैसी अभिनेत्री के लिए जो हर रोल में अपना बेस्ट देना चाहती है।' अभिनेत्री ने कहा कि डाइट का मतलब अपने खाने पर रोक लगाना या कैलोरी गिनना नहीं है बल्कि पोषक तत्वों से भरपूर खाना लेने से है।

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल**
**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES BHOPAL**
(भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.)–462020, www.aiimsbhopal.edu.in

विज्ञापन सं. Adm-2(4)/Rec/Cont.AIIMS-BPL/2024/6030 दिनांक : 23/07/2024

**एम्स भोपाल में मेडिकल फिजिसिस्ट के पदों पर विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर नियुक्ति के लिए वॉक–इन–इंटरव्यू (साक्षात्कार)**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग में मेडिकल फिजिसिस्ट के 02 (01 अनारक्षित और 01 ई.डब्ल्यू.एस.) पदों पर विशुद्ध रूप से संविदा आधारित नियुक्ति के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। आवश्यक पात्रता मानदंडों, नियुक्ति की शर्तों और आवेदन प्रपत्र आदि के विवरण के लिए एम्स भोपाल की वेबसाइट www.aiimsbhopal.edu.in का अवलोकन किया जा सकता है। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और साक्षात्कार में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में भरे हुए आवेदन प्रपत्र एवं अपनी पात्रता के समर्थन में आवश्यक मूल दस्तावेजों तथा उनकी एक स्व–सत्यापित प्रतिलिपि, आवेदन शुल्क इत्यादि सहित दिनांक 30/07/2024 को सुबह 09.00 बजे साक्षात्कार के लिए आ सकते हैं।

**एस.डी./-**
**उपनिदेशक (प्रशासन) एम्स, भोपाल**

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल**
**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES BHOPAL**
(भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.)–462020, www.aiimsbhopal.edu.in

विज्ञापन सं. Admin/Rectt. Cell/AIIMS/Bhopal/Cont./6022 दिनांक : 23/07/2024

**एम्स भोपाल के जनरल मेडिसिन विभाग में प्राध्यापक (कंसल्टेंट) के पद पर सेवानिवृत्त संकाय सदस्य की संविदा आधार पर नियुक्ति के संबंध में।**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल द्वारा राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों (आई.एन.आई.), शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों (जी.एम.सी.) से प्राध्यापक संकाय सदस्य के पद से सेवानिवृत्त, 70 वर्ष तक की आयु वाले भारतीय नागरिकों से संस्थान के जनरल मेडिसिन विभाग में प्राध्यापक (कंसल्टेंट) के पद के लिए निर्धारित मासिक पारिश्रमिक के भुगतान पर विशुद्ध रूप से संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवश्यक पात्रता मानदंडों, नियुक्ति की शर्तों, आवेदन प्रपत्र, आवेदन प्रक्रिया आदि के विवरण के लिए संस्थान की वेबसाइट www.aiimsbhopal.edu.in पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन किया जा सकता है। पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले और साक्षात्कार में भाग लेने के इच्छुक उम्मीदवार इस विज्ञापन के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन अपनी पात्रता के समर्थन में आवश्यक दस्तावेजों सहित ईमेल पते recruitment@aiimsbhopal.edu.in पर प्रेषित कर सकते हैं। साक्षात्कार और दस्तावेज़ सत्यापन की तिथि संस्थान की वेबसाइट पर अलग से अधिसूचित की जाएगी।

**एस.डी./-**
**उपनिदेशक (प्रशासन) एम्स, भोपाल**

**केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद्**
(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार)
61–65, संस्थागत क्षेत्र, डी–ब्लॉक के सामने, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058


आयुष मंत्रालय के अन्तर्गत एक स्वायत्त संस्था, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद् में पूर्णतः अनुबंध के आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। केवल उन्हीं उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा जो मानदंड के अनुसार पात्र पाए जाएंगे, जिसके लिए तिथि और समय की सूचना यथासमय दी जाएगी। योग्य उम्मीदवार अपने आवेदन इस विज्ञापन के जारी होने के 15 दिनों के भीतर निर्धारित प्रारूप में (जिसे परिषद् की वेबसाइट (www.ccrum.res.in) से डाउनलोड किया जा सकता है) शैक्षिक और अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतियों के साथ महानिदेशक, सीसीआरयूएम, मुख्यालय, 61–65, इंस्टीट्यूशनल एरिया, डी–ब्लॉक के सम्मुख, जनकपुरी, दिल्ली–110058, को जमा कर सकते हैं।

| क्र | पदों के नाम | पद की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सलाहकार (आईटी) | 01 |
| 2. | सलाहकार (कानूनी) | 01 |

2. उपर्युक्त संविदात्मक पदों की पात्रता शर्तों, तैनाती के स्थान, पारिश्रमिक आदि के बारे में पूर्ण विवरण परिषद् की वेबसाइट www.ccrum.res.in से डाउनलोड किया जा सकता है। कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल परिषद् की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

**प्रशासनिक अधिकारी**
**महानिदेशक, सीसीआरयूएम के लिए और उनकी ओर से**




Paytm ♥ UPI

भारत का सर्वश्रेष्ठ* पेमेंट ऐप

## अब, 4 बैंकों के साथ और भी बेहतर

SBI YES BANK HDFC BANK AXIS BANK

हैलो पेटीएम यूज़र्स,

हमने भारत के चार प्रमुख बैंकों के साथ साझेदारी की है, जिससे हम अपनी UPI पेमेंट सेवा और भी बेहतर कर सकें। ये बैंक हमारे ऐप पर सभी UPI लेनदेन के लिए पेमेंट सिस्टम प्रोवाइडरस (PSPs) के रूप में कार्य करेंगे, जिससे हमारे सभी यूज़र्स आसानी से Paytm सेवाओं का अनुभव करते रहें।

अब आपका @Paytm हैंडल 23 जुलाई, 2024 के बाद इन बैंकों के हैंडल में बदल दिया जाएगा। हम अपने सभी यूज़र्स के लिए नए UPI IDs बना रहे हैं। यदि आप चाहें तो अपने ऐप की सहायता से इस परिवर्तन को ऑप्ट-आउट (opt-out) भी कर सकते हैं। आप बाद में स्वयं पेटीएम ऐप पर अपने UPI IDs बना सकते हैं।

पेटीएम, भारत का सर्वश्रेष्ठ* पेमेंट ऐप और इसकी सभी सेवाएँ हमेशा की तरह काम करती रहेंगी।

अधिक जानकारी के लिए अपने मोबाइल से https://m.paytm.me/UPInew पर जाएँ

BHIM UPI

*ऐप स्टोर में समीक्षाओं और रेटिंग के आधार पर।

# आरोपी के बयान से लग रहा पेपर 4 मई से पहले लीक हुआ: SC

## NEET-UG की अर्जी पर सुनवाई

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com



■ **नई दिल्ली:** NEET-UG 2024 को कैंसल करने के लिए दाखिल याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि बिहार पुलिस ने जो गिरफ्तारी की है, उसमें आरोपी ने शुरुआती बयान दिया था उसके मुताबिक पेपर लीक 4 मई से पहले का लगता है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील नरेंद्र हूडा ने कहा कि पेपर लीक एग्जाम से पहले वाले दिन या फिर 3 मई को हो चुका था, जबकि सरकार का दावा है कि पेपर लीक एग्जाम वाले दिन 5 मई की सुबह हुआ है। हूडा ने दलील दी कि बिहार पुलिस मामले की छानबीन कर रही है और उसने आरोपियों को पकड़ा है उनके बयान के मुताबिक पेपर लीक चार मई को हो चुका था।

**बिहार पुलिस ने अरेस्ट किए गए आरोपी का लिया था बयान**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने रेकॉर्ड देखकर कहा कि आरोपियों का जो बयान है उसके मुताबिक स्टूडेंट्स को पेपर का उत्तर परीक्षा से पहले वाली रात रटाया गया था। यानी पेपर लीक चार से पहले हुआ था। चार मुख्य आरोपी बिहार पुलिस ने पकड़े हैं। इनका नाम अनुराग यादव, सिकंदर प्रसाद, अमित आनंद और नितिश कुमार हैं।

**पेपर लीक का कितना असर:** चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान कहा कि अगर लीक चार मई की रात हुई है तो इसका मतलब है कि यह ट्रांसपोर्टेशन में नहीं हुई है। हमें यह देखना है कि लीक स्थानीय स्तर पर हुई है और यह सिर्फ हजारीबाग और पटना तक सीमित है या फिर यह व्यापक स्तर पर फैला है। यह सिस्टमैटिक हुआ है?

सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान केंद्र और एनटीए के सामने पांच सवाल उठाए। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि कितने सेंटर थे जहां केनरा बैंक से लाए गए प्रश्नपत्र वितरीत हुए? इन सेंटरों में कितने सेंटर ऐसे हैं जिनमें एग्जाम के बीच में एसबीआई से प्रश्नपत्र बदले गए। कितने सेंटर ऐसे हैं जिनमें केनरा बैंक से लाए गए प्रश्नपत्र का ही मूल्यांकन हुआ? सॉलिसिटर जनरल से कहा कि वह मंगलवार को जवाब दें।

**सीकर का रिज़ल्ट देखना अहम**

याचिकाकर्ता ने कहा कि सीकर का रिजल्ट देखना अहम होगा। सीकर में अप्रत्याशित तौर पर स्टूडेंट्स ने हाई रैंकिंग पाई है। देश भर में 1000 में 6 स्टूडेंस पास हुए हैं और सीकर में 4 में से एक पास हुए हैं। देश भर में 50 सेंटर हैं जहां स्टूडेंट्स ने 650 से ज्यादा नंबर पाए हैं अकेले 38 सीकर के हैं। 8 को 700 से ज्यादा नंबर मिले हैं। 69 को 650 से ज्यादा नंबर मिले हैं।

## राहुल ने कहा- सिस्टम में खामी, मंत्री बोले- छिपाने के लिए कुछ नहीं

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** NEET में धांधली के मसले पर संसद सत्र के पहले ही दिन विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा और वॉकआउट किया। विपक्ष ने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश के एग्जाम सिस्टम को फ्रॉड करार दिया और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से पूछा कि इसे ठीक करने के लिए सरकार क्या कर रही है। समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने कहा कि ये (धर्मेंद्र प्रधान) मंत्री रहेंगे तो बच्चों को न्याय नहीं मिलेगा। प्रश्न काल में NEET को लेकर आए एक सवाल पर धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सरकार के पास छुपाने के लिए कुछ नहीं है और कहा कि सदन किसी भी चर्चा के लिए तैयार है।

**संसद सत्र के पहले ही दिन NEET पर विपक्ष ने किया वॉकआउट**

NEET में गड़बड़ी का मुद्दा पिछले सत्र में भी छाया रहा था। सोमवार को सत्र के पहले दिन प्रश्न काल में NEET पर पूछे गए सवाल के दौरान विपक्ष ने शिक्षा मंत्री को घेरा और फिर इस मसले पर वॉकआउट भी किया। राहुल गांधी ने कहा कि एग्जाम सिस्टम में बहुत खामियां हैं। मंत्री जी ने अपने आप को छोड़कर सबको जिम्मेदार ठहराया है। मुझे नहीं लगता कि जो चल रहा है, उसकी बुनियादी जानकारी भी उन्हें है। राहुल ने कहा कि देश के करोड़ों स्टूडेंट्स को इस बात का यकीन हो गया है कि देश का एग्जाम सिस्टम एक फ्रॉड है और जिसके पास पैसा है वह इस पूरे सिस्टम को खरीद सकता है। उन्होंने कहा कि यही भावना विपक्ष की भी है।

**'2010 में हुआ NEET का फैसला':** धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि NEET से जुड़े मामले पर सरकार के पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार NEET का आयोजन किया जा रहा है। कांग्रेस के मणिक्कम टैगोर ने कहा कि 7 साल में 70 बार पेपर लीक हुए हैं इस पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि इसका कोई सबूत नहीं है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस बार नीट 4,700 केंद्रों पर हुई थी, लेकिन सिर्फ एक जगह बिहार में गड़बड़ी का मामला सामने आया। प्रधान ने कहा कि पेपर लीक का मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष है। चीफ जस्टिस इसकी खुद सुनवाई कर रहे हैं। प्रधान ने कहा कि 2010 में पहली बार NEET का फैसला किया गया था। सबको पता था कि उस समय सरकार में कौन था और कौन समर्थन कर रहा था। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा कराने का दो बार निर्देश दिया था। इसी के अनुसार यह परीक्षा जारी है। प्रधान ने कहा कि 2010 में जो लोग फैसले करने में शामिल थे, अब वही सवाल खड़े कर रहे हैं।





संसद में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के सवालों का जवाब दिया।

### शिक्षा मंत्री ने कहा- सर्टिफिकेट नहीं चाहिए

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सवाल किया कि क्या 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा में सुधार से जुड़ा बिल निजी मेडिकल कॉलेजों के दबाव में वापस ले लिया था? उन्होंने कहा, 'नेता प्रतिपक्ष का पूरे एग्जाम सिस्टम को बकवास कहना दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं इसकी निंदा करता हूं। प्रधान ने कहा कि मेरी शिक्षा, संस्कार, समाजिक संस्कार... मुझे लोगों से स्वीकृति मिली है। मुझे किसी और का सर्टिफिकेट नहीं चाहिए। देश के लोकतंत्र ने हमारे प्रधानमंत्री को चुना है मैं उनके निर्णय से यहां जवाब दे रहा हूं।' प्रधान ने कहा, 'हमारी सरकार की हिम्मत है कि हमने (पेपर लीक पर) कानून बनाया, लेकिन कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष की क्या मजबूरी थी कि उनके समय लाए गए तीन बिल को वापस लिया गया? क्या निजी मेडिकल कॉलेज और उनकी घूसखोरी के दबाव में इसे वापस लिया गया था? राहुल गांधी फिर कुछ बोलना चाह रहे थे लेकिन स्पीकर ने इसकी इजाजत नहीं दी तो विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट किया।

### सभी एग्ज़ाम पर सवाल ठीक नहीं : स्पीकर

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए, लेकिन सारी परीक्षाओं पर सवाल उठाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्यों में अलग-अलग दलों की सरकारें रहीं हैं, जहां परीक्षाओं पर प्रश्न उठे...हम इसलिए यहां बैठे हैं कि छात्रों के भविष्य पर सवाल नहीं उठें। ऐसी व्यवस्था विकसित करें कि परीक्षा पर सवाल नहीं उठे...सब सुझाव दें। सरकार भी उत्तम सुझाव को मानेगी।

### NBT Lens — समझिए खबरों के अंदर की बात
### क्या गले की फांस बन गया है NEET?

केंद्र सरकार और BJP के लिए NEET का मसला गले की फांस बना हुआ है। लाखों स्टूडेंट्स और उनके परिवार वाले इस मसले से प्रभावित हो रहे हैं और स्टूडेंट्स इस मसले पर लगातार आंदोलनरत हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में है लेकिन स्टूडेंट्स की परेशानी बनी हुई है। उनके पैरंट्स भी अपनी चिंताएं जाहिर कर रहे हैं। री-एग्जाम हो या न हो इसे लेकर भी दोनों तरह की राय आ रही है। बहुत स्टूडेंट्स चाहते हैं कि फिर से एग्जाम हो क्योंकि पहले एग्जाम में गड़बड़ी हुई है। जिन स्टूडेंट्स की अच्छी रैंक आई है वे फिर से एग्जाम के खिलाफ हैं। जिस तरह पिछले कुछ वर्षों में पेपर लीक बड़ा मसला बना और कई राज्यों में चुनाव में भी यह मसला रहा, उसने BJP की चिंता तो बढ़ाई ही है।

## मुंबई में ऑडी ने 2 ऑटो में मारी टक्कर

■**भाषा, मुंबई:** मुंबई के मुलुंड इलाके में सोमवार को एक तेज रफ्तार ऑडी कार ने दो ऑटोरिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे के वक्त ऑटो खड़े थे। घटना में चार लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार सुबह करीब आठ बजे डम्पिंग रोड पर हुई और हादसे के बाद चालक ऑडी कार मौके पर छोड़कर फरार हो गया। कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है। यह घटना हाल ही में वर्ली इलाके में बीएमडब्ल्यू से एक स्कूटी को टक्कर मारने और एक महिला की मौत के बाद हुई है।

## भारत से सीमा विवाद पर करेंगे बात: ओली

■**भाषा, काठमांडू:** नेपाल के नए प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने सोमवार को कहा कि भारत के साथ सीमा से जुड़े मुद्दों को कूटनीतिक तंत्र के माध्यम से हल करने के लिए सहमति है और काठमांडू अपनी अंतरराष्ट्रीय सीमा के बारे में 'स्पष्ट और दृढ़' है। प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करने के एक दिन बाद सांसदों के सवालों का जवाब देते हुए ओली ने कहा कि सरकार इस बात पर दृढ़ और स्पष्ट है कि 1816 की सुगौली संधि के अनुसार, लिम्पियाधुरा, कालापानी और लिपुलेख सहित महाकाली नदी के पूर्व में स्थित क्षेत्र नेपाल के हैं। ओली ने कहा, 'नेपाल ने एक नया मानचित्र अपनाया है, जिसे 2017 में संविधान में दूसरे संशोधन के माध्यम से शामिल किया गया है।'


TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesgroup.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

शिक्षा

कोचिंग क्लासेज

NIRDHAARIT SCHOOL OF ADVANCE LEARNING (ONLINE) BIOLOGY/BIOTECHNOLOGY - CIVIL SERVICE - NEET/NET/UG/PG Cont: nirdhaarit.com & 9821078236

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

हम, सुनिल सिंह व सत्यावती सिंह पता बी-401, हैप्पी होम अपार्टमेंट, प्लॉट न: 12ए, सेक्टर-7, द्वारका,नई दिल्ली ने अपने पुत्र आदित्य सिंह व उनकी पत्नी संगीता सिंह को हमारी सभी चल व अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है। अगर कोई उनके साथ कोई deals करता है, तो वह अपने जोखिम पर ऐसा करेगा।

PUBLIC NOTICE
The public in general is hereby informed that property number C-1/7, SECOND FLOOR, VASANT VIHAR, NEW DELHI-110057, measuring 620 yards has been put up for sale by the owner of the said property. Any person having any rights, title, claims or interest in the said property by way of sale, inheritance, possession, succession, mortgage, lien, lease, gift or otherwise howsoever in respect of the same, shall intimate the objection in writing to the undersigned with supporting documents thereof within 5 days from the date of publication of this notice or else any such claims by anyone shall not be considered and shall be deemed to have been waived and/or abandoned. And my client shall proceed to conclude the sale and no claims shall be entertained thereafter.
Advocate Dayanand
Mobile: +91- 8800497630
Email: roshnidevi1910@gmail.com

PUBLIC NOTICE
My Client Mr. Subhash Verma S/o Late Sh. Kali Charan Verma R/o B-163A, New Gopal Nagar, Near Meena STD, Najafgarh, New Delhi-110043, has Severed/ Discontinued all relations/ Connections with his elder son namely Ashu Verma, his wife Pragati Verma and Younger Son Rohit Verma and his wife namely Kamini Verma, and quit all relations with them. My client's wife i.e. Smt Santosh Verma W/o Subhash Verma, and his grandson namely Shaurya Verma (presently residing with him) and (my client's son Ashu Verma, his wife Pragati Verma, and their younger son Rohit Verma and Kamini) they are also not allowed to enter in his premises, shops and residential house, if they do so my client is free to take legal action against him and them. That in future anybody deals with my client's above said son and daughter-in-law, he/they will solely responsible for the same.
Mukesh Verma (Advocate)
50, Lawyer's Chamber
Supreme Court of India, ND-110001

सार्वजनिक सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे मुवक्किल श्री अश्वनी डंग पुत्र श्री रामधन डंग निवासी A-73, सेकंड फ्लोर,फ्रंट साइड,मालवीय नगर,दिल्ली-110017, के संपूर्ण रूप से मालिक है, इस फ्लैट की जनरल पावर आफ अटार्नी GPA 31/01/1991 डाक्यूमेंट न.2097, बुक न.4, को रजिस्ट्रार आफिस,आसफ अली रोड दिल्ली पर हुई थी,मेरे मुवक्किल के अलावा कोई भी इस फ्लैट की खरीद-फरोद करता हैं,तो वह कानूनी तौर पर गलत माना जायेगा, भविष्य में मेरे मुवक्किल के अलावा जो भी इस फ्लैट की खरीद-फरोद करता हैं, तो उसके लिए वह स्वयम जिम्मेदार होगा मेरे मुवक्किल की कोई जवाबदारी या जिम्मेदारी कतई नहीं होगी।
Advocate - Ravinder Kumar
Ch.No.839, Saket Court,
New Delhi-17 Ph.: 9910040933

PUBLIC NOTICE
Be it known to all by way of this public notice that my clients (1) Paroma Bhattacharya, (2) Archana Bhattacharya and (3) Parna Bhattacharjee have applied for the substitution/ mutation of leasehold into their joint names in respect of Property No. B-282, Chittaranjan Park, New Delhi-110019 to Land & Development Office ( L & DO). If any person ( from general public) has any objection for the said substitution/mutation then such person shall notify the same to L & DO forthwith alongwith valid documentary proof, through registered post by personally visiting L & DO at Nirman Bhawan, New Delhi and/or through on email at ldo@nic.in within 30 (thirty) days from the date of publication of the notice.
RAJIV KAPUR (ADVOCATE)
G-1314, C. R park, New Delhi
9810425377, 7827244045

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Sanskriti D/o Omender bhati R/o Aichhar greater noida UP have changed my name from suhana bhati to Sanskriti for future purposes

I, Indu Vashisth W/0 Anirudh Vashishth R/o LP 60A, PitamPura, Delhi, 110034 have changed my name from Indu Vashishth to Indu Vashisth for all future purposes .

I, Mohd Tariq R/o D-290, Jaitpur Extension Part - 02, Badarpur, Dr Lal Hospital, Jaitpur, South Delhi, New Delhi - 110044 have changed my minor daughter's name from Alishba to Alishba Tariq.

I, Shresth alias Shrestha S/o Sudesh Pal R/o D-403, Chitrakoot Apartment, Plot No.9, Sector-22, Dwarka Delhi-77 have changed my name from Shresth alias Shrestha to Shresth Pal for all purposes.

खोया एवं पाया

I Vikas Garg S/o Suresh Kr Garg R/o WZ-420, Gali:1 Sri Nagar Shakur Basti Delhi-34 have lost Sale Deed of WZ-136/50 Shop no.1 GF Sri Nagar Shakur Basti Delhi-34 & also lost signed cheques,signed blank papers & photocopy of Aadhar&PAN card,FIR no vide LR1752575/2024 Dt 21/05/24 If misused, legal action will be taken. Plz contact 9818415415.

I have lost my property documents (Original Allotment Letter, Builder Buyer Agreement and Possession Letter) of Flat No. 603, Urvashi-1, Amrapali Royal, Vaibhav Khand, Indirapuram, Ghaziabad. Anyone found plz. return/ inform me Sanjay Mathur S/o Harish Chandra Mathur, 7045951121

THE TIMES GROUP
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

real estate




To place an ad in TIMES interact
Logon to : ads.timesgroup.com
Scan QR Code

HEALTH & WELLNESS TIMES interact
















To place an ad in TIMES interact
For Personal ads Call -
Pankaj : 8130604727








GALLERIA TIMES interact




TIMES interact SPECIAL
Connecting People, Connecting Needs.







TIMES interact
To advertise in Classifieds, please Call
Aman: 93126 33518 for Tender & Notices
Scan QR Code

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
TO ADVERTISE IN CLASSIFIEDS PLEASE CALL:
TENDER / PUBLIC NOTICE: 9312633518
CHANGE OF NAME / LOST & FOUND: 8130604727
PROPERTY: 9999499496
RECRUITMENT & EDUCATION: 9811790649
MATRIMONIAL: 9811790649
SHOPPING: 9312633518
BUSINESS: 9312633518
SERVICES / VEHICLES & TRAVEL: 9999499496

## फटाफट खबरें

### शरद पवार ने की CM शिंदे से मुलाकात



■ भाषा, मुंबई : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह बैठक मालाबार हिल इलाके में राज्य सरकार के गेस्ट हाउस सह्याद्री में हुई। इस दौरान सिंचाई, दूध की कीमतों और चीनी मिलों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

### TMC के दो MLA पर लगाया गया जुर्माना

■ पीटीआई, कोलकाता : तृणमूल कांग्रेस के हाल ही में चुने गए दो विधायकों पर जुर्माना लगाया गया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें शपथ दिलाई थी। विधायकों ने सोमवार को कहा कि उन्हें राजभवन से मेल मिला है, जिसमें शपथ की प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाया गया है। साथ ही उन्हें 500-500 रुपये का जुर्माना देने के लिए कहा गया है। राज्यपाल ने इसके लिए डिप्टी स्पीकर आशीष बनर्जी को नियुक्त किया था।

### सूरज रेवन्ना को सशर्त ज़मानत

■ पीटीआई, बेंगलुरु : बेंगलुरु की एक अदालत ने सोमवार को यौन शोषण मामले में JDS एमएलसी सूरज रेवन्ना को सशर्त जमानत दी। रेवन्ना को हसन पुलिस ने पिछले महीने JDS कार्यकर्ता 27 साल के व्यक्ति पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले को आगे की जांच के लिए CID को सौंप दिया था। सूरज पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के भाई हैं जिन पर बलात्कार के तीन मामले हैं और कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप है।

### जेल से चुनाव प्रचार की अर्ज़ी खारिज

■ विस, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें याचिकाकर्ता ने गिरफ्तार नेताओं को चुनाव के दौरान ऑनलाइन मीडियम से प्रचार करने की इजाजत देने का अनुरोध किया गया था। कोर्ट में इस मामले में हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती दी गई थी। दिल्ली हाई कोर्ट ने पहले याचिकाकर्ता की अर्जी खारिज कर दी थी जिसके बाद मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिका गलत मंशा की दिखती है। यह एक नेता पर केंद्रित है जो रोजाना बेहतर वकीलों के माध्यमों से अदालत में अपना पक्ष रखते रहे हैं।

# पिछले सत्र में विपक्ष ने ढाई घंटे तक PM का गला घोंटा : मोदी

# आवाज़ उठाएंगे, संसद किसी राजा का दरबार नहीं : कांग्रेस

## संसद सत्र की शुरुआत से पहले मोदी ने की विपक्ष की आलोचना

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**संसद सत्र** के पहले दिन पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह अपनी नाकामियों पर परदा डालने के लिए संसद का गलत इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने यह बात मीडिया के सामने कही। सोमवार को सत्र की शुरुआत से पहले पीएम ने संसद के पिछले सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्षी सदस्यों के हंगामा और शोरगुल किए जाने का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि विपक्ष ढाई घंटे तक देश के प्रधानमंत्री का गला घोंटने का, उनकी आवाज को रोकने का, उनकी आवाज को दबाने का काम करता रहा। इसके जवाब में कांग्रेस ने कहा कि सचाई यह है कि पीएम ने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी।

पीएम ने कहा कि जो पहले सत्र हुआ था... 140 करोड़ देशवासियों ने बहुमत के साथ जिस सरकार को सेवा करने का हुक्म दिया, उसकी आवाज को कुचलने का अलोकतांत्रिक प्रयास हुआ। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद चर्चा प्रस्ताव के जवाब के दौरान लोकसभा के भीतर पीएम के पूरे भाषण के दौरान विपक्ष हंगामा और नारेबाजी करता रहा। पीएम का कहना था कि लोकतांत्रिक परंपराओं में इसका कोई स्थान नहीं हो सकता है।

> **राजनीतिक दल आने वाले चार, साढ़े चार साल दलगत सोच से ऊपर उठकर, सिर्फ देश को समर्पित होकर संसद के मंच का इस्तेमाल करें।**– *नरेंद्र मोदी, PM*

उन्होंने इस बात को लेकर विपक्ष की निंदा करते हुए कहा कि हंगामा करने वालों को इसका पश्चाताप तक नहीं है और न ही उनके दिल में कोई दर्द है। उनका कहना था कि देशवासियों ने उन्हें यहां देश के लिए भेजा है, दल के लिए नहीं भेजा है। यह सदन दल के लिए नहीं, देश के लिए है।

**'देश के लिए समर्पित हों':** सत्र के पहले दिन पीएम ने सभी राजनीतिक दलों से देश के प्रति समर्पित होकर संसद का इस्तेमाल करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि वह सभी राजनीतिक दलों से कहेंगे कि आने वाले चार, साढ़े चार साल दलगत सोच से ऊपर उठकर, सिर्फ और सिर्फ देश को समर्पित होकर संसद के इस गरिमापूर्ण मंच का इस्तेमाल करें। पीएम ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 2029 में जब लोकसभा चुनाव आएगा, तब उस चुनावी वर्ष में उन्हें जो 'खेल खेलना' होगा वह खेल लें, लेकिन तब तक सिर्फ और सिर्फ देश, देश के किसान, गरीब, युवा और महिलाओं को सशक्त करने के लिए जन भागीदारी का एक जन आंदोलन खड़ा करें। पीएम मोदी ने मंगलवार को पेश होने वाले बजट का जिक्र करते हुए देश की बढ़ती इकनॉमी की ओर इशारा किया।

## कहा- हंगामा करने वालों के दिल में कोई दर्द और पछतावा नहीं है

Photos : AFP, Agency



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि यह सदन दल के लिए नहीं, देश के लिए है।

## विपक्ष ने भी किया पलटवार, देश ने चुनाव में पीएम को सज़ा दी

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

पीएम के विपक्ष पर उनकी आवाज दबाने और गला घोटने के आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार किया। पार्टी ने कहा कि सत्र की शुरुआत में पीएम विपक्ष पर गला दबाने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि सचाई यह है कि उन्होंने 10 साल तक देश का गला घोंटा और आवाज दबाई, जिसकी सजा जनता ने हालिया लोकसभा चुनाव में उन्हें दी। कांग्रेस की ओर से यह पलटवार पार्टी के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने किया।



पवन खेड़ा

खेड़ा का कहना था कि पीएम को यह याद दिलाना जरूरी है कि पिछले 10 साल के उनके अन्याय काल में पूरे देश का दम घोटा गया, जिसकी सजा जनता ने उन्हें दी है। वह बहुमत की सरकार के प्रधानमंत्री नहीं, दो दलों के सहयोग से चलने वाली NDA सरकार के पीएम हैं। उन्हें 'मोदी सरकार' शब्द के इस्तेमाल से भी बचना चाहिए और खुद को लोकतांत्रिक साबित करना चाहिए। खेड़ा ने पीएम पर निशाना साधते हुए कहा कि जब पीएम भाषण दे रहे थे, उस वक्त देश के 32 लाख छात्रों की आवाज को दबाने और उनके साथ आपकी सरकार के अन्याय के खिलाफ देश का सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था। कांग्रेस ने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी यह भाषण दे रहे थे, तब देश के 50 करोड़ किसान अपने खेत और अपनी खेती को बचाने के लिए हर दमन, हर अत्याचार को सहते हुए आंदोलन कर रहे हैं, जिनका आपने ढाई साल से गला घोट रखा है।

खेड़ा ने पीएम के कथन को लेते हुए उन्हें ही घेरने की कोशिश करते हुए कहा कि आपने सही कहा प्रधानमंत्री जी, संसद देश के लिए है। वह किसी राजा का दरबार नहीं है। लिहाजा प्रतिपक्ष वहां देश के युवाओं, किसानों, जवानों, मजदूर, महिलाओं, पिछड़े, दलितों, आदिवासियों और गरीबों के दर्द को आवाज देने को मजबूर है। विपक्ष द्वारा पीएम को संसद में उठाने से रोकने के आरोपों पर कांग्रेस ने तंज कसते हुए कहा कि हमारा संसदीय दायित्व है कि देश की आवाज उठाने के लिए हम आपको बार-बार टोकें, बार-बार रोकें। आपको समझना होगा कि देश की तात्कालिक जरूरत और तकलीफ से जुड़े सवालों को हर काम छोड़ कर सुनना जरूरी है। कांग्रेस ने पीएम मोदी को देश के आम लोगों की आवाज सुनने की नसीहत देते हुए कहा कि उन्हें गुरूर छोड़ गरिमा अपनानी चाहिए।

# राज्यसभा में कांवड़ यात्रा और आपातकाल का मुद्दा उठाया गया

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

संसद के उच्च सदन में सोमवार को शून्यकाल के दौरान आपातकाल से लेकर कांवड़ यात्रा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश की गूंज सुनने को मिली। साथ ही आपातकाल को स्कूल और कॉलेज के सिलेबस में शामिल किए जाने की मांग भी की गई।

BJP सांसद नरेश बंसल ने आपातकाल को काला अध्याय बताते हुए इसे किताबों में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की तरह लोकतंत्र की बहाली के संघर्ष के इतिहास को भी स्कूल और कॉलेज के सिलेबस में शामिल किया जाना चाहिए। आपातकाल भारत के लोकतंत्र का काला अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। हजारों लोगों को बिना कारण के जेलों में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि देश में 1975 में आपातकाल के दौरान की गई ज्यादतियों और इस दमन का विरोध करने वालों की ओर से की गई लड़ाई को समझाने वाला एक चैप्टर स्कूल और कॉलेज के सिलेबस में शामिल किया जाए। किताबों में यह बताया जाना चाहिए कि आपातकाल क्या था, इसे क्यों लगाया गया? उन्होंने कहा कि आपातकाल को अगर सही तरीके से सिलेबस में शामिल किया जाता है तो इससे लोकतांत्रिक शक्तियों का विकास होगा और लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी।




BJP सांसद नरेश बंसल ने आपातकाल को स्कूल-कॉलेज के सिलेबस में शामिल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी।

### नेमप्लेट पर नोटिस नहीं स्वीकारा

■ राज्यसभा में सोमवार को जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि उन्हें कुछ मुद्दों पर नियम- 267 के तहत कई सदस्यों के कार्यस्थगन नोटिस मिले हैं। मगर, नियमों के अनुरूप नहीं होने के कारण उन्हें अस्वीकार किया जा रहा है। कांग्रेस समेत कई दलों के कुछ सदस्यों ने उत्तर प्रदेश सरकार के कांवड़ यात्रा के मार्ग पर दुकानों को उनके मालिकों और कर्मचारियों के नाम लिखने के संबंध में दिए गए निर्देश पर कार्यस्थगन का नोटिस दिया था। इन सदस्यों ने नियम- 267 के तहत इस मुद्दे पर चर्चा की मांग की थी। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने भी यह मुद्दा उठाते हुए चर्चा की मांग की। मगर, सभापति ने कहा कि नोटिस न तो नियम- 267 की जरूरतों के अनुरूप हैं और न ही आसन की ओर से दिए गए निर्देशों के अनुरूप हैं। ऐसे में इन नोटिसों को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

## विश्व हमारी ओर देख रहा : धनखड़

■ विस, नई दिल्ली : राज्यसभा के 265वें सत्र की पहली बैठक के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए निर्वाचित सरकार के पहले बजट पर चर्चा की दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण सत्र है। उन्हें विश्वास है कि यह प्रतिष्ठित सदन वाद-विवाद में संयम बरतते हुए, पक्षपातपूर्ण हितों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लेते हुए राष्ट्र का नेतृत्व करेगा। इस सदन को संसदीय परंपराओं, संसद की पवित्रता और औचित्य के उच्चतम मानकों को प्रतिबिंबित करना चाहिए, जो प्रेरणादायी होंगे। धनखड़ ने कहा- 'विश्व हमारी ओर देख रहा है और हमें उनकी अपेक्षा पर खरा उतरना है।'



## जल जीवन मिशन पर जवाब दे रहे थे मंत्री, हुई नोक-झोंक

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि जल जीवन मिशन योजना तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। हर घर को नल से पानी पहुंचाने के मिशन पर काम किया जा रहा है। देश के भूजल स्तर में भी सुधार हुआ है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री जब सवालों के जवाब दे रहे थे तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच नोक-झोंक भी देखने को मिली।

> मंत्री ने कहा- भूजल स्तर में गिरावट 2023 में घटकर 11% रह गई

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने प्रश्नकाल के दौरान बताया कि भूजल स्तर में गिरावट 2017 में 17% थी, जो 2023 में घट कर 11% रह गई है। इस तरह से भूजल स्तर में 6% का सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि भूजल सुरक्षित क्षेत्र भी 63% से बढ़ कर 73% हो गया है। अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं और काफी अच्छे नतीजे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारों से जो रिपोर्ट मिल रही है, उसको देखते हुए कहा जा सकता है कि भूजल स्तर बढ़ा है और उसकी गुणवत्ता भी सुधरी है। समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने भूजल के इस्तेमाल संबंधी अनापत्ति प्रमाणपत्र की शर्तों का उल्लंघन करने पर सजा के बारे में जानना चाहा, इस पर पाटिल ने कहा कि नियमों के अनुसार सजा देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद 70 वर्ष तक हर गांव में पानी नहीं पहुंच पाया, इसीलिए 'जल जीवन मिशन' योजना शुरू की गई जिसका सबसे अधिक फायदा महिलाओं को हुआ। उनका 75% समय पानी के प्रबंध करने में लगता था।

# बिहार, ओडिशा और आंध्र के लिए विशेष दर्जे की मांग

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : राज्यसभा में सोमवार को बिहार, ओडिशा और आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की गई। राष्ट्रीय जनता दल (RJD), बीजू जनता दल (BJD) और YSR कांग्रेस के नेताओं ने अपने-अपने राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने की बात प्रमुखता से कही। दूसरी ओर, लोकसभा में भी एक लिखित सवाल के जरिए बिहार को विशेष दर्जा दिए जाने का मुद्दा उठाया गया। इसके जवाब में सरकार ने मार्च 2012 की रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि बिहार के लिए विशेष श्रेणी के दर्जे का मामला नहीं बनता है।



RJD सांसद मनोज कुमार झा ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा चाहिए और राज्य को विशेष पैकेज भी मिलना चाहिए। उन्होंने JDU पर भी निशाना साधते हुए कहा कि हमारे साथ काम कर चुके कुछ साथी कहते हैं कि विशेष राज्य का दर्ज न दे सको तो विशेष पैकेज दे दो। बिहार को विशेष दर्जा और विशेष पैकेज दोनों चाहिए। विशेष राज्य और विशेष पैकेज के बीच में 'या' नहीं है। बिहार को 'या' स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा, 'मेरी सरकार से अपील है कि बिहार को सिर्फ वोटिंग स्टेट मत समझिए। बिहार को विशेष दर्जे की मांग सबसे पुरानी है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश के साथी भी यह मांग कर रहे हैं। जब झारखंड बना तो बिहार के हिस्से में धूल, धूप और वर्षा के अलावा कुछ नहीं बचा।'

BJD के मुजीबुल्ला खान ने ओडिशा को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि राज्यों का विकास होगा तभी 'सबका साथ, सबका विकास' संभव हो सकेगा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ओडिशा को विशेष राज्य की मांग को लेकर केंद्र को कई बार पत्र लिख चुके हैं।

### बिहार को नहीं मिल सकता विशेष दर्जा

■ बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने के संबंध में सदस्य रामप्रीत मंडल की ओर से पूछे गए लिखित सवाल के जवाब में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि पूर्व में राष्ट्रीय विकास परिषद (NDC) द्वारा कुछ राज्यों को योजना सहायता के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा दिया गया था। पूर्व में विशेष श्रेणी के दर्जे के लिए बिहार के अनुरोध पर एक अंतर-मंत्रालयी समूह (IMG) की ओर से विचार किया गया था, जिसने 30 मार्च 2012 को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। IMG ने कहा था कि मौजूदा NDC क्राइटेरिया के आधार पर बिहार के लिए विशेष श्रेणी के दर्जे का मामला नहीं बनता है।


## नया एम्स बनाने और अमूल्य धरोहरों की बात भी उठी

■ विस , नई दिल्ली : प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत देशभर में 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को मंजूरी मिली थी और एम्स भोपाल, भुवनेश्वर, जोधपुर, पटना, रायपुर, ऋषिकेश, नागपुर, बिलासपुर, गोरखपुर, रायबरेली, देवघर, बठिंडा, गुवाहाटी, कल्याणी, मंगलगिरि और बीबीनगर में ये शुरू भी हो चुके हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के डॉ. जॉन ब्रिटास ने केरल के कोझीकोड में एम्स स्थापित किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत विभिन्न राज्यों में 22 एम्स स्थापित करने का ऐलान किया गया है, लेकिन केरल का इसमें कोई जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि केरल सरकार का स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतरीन काम रहा है लेकिन एम्स इस प्रदेश को भी चाहिए और इस बारे में केंद्र सरकार को बार बार प्रस्ताव दिया गया है। तृणमूल कांग्रेस सुखेंदु शेखर राय ने विशेष उल्लेख के माध्यम से प्राचीन कलाकृतियों से संबंधित मुद्दा उठाते हुए कहा कि किसी भी देश की संस्कृति में उस देश की कलाकृतियों का खास स्थान होता है जो उसकी अमूल्य धरोहर होती हैं। उन्होंने कहा कि हमारी ऐसी कई अमूल्य धरोहर देश से बाहर ले जाई गईं और उन सभी कलाकृतियों को वापस लाया जाना चाहिए।

## NBT AI टाइम मशीन

### इतिहास पर भविष्य की नज़र : बढ़ता गया बजट


AI Images




आजादी के बाद भारत का पहला बजट पेश हुआ 16 नवंबर 1947 को। इसे पहले वित्त मंत्री आरके शणमुखम चेट्टी ने पेश किया था। बजट में खर्च का अनुमान 197.39 करोड़ रुपये का था, जिसमें 46% डिफेंस के लिए था।




फरवरी में आया 2024 का अंतरिम बजट 47.65 लाख करोड़ रुपये के खर्च का था। आज विमान अधिनियम, वित्त विधेयक, जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी सहित छह विधेयकों को पेश किया जा सकता है।




आजादी के 100 साल पूरे होने पर बजट 200 लाख करोड़ से ज्यादा होगा।

ChatGPT 4o से हमने फरवरी में आए अंतरिम बजट की रकम बताकर 2047 के बजट के बारे में पूछा। 2047 में भारत की आजादी को सौ साल पूरे होंगे। AI ने बताया कि अगर औसतन 7% की ग्रोथ होती है, और मुद्रास्फीति 4-5% पर बनी रहती है तो 2047 तक भारत सरकार के बजट की फ्यूचर वैल्यू होगी 208.56 लाख करोड़ रुपये। AI के मुताबिक तब भी बजट का बड़ा हिस्सा गरीबी उन्मूलन पर खर्च करना होगा। बजट का बड़ा हिस्सा ग्रीन एनर्जी बनाने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में खर्च होगा।

कैसा लगा आपको यह कॉलम? और क्या जानना चाहेंगे आप?
मेल करें nbtreader@timesofindia.com पर।
सब्जेक्ट में लिखें AI Time Machine

# क्या रेल यात्रियों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा आज का बजट?

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को आम बजट पेश करेंगी। देश के लोग आयकर में छूट, महंगाई पर कंट्रोल जैसे मुद्दों पर निगाहें गड़ाए हैं। वहीं देश की बड़ी आबादी रेलवे की वेटिंग लिस्ट से मुक्ति, सेफ्टी, सफाई, बुजुर्गों को टिकट में डिस्काउंट जैसी उम्मीदें रख रही हैं। देश के सबसे बड़े ट्रांसपोर्ट साधन रेलवे से हर साल 11 हजार ट्रेनों से 800 करोड़ लोग सफर करते हैं।

रेलवे में वेटिंग टिकट बड़ा मसला है। लगभग हर यात्री को इससे परेशान होना पड़ता है। लोगों को कई बार कंफर्म टिकट नहीं मिल पाता है, ऐसे में यात्रियों का कहना है कि आखिर देश में ऐसा दिन कब आएगा, जब हम किसी भी वक्त कंफर्म टिकट पा सकेंगे। यात्रियों का कहना है कि RAC टिकट पर रेलवे आधी सीट देता है, ऐसे में पूरा किराया क्यों वसूला जाता है? तीसरा मसला वेटिंग टिकट के कैंसलेशन चार्ज से जुड़ा है। लोगों का कहना है कि जब रेलवे सीट नहीं दे सका तो टिकट कैंसल करने पर सर्विस चार्ज के नाम पर वसूली क्यों कर रहा? इसी तरह तत्काल प्रीमियम में वेटिंग नहीं, कंफर्म टिकट जारी होना चाहिए।

**100 पर्सेंट सुरक्षा की गारंटी कब मिलेगी:** 18 जुलाई को यूपी के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस का पटरी से उतर गया। इससे पहले भी कई हादसे हुए। ट्रेनों में सफर करते समय कितने ही यात्रियों का लगेज चोरी होना, छीनाझपटी और अन्य तरह के क्राइम होने की घटनाएं आम हैं। लोगों की मांग है कि आखिर ऐसा दिन कब आएगा, जब हम ट्रेनों में 100 फीसदी सुरक्षा के साथ सुरक्षित यात्रा कर सकेंगे?



### बुजुर्गों को टिकट पर मिलेगा डिस्काउंट?

■ कोरोना आने से पहले देश में बुजुर्गों समेत अन्य कई कैटिगरी में रेल यात्रा करने के वक्त डिस्काउंट मिलता था। कोरोना आने के बाद यह खत्म कर दिया गया। बुजुर्गों और अन्य कैटिगरी के लोगों की मांग है कि रेलवे उनका यह डिस्काउंट वाला मामला जल्द से जल्द शुरू करे, क्योंकि कितने ही बुजुर्ग तो ऐसे हैं, जिनके पास ट्रेन में यात्रा करने के लिए पर्याप्त पैसा नहीं हो पाता। इसके अलावा जिस तरह से मेल एक्सप्रेस और प्रीमियम ट्रेनों के नाम पर यात्रियों से काफी अधिक किराया लिया जा रहा है, उसे भी रेलवे को देश की मौजूदा हालत को देखते हुए कम करना चाहिए।

**सभी ट्रेनों में 'कवच' सिस्टम कब लागू होगा:** हाल ही में हुए कुछ ट्रेन हादसों में सिग्नल ब्रेक या दूसरी चूक का पता चला। ऐसे हादसों को रोकने के लिए रेलवे कवच सिस्टम लाया था। यात्रियों की मांग है कि रेलवे 100 पर्सेंट ट्रेनों में कवच सिस्टम लगाए, जिससे हादसों की गुंजाइश कम हो। रेलवे 67 हजार से भी अधिक रूट किलोमीटर (RKM) रेलवे लाइनों में अभी तक सिर्फ 1465 RKM पर कवच सिस्टम लगाया है। कवच अभी सिर्फ 121 इंजनों में फिट किया गया है। वहीं 3 हजार RKM पर इस साल के अंत तक कवच लगाने का प्लान है। कवच रेलवे की एक स्वचालित सुरक्षा प्रणाली है, जिसे रेल हादसों को रोकने के लिए बनाया गया है। यह एक तरह की डिवाइस है, जिसे ट्रेन के इंजन के अलावा रेलवे के रूट पर भी लगाया जाता है।

**खाने-पीने और सफाई में कब होंगे आगे:** ट्रेनों से सफर करते वक्त अक्सर लोगों को खाने-पीने, साफ-सफाई और हाइजीन से जुड़ी शिकायतें रहती हैं। लोगों का कहना है कि ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर ऐसी समस्याओं से कब तक लोगों को राहत मिल सकेगी।

## UCC पर धामी का कमिटी को निर्देश

■ भाषा, देहरादून: उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को एक्सपर्ट कमिटी से प्रदेश में समान नागरिक संहिता (UCC) लागू करने के लिए प्रक्रियाओं एवं नियमों को समयबद्धता के साथ अंतिम रूप देने को कहा। UCC को लागू करने की तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके प्रावधानों को व्यवस्थित रूप से क्रियान्वित करने के लिए गठित उप समिति के कार्यों और विभिन्न विभागों के स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही को भी जल्द अंतिम रूप दिया जाए। उन्होंने इस संबंध में विभिन्न स्तरों पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सीएम ने कहा कि UCC को विधिवत लागू किए जाने से पूर्व सभी पहलुओं का गहनता एवं सजगता से अध्ययन किया जाए।

## मुंबई में बारिश, NDRF तैनात





मुंबई में कई जगह सोमवार सुबह 8 बजे तक 24 घंटे में 200 मिमी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। कल्याण और ठाकुर्ली स्टेशन के बीच व्यस्त समय में लोकल ट्रेन सेवाएं थोड़ी देर के लिए बाधित हुईं। वहीं मध्य रेलवे की लोकल ट्रेन सेवा एक घंटे की देरी से शुरू हुई और 20-25 मिनट लेट से ट्रेनें चलीं। सुबह 6 बजे से 7 बजे के बीच महज एक घंटे में कुछ इलाकों में तो 34 मिमी तक बारिश दर्ज की गई।- भारी बारिश और समुद्र में लहरें उठने के पूर्वानुमान के बीच सुरक्षा के कई इंतजाम किए गए।

# केशव मौर्य ने CM योगी के विभाग से मांगी नौकरियों में आरक्षण पर जानकारी

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ

**यूपी के** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नियुक्ति और कार्मिक विभाग को पत्र लिखकर सभी विभागों में आउटसोर्सिंग और संविदा कर्मचारियों की संख्या और उनमें आरक्षण का पालन किए जाने के बारे में जानकारी मांगी है। उनका यह पत्र वायरल है। अपना दल (सोनेलाल) की अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने भी सीएम योगी आदित्यनाथ को इस मसले पर चिट्ठी लिखी थी। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग सीएम योगी आदित्यनाथ के पास है। 14 जुलाई को बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के ठीक अगले ही दिन ही केशव ने नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग को पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने कहा है कि विधान परिषद में एक सवाल के जवाब के लिए 11 अगस्त 2023 को उन्होंने इस संबंध में आंकड़े मांगे थे। उसी साल 16 अगस्त को एक बार फिर सूचनाएं एकत्रित करने और आउटसोर्सिंग की नौकरियों में आरक्षण नियमों का पालन करने के लिए पूर्व में जारी आदेशों पर अमल के लिए निर्देश दिए थे। इसके बाद भी जब इन आदेशों पर कोई अमल नहीं हुआ तो एक बार फिर उन्होंने 15 जुलाई को चिट्ठी लिखकर विभाग से जवाब मांगा है। नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा है कि हम जवाब संकलित कर रहे हैं। जानकारियां उपलब्ध करवा दी जाएंगी।



> प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के अगले दिन ही पत्र लिखकर जानकारी मांगी गई थी।

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली। मंगलवार, 23 जुलाई 2024

## बजट से आशा

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने सोमवार को आर्थिक सर्वेक्षण 2024 संसद में पेश किया। आर्थिक सर्वेक्षण की रोशनी में देखा जाए तो यह बात ज्यादा स्पष्ट होकर उभरती है कि मंगलवार को पेश किए जाने वाले बजट से किस तरह की और कितनी उम्मीदें रखना व्यावहारिक होगा।

**रोजगार है अहम |** आर्थिक सर्वे में इस तथ्य को अच्छी तरह रेखांकित किया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए रोजगार सृजन की चुनौती कितनी अहम है। वर्कफोर्स में कृषि क्षेत्र का हिस्सा आने वाले वर्षों में कम ही होते जाना है। 2023 के 45.8% से घटते हुए 2047 तक यह 25% पर आने का अनुमान है। ऐसे में अगर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में लाने का लक्ष्य हासिल करना है तो बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करना होगा। आर्थिक सर्वे में हिसाब लगाया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को साल 2030 तक सालाना 78.5 लाख रोजगार पैदा करने होंगे।



लगातार 7वां बजट आज

**सामाजिक सुरक्षा |** ध्यान रहे, पिछले वर्षों में कृषि क्षेत्र, निर्माण क्षेत्र और गिग इकॉनमी में ही रोजगार बढ़े हैं। इनमें कृषि क्षेत्र तो छिपी हुई बेरोजगारी के लिए जाना जाता है। फिर यहां हालात तेजी से पलट रहे हैं। निर्माण क्षेत्र में रोजगार अनियमित होते हैं तो गिग इकॉनमी के कामों में असुरक्षा रहती है। अगर देश में गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगारों का सृजन करना है और वर्कफोर्स को सुरक्षा तथा निश्चितता देनी है तो PLI (प्रॉडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव), मित्रा टेक्सटाइल और मुद्रा जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने के अलावा उन क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जो न सिर्फ ज्यादा रोजगार दें बल्कि श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित करें।

**महंगाई पर काबू |** महंगाई एक और बड़ी चुनौती है जिससे निपटना जरूरी है। देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 5.1% के स्तर पर है तो खाद्य महंगाई दर 9.5% पर। हालांकि महंगाई की चुनौती लगातार बने रहने के पीछे महामारी और युद्ध से उपजे हालात के अलावा पिछले दो वर्षों के प्रतिकूल मौसम का भी हाथ रहा है, लेकिन इसे अनदेखा करने का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। सरकार और रिजर्व बैंक को इसके लिए तात्कालिक और दूरगामी दोनों ही स्तरों पर कदम उठाने होंगे।

**शिक्षा और स्वास्थ्य |** चुनौतियां कई स्तरों पर हैं, लेकिन विकसित राष्ट्र का दर्जा पाने का लक्ष्य शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों को प्राथमिकता से लेना अनिवार्य बनाता है। यह उम्मीद करना गलत नहीं होगा कि समाज के अलग-अलग तबकों को राहत देने की मजबूरियों के बीच भी बजट में इन दोनों क्षेत्रों को अधिकाधिक लोगों की पहुंच में लाने और इनकी क्वॉलिटी बढ़ाने के खास प्रयास दिखेंगे।

## धूप-छांव

### पीछे छूटते पहाड़

प्रणव प्रियदर्शी

**जिसे हम** अपने कठिन समय के रूप में जानते, भोगते और याद रखते हैं, वह प्रतिकूल परिस्थितियों में अपने विश्वास को बनाए रखने की कोशिशों के अलावा भी कुछ होता है क्या?

सवाल मुझसे किसने, कब पूछा था, याद नहीं है, लेकिन यह मेरे अंदर है लंबे समय से। जब भी जिंदगी में पहाड़ जैसी समस्याएं आती प्रतीत होती हैं, पहले उन सबको मिलाकर एक पहाड़ का रूप देना, उसके बाद उस विशाल पहाड़ को चट्टानों के रूप में देखना, फिर उन चट्टानों को धूल-मिट्टी के कणों के रूप में महसूस करना और आखिर में अपने पैरों के नीचे मौजूद धूल कणों के बराबर का साबित करते हुए कदम-दर-कदम उसे पार कर जाना – यह संभव इसलिए होता है कि ऊपर बताया गया सवाल मेरे मन में मौजूद रहता है। यही उस समस्या के हर पहलू को जांचता-परखता है कि जो परिस्थिति बनी दिख रही है, जो पात्र मेरी ओर चुनौतियां फेंक रहे हैं, वे सब मुझे कठिन क्यों लग रहे, इसलिए क्योंकि वे मेरे अब तक के विश्वास के खिलाफ हैं। लेकिन जो मेरा मूल्यबोध है, क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए, इसे लेकर जो बुनियादी समझ है मेरी, वह जब तक सिरे से गलत साबित नहीं हो जाती, तब तक कम से कम मुझे तो अपने इन विश्वासों के अनुरूप ही आचरण करना चाहिए।

इस बिंदु तक पहुंचने के बाद लकीरें साफ हो जाती हैं। परिस्थितियां मुझे किस आचरण के लिए मजबूर करना चाहती हैं और मुझे कैसा आचरण करना चाहिए, इन दोनों के बीच स्पष्ट सीमा खिंची नजर आती है। फिर शुरू होता है वह संघर्ष जिसे आप थ्रिलर जैसा भी आकर्षक नाम दे सकते हैं, पर है वह रहस्य-रोमांच से भरपूर एक ऐसा थ्रिलर जिसमें अगले पल क्या होना है, दो कदम बाद ही कैसा मोड़ आने वाला है, नहीं पता होता। अपने मन का करने का संकल्प और उसका नतीजा देखने की जिज्ञासा- इन्हीं दोनों के बीच कब वे समस्याओं के पहाड़ पीछे छूट जाते हैं, पता ही नहीं चलता। पता तब चलता है जब अपने आसपास के लोगों की तालियां सुनाई देने लगती हैं। अचानक जैसे तंद्रा भंग होती है कि समस्याओं के जिन पहाड़ों से मैं घिरा था, वे तो कहीं हैं नहीं। मैं तो अपने प्रशंसकों के बीच हूं जो मेरी हिम्मत, धैर्य और सूझबूझ वगैरह की तारीफ कर रहे हैं। झुककर तारीफें ग्रहण करते हुए भी जैसे खुद को अहसास नहीं होता कि वे सच है। क्योंकि खुद तो उस रहस्य रोमांच से भरे थ्रिलर से गुजरते हुए ऐसा कुछ सोचने-समझने, महसूस करने का वक्त ही नहीं मिला होता है।

**डिस्क्लेमर :** ऊपर दिया गया पूरा ब्योरा मनगढ़ंत है। इसके झूठ-सच का फैसला अपने रिस्क पर, खुद आजमाकर ही करें।

## बोल वचन

### खिसियानी बिल्ली

राहुल पाण्डेय


**खैनी पर** ताल ठोंकते हुए पुट्टन चाचा मुझे सुना रहे थे- सीने में जलन, आंखों में तूफान सा क्यों है। रहा नहीं गया तो मैंने पूछ लिया, चाची ही बतावें, पुट्टन इतना खिसियान सा क्यों है। यह सुनते ही चाची खिल्ल से हंस पड़ीं और पुट्टन चाचा खिसिया गए। एक विज्ञापन की पंचलाइन थी- डर सबको लगता है। हर कोई खिसियाता है- यह भी उतना ही सच है। दफ्तर में बॉस की डांट पड़ने पर कर्मचारी खिसियाता है। खिसियाना तब भी पड़ता है, जब आप लाल बत्ती क्रॉस करते हुए पकड़े जाएं। तब भी, जब भंडारे की लाइन में दूसरी बार आने पर पकड़े जाएं। सुख-दुख की तरह खिसियाहट भी जीवन का एक अभिन्न अंग है, और हमारी देह का भी। खिसियाना यानी बेइज्जत होने के बाद का चिड़चिड़ापन। ऐसा नहीं कि जो किसी की बेइज्जती करते हैं, वे खुद नहीं बेइज्जत होते। किसी की बेइज्जती करने के बाद इंसान सबसे पहले आईने के सामने बेइज्जत होता है, बशर्ते वह इंसान ही हो। कुछ इसे हंसने से जोड़ते हैं। लेकिन जरूरी नहीं कि हर इंसान खिसियाकर दांत ही दिखाए। कुछ बेइज्जती चुपचाप पी जाते हैं तो कुछ जूता भी उतार लेते हैं। जरूरी नहीं कि इंसान किसी इंसान से ही खिसियाए। वह मौसम से भी खिसियाता है। बारिश न होने से खिसियाए हुए इंसान मेढकों और कुत्तों तक की शादी कराने लग जाते हैं। इस खिसियाने के लिए इंग्लिश में frustration शब्द मिलता है। यह खिसियाने के कुछ पास तो पहुंचता है, लेकिन बीच में रास्ता खिसियानी बिल्ली काट जाती है।

Subrata Dhar



### जो बाइडन के राष्ट्रपति चुनाव से पीछे हटने के बाद चार गवर्नरों ने जताया चुनाव लड़ने का इरादा

# क्या हवा का रुख़ बदल देंगी कमला हैरिस



ललित मोहन बंसल

**'नामांकन लूंगी** और चुनाव भी जीतूंगी', कमला हैरिस जोश में हैं। भारतीय मूल की अश्वेत कमला हैरिस को मालूम है कि जो बाइडन के राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से हटने के बाद नामांकन हासिल करना सहज नहीं है। कई और प्रत्याशी इस दौड़ में शामिल हैं।

**रिझाने की कोशिश |** पिछले रविवार की दोपहर पता चला कि बाइडन चुनाव से हट रहे हैं। इसके बाद डेमोक्रेटिक राजनीति में जैसे पंख लग गए। कैलिफोर्निया और इलिनॉय सहित चार बड़े डेमोक्रेट राज्यों के गवर्नर राष्ट्रपति पद के नामांकन की दौड़ में शामिल हो गए। ऐसे भी कुछ सीनियर डेमोक्रेट हैं, जो मिनी प्राइमरी कर नामांकन मामले को उलझाने में लगे हैं। लेकिन चार साल उपराष्ट्रपति पद पर रहने के बाद कमला यह बखूबी जानती हैं कि वह जिस पद पर हैं, उस वजह से उन्हें प्राथमिकता तो मिल सकती है, मगर सीधे नामांकन नहीं मिल सकता।

**नैशनल कन्वेंशन पर निगाहें |** डेमोक्रेटिक पार्टी का नेशनल कन्वेंशन 19 अगस्त को है। इसके लिए सारी व्यवस्था हो चुकी है। चुनाव में अब 105 दिन ही बचे हैं। इसलिए कमला हैरिस ने देशवासियों, खासकर डेमोक्रेट सदस्यों से दो-टूक अपील की, 'आइए, हम सभी एकजुट होकर लड़ें, मिलजुल कर चुनाव जीतें।' इस अपील का असर भी हुआ। डेमोक्रेट बहुल कैलिफोर्निया के गवर्नर गेवन न्यूसम ने उनके समर्थन की घोषणा कर दी। रविवार शाम तक कमला हैरिस के समर्थन में एक दर्जन डेमोक्रेट बहुल राज्य और आ गए। न्यू यॉर्क स्टेट की महिला गवर्नर कैथी होचुल ने जोरदार अपील में कहा, 'कमला न्याय की प्रतिमूर्ति हैं। वह महिलाओं के लिए दिन-प्रतिदिन संघर्ष करने को तत्पर रहती हैं।'

**कमला हैरिस में क्या है खास**
- दूसरे डेमोक्रेट दावेदारों से आगे हैं
- अफ्रीकी-अमेरिकी वोटर हैं साथ
- मिल जाएगा बाइडन का चुनावी फंड

**ओबामा का समर्थन नहीं |** कमला कैलिफोर्निया की अटॉर्नी जनरल रह चुकी हैं। उन्होंने उपराष्ट्रपति पद पर रहते हुए इमिग्रेशन और गर्भपात जैसे बड़े मुद्दों पर बड़ी सुर्खियां बटोरी हैं। इसके विपरीत डॉनल्ड ट्रंप चार आपराधिक मामलों में कसूरवार और 91 अदालती मामलों अभियुक्त रह चुके हैं। हालांकि ट्रंप को सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल चुकी है, लेकिन एक बड़ा वर्ग आज भी उनके वैयक्तिक चाल-चलन से नाखुश है। जिन चार राज्यों के गवर्नर चुनावी राजनीति में आगे आना चाहते हैं, वे सभी लोकप्रियता में कमला हैरिस से बहुत पीछे हैं। इसके बावजूद शीर्षस्थ डेमोक्रेट बराक ओबामा सहित सीनेट और प्रतिनिधि सभा के नेता कमला का समर्थन नहीं कर पाए।

**मजबूत वोट बैंक |** कमला हैरिस के पक्ष में एशियाई अमेरिकी के साथ बड़ी संख्या में अश्वेत और अफ्रीकी अमेरिकी एकजुट होकर खड़े हैं। अफ्रीकी अमेरिकी 19 प्रतिशत हैं। इनके अलावा लैटिन अमेरिकी मूल के बारह से पंद्रह प्रतिशत मतदाता रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़ते हैं। बराक ओबामा को पहले टर्म में अश्वेत, भारतीय और लैटिन अमेरिकी समुदाय से 84 प्रतिशत मत मिले थे। कहा जा रहा है कि भारत के तमिल, तेलुगू और मलयाली सहित अन्यान्य प्रवासी भारतीय कमला के पक्ष में एकजुट होते जा रहे हैं। इस अश्वेत, अफ्रीकी अमेरिकी, भारतीय अमेरिकी समुदाय की देश के छोटे-बड़े छह स्विंग स्टेट में इतनी पैठ है कि वह चुनाव के रुख को बदल सकता है। कहा जा रहा है कि कट्टर ईसाई समुदाय में इवेंजिलिस्ट के अहंकारी स्वभाव के कारण कमला हैरिस का वोट बैंक स्थिर है। उसका रिपब्लिकन खाते में जाना संभव नहीं है।



AI Image

**चुनावी फंड का फायदा |** कमला हैरिस के पक्ष में डेमोक्रेट वोट बैंक के साथ एक बात और जा रही है। उन्हें जो बाइडन के चुनावी फंड में जमा करीब सात सौ करोड़ रुपये मिल सकेंगे। यही नहीं, बाइडन के नाम वापस लेने भर से उसके बाद के पांच घंटों में छोटे-छोटे दानदाताओं ने दो सौ सत्तर करोड़ रुपये उनकी झोली में डाल दिए हैं। ऐसे ही बड़े डोनर्स की ओर से भी समर्थन मिल रहा है। एक ताज़ा एशियन अमेरिकन वोटर सर्वे में कहा गया है कि यह समूह तेजी से बढ़ रहा है। इसमें पिछले चार वर्षों में पंद्रह प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस समुदाय के सामने मुख्य मुद्दे रोज़गार, हेल्थ/मेडिकेयर, महंगाई और मकानों के बढ़ते किराये हैं।

**ट्रंप की पॉलिसी से नुकसान |** भारत और अमेरिका के बीच सामरिक और व्यापार संबंधी नीतियों का भारतीय अमेरिकी मतदाताओं पर बुरा असर पड़ रहा है। लोग यह भी भूले नहीं हैं कि ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में चीन से बढ़ते आयात और घटते निर्यात की पृष्ठभूमि में दस से बीस प्रतिशत सीमा शुल्क लगा कर चीनी कंपनियों को निरुत्साहित किया था। इससे दोनों देशों के बीच पारस्परिक संबंधों में दरार आ गई थी। अमेरिकी हितों के संरक्षण में अगर चीन और भारत के विरुद्ध व्यापारिक और सामरिक नीतियों में बदलाव लाए जाते हैं तो निश्चित रूप से अमेरिका में रह रहे भारतीय अमेरिकी समुदाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा।

**आउटसोर्सिंग रोकने का इरादा |** डॉनल्ड ट्रंप ने पिछले दिनों भारत और चीन में आउटसोर्सिंग पर प्रतिबंध लगाए जाने की बात कहकर भारत में आईटी और हेल्थकेयर में फार्मा कंपनियों को रुष्ट कर लामबंद किया है। इसका डेमोक्रेट प्रत्याशी को लाभ होना निश्चित है।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं और लॉस एंजिलिस में रहते हैं)*

# माइक्रोसॉफ्ट को 'माइक्रोहार्ड' होना मांगताए




दीपक पाचपोर

**अपुन का** फ्रेंड बाबूराव बोले तो एकदम झक्कास आईटम। उसकूं कोई बी बात का कबी बी टेंशन नईं होताए। जबी पूछताए कि 'भिड़, तुम अईसा टेंशन फ्री कईसा रहताए', तबी वो अपुन कूं मस्त टिप्स देताए। उसका पास गल्ली का नाली सफाई से लेके परमाणु हत्यार तक अक्खा प्रॉब्लेम का सोल्यूशन मिलेंगा। उसका सोल्यूशन थोड़ा आड़ा-तिरछा रहताए इस करके खाली सुन के लेने का। वापरने का नईं।

अबी एक दिन अपुन बाबूराव को पूछेला, 'बॉस ये पॉलिटिक्स का भीतर बोले तो टपोरी लोग भौत आएला। उसका क्या करने का? गौरमेंट काएकूं कुछ नईं करताए?' बाबूराव मस्त स्माइल देके क्या कहताए वो जरा सुन के लेने का। पैले वो पूछताए कि 'भिड़, तुमकूं कोई का तकलीप होएंगा तो बताने का। अपुन इदर से खाली एक फोन घुमाएंगा उदर तुमारा घर पे पुलिस आके पूछ के जाएंगा कि कोई बी प्रॉब्लेम होताए वो बताने का।' जबी अपुन कहेला कि अपुन कूं कोई प्रॉब्लेम नईं होताए। अपुन तुमारा माफिक टोटल बिंदास रहताए, तबी बाबूराव बोलताए, 'बस, बिंदास रहने का! पन तुम जो पूछेला उसका थोड़ा सुन के लेने का! अबी टपोरीगिरी अऊर पॉलिटिक्स दोनों टोटल मिक्सअप हुएला। तुम समज नईं सकताए कि मवाली लोग कूं गौरमेंट बनाताए कि मवाली लोग सरकार बनाताए।' जबी अपुन पूछेंगा कि तबी क्या करने का, वो कहेंगा कि गौरमेंट बनाने का ज़रूरत नईं। अपुन पूछा कि 'जबी गौरमेंट नईं रहेंगा तबी काम कईसा चलेंगा?' बाबूराव कहेंगा, 'अबी तुमकूं लगताए क्या कि गौरमेंट होताए? हाफिसर लोग काम नईं

AI Image



खाली पीली

करताए, गटार का सफाई नईं होताए, रोड पे अक्खा लोग सिग्नल तोड़ताए।' अपुन बोला, 'तुम इसका कम्प्लेन्ट करने कूं सकताए गौरमेंट का पास। इस करके गौरमेंट होना मांगताए।' बाबूराव- 'पन तुमारा पसंत का गौरमेंट कबी बनताए क्या? नईं न? अपुन फुल टू कन्फ्यूज़ होके पूछेला- 'फिर क्या करने का बाबूराव?' वो कहताए- 'कुछ नईं करने का। वोटिंग नईं करने का, खल्लास!' अपुन अंगार बनके बोला- 'बाबूराव, तुम डेमोक्रेसी में अईसा बात करताए, टोटल रॉन्ग।' बाबूराव बोला, 'अबी अपुन तुमकूं कहताए कि जईसा तुम इत्ता बरस तुमारा नापसंती का सरकार का भीतर लाइफ निकाला ना, वईसाईच कोई बी प्रॉब्लेम कूं लेके जास्ती भंकस नईं करने का। शांति से रैने का।' अपुन बाबूराव का बात याद करके थोड़ा ठैरा। पैले दोनों चा पियेला। फिर अपुन पूछेला- 'बाबूराव, तुमकूं पता पड़ा क्या उदर माइक्रोसॉफ्ट विंडोज़ का वाट लगेला। कित्ता फ्लाइट कैंसिल हुएला, बैंक का सर्वर डाउन हुएला?' बाबूराव बोलताए, 'बॉस, अपुन इदर बईठेलाए पन अक्खा बातमी इदर चलके आताए। अक्खा दिन मचमच हुएला पन अपुन टोटल मजा लेताए।' अपुन बोला- 'अक्खा दुनिया में बोमाबोम हुएला अऊर तुम मजा लेताए?' बाबूराव- 'जबी अपुन कूं किदर बी फ्लाइट पकड़के जाने का नईं तबी काएकूं टेंशन लेने का। बैंक का सर्वर डाउन होताए तबी बी कोई टेंशन नईं। पईसा आज नईं तो कल आएंगा। तुमकूं हजार-पांच सौ मांगताए तबी अपुन कूं बोलने का।' अपुन कहेला- 'अपुन कूं नईं मांगताए पन तुमारा पास अईसा प्रॉब्लेम का सोल्यूशन होताए क्या?' बाबूराव फुल टू कांफिडेंस का साथ बोलताए- 'तुमारा दोनों प्रॉब्लेम का बोले तो एकईच सोल्यूशन होताए। 'माइक्रोसॉफ्ट विंडोज़' का बदले थोड़ा 'माइक्रोहार्ड विंडोज़' वापरने का। तुम जित्ता सॉफ्टली काम करेंगा न बॉस, तुमारा उत्ताइच वाट लगेंगा। अबी अपुन का लोकशाही विंडोज़ से काम करताए, वो बी सॉफ्ट वेरायटी का। एक तो उसकूं गेट से आना मांगताए भाऊ, अऊर वो बी थोड़ा हार्ड होके। उसकूं कोई तोड़ने कूं नईं सकताए। तबी वो बी काम करेंगा अऊर गौरमेंट बी काम करने कूं सकताए।

**शेयर करें अपने अनुभव**

आम मुंबइया भाषा में यह लेख कैसा लगा हमें बताएं **nbtreader@timesgroup.com** पर, और सब्जेक्ट में लिखें-'**खाली पीली**'

## THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

hindi.speakingtree.in

# शिव और प्रकृति को समझने का अवसर है सावन

मयंक मुरारी

**हम अपने** चारों ओर जितनी भी चीजें देखते हैं, उसका एक आकार होता है, लेकिन हमारी चेतना निराकार है। एक मूर्ति भी निर्गुण होती है, लेकिन जब उसमें प्राण प्रतिष्ठा होती है, तो भक्त के हृदय में उस मूर्ति की धड़कन सुनाई देने लगती है। यानी मूर्ति के साथ हमारी निष्ठा एक जीवंत रूप ले लेती है। भक्त उस मूर्ति के माध्यम से असीम और अनंत से जुड़ जाता है। शिवलिंग की पूजा में यही खासियत है। शिवलिंग ब्रह्मांडीय चेतना और अनंत ऊर्जा का प्रतीक है। यह निराकार ब्रह्म का साकार रूप है, जिसमें समस्त सृष्टि समाहित है। शिवलिंग का आकार याद दिलाता है कि आत्मा का स्वरूप भी उसी शिवलिंग के समान है।

धार्मिक दृष्टि से शिवलिंग की पूजा परम तत्व से सीधा संबंध स्थापित करने का माध्यम है। भक्तजन शिवलिंग को शिव के सगुण रूप में देखते हैं, जिसमें अनंत शक्ति और दिव्यता निहित है। इसके माध्यम से वे शिव की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। इसके लिए सावन का महीना अनुकूल माना जाता है। सावन के महीने में शिवलिंग की पूजा का विशेष महत्व है। माना जाता है कि इस महीने में भगवान शिव ने समुद्र मंथन के दौरान निकले विष को पिया था, जिससे उन्होंने देवताओं और दानवों, दोनों को बचाया। विष के प्रभाव को कम करने के लिए देवताओं ने उन्हें जल अर्पित किया। इसी कारण से सावन में शिवलिंग पर जल चढ़ाने की परंपरा है। सावन के महीने में वातावरण शुद्ध और ताजगी से भरा होता है। शिवलिंग पर जल और बेलपत्र चढ़ाने से न केवल धार्मिक लाभ मिलता है, बल्कि यह पर्यावरण की शुद्धि में भी सहायक होता है। बेलपत्र का महत्व भी विशेष रूप से है, क्योंकि यह शिव को अत्यंत प्रिय है और इसका औषधीय महत्व भी है।

शिवलिंग भारतीय समाज और संस्कृति का अभिन्न अंग है। यह न केवल धार्मिक स्थलों पर स्थापित होता है, बल्कि कला, साहित्य और संगीत में भी इसकी व्यापकता है। शिवलिंग की पूजा और प्रतिष्ठा समाज के विभिन्न आयामों को एक साथ जोड़ती है। शिवलिंग के गोलाकार और अंडाकार रूप को पृथ्वी और ब्रह्मांड के विभिन्न तत्वों के संतुलन के रूप में देखा जाता है। योग और तंत्र परंपराओं में शिवलिंग को ऊर्जा केंद्र (चक्र) और चेतना के उच्चतम स्तर का प्रतीक माना जाता है। इन सभी दृष्टिकोणों से यह स्पष्ट होता है कि शिवलिंग केवल एक धार्मिक मूर्ति नहीं है, बल्कि यह गहरे आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक अर्थों से जुड़ी हुई है। यह प्रतीक हमें सिखाता है कि निराकार ब्रह्म को साकार रूप में कैसे अनुभव किया जा सकता है और इस अनुभव से जीवन की गहराइयों को कैसे समझा जा सकता है।

अस्तित्व अनंत आकाश में समाया है। यह अंतरिक्ष असीम है और इसमें तारे, सूर्य और निहारिका के रूप में आकार हैं। वह ब्रह्म स्वयं निर्गुण है, लेकिन उसकी रचनाएं सगुण और साकार हैं। भारतीय दर्शन की एक विशेषता है कि यहां जो देखा गया, सुना गया, वही गाया गया। अग्नि, सूर्य, आकाश, पृथ्वी, रुद्र, विष्णु, वरुण की शक्तियां आदि काल में मनुष्यों को सम्मोहित करती थीं। बाद में ऋषियों ने इन सारे देवों को वृक्षों में देखा, जहां हरियाली, फूल और सुगंध दिखे।

# विशेष मांग से कब तक बचेगी सरकार

नरेन्द्र नाथ

**लोकसभा चुनाव** का परिणाम 4 जून को आया। इसके साथ ही किसी राज्य को स्पेशल पैकेज और स्पेशल स्टेटस देने का मामला भी देश की राजनीति के केंद्र में आ गया। इसकी वजह हैं बिहार के सीएम नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू। इस बार मोदी सरकार को चलने के लिए नायडू की TDP और नीतीश के JDU के सहारे की जरूरत है। ये दोनों ही नेता अपने-अपने राज्य को स्पेशल स्टेटस और पैकेज दिलाने की मांग उठाते रहे हैं। ऐसे में जब दोनों नेता केंद्र सरकार में मजबूत भागीदार बने, तो उन पर इस मुद्दे को उसी अनुरूप उठाने का दबाव बढ़ा। अब यह दबाव कहां तक बनाया जाता है, आने वाले समय में केंद्र सरकार की स्थिरता बहुत हद तक इस बात पर भी निर्भर रहेगी।


### अभी सरकार का इनकार है

JDU ने संसद के मौजूदा सत्र में ही बिहार को स्पेशल स्टेटस का मामला उठाने की मांग कर दी थी। सर्वदलीय बैठक में भी पार्टी की ओर से यह मुद्दा उठाया गया। हालांकि सरकार ने लोकसभा में एक प्रश्न का जवाब देते हुए साफ कर दिया कि बिहार को स्पेशल स्टेटस नहीं मिलने जा रहा है। सरकार ने इसकी वजह भी बताई है कि राष्ट्रीय विकास परिषद की ओर से पहले कुछ राज्यों को विशेष श्रेणी का दर्जा दिया गया था। उन राज्यों की कुछ विशेषताएं थीं, मसलन - पहाड़ी और कठिन भूभाग, कम जनसंख्या घनत्व या पड़ोसी देशों के साथ सीमा लगना वगैरह। देश में 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्पेशल स्टेटस मिला हुआ है। ये राज्य हैं - अरुणाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, मेघालय, त्रिपुरा, नगालैंड, सिक्किम, मिजोरम, असम, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर। स्पेशल स्टेटस देने के पीछे गाडगिल फॉर्म्युले को पैमाना बनाया जाता है। ऐसा दर्जा मिलने पर केंद्र से मिलने वाली रकम में से 90% ग्रांट के रूप में मिलती है और बाकी का 10% कर्ज। दूसरी ओर सामान्य राज्यों को केंद्र से दी जाने वाली रकम का महज 30% ही अनुदान होता है।

### आसान नहीं पीछे हटना

सरकार ने भले ही इनकार कर दिया हो, लेकिन चंद्रबाबू नायडू हों या नीतीश कुमार, अपने राज्य के लिए स्पेशल स्टेटस और स्पेशल पैकेज की मांग से पीछे हटने का सियासी विकल्प इन दोनों में से किसी के पास नहीं है। यही कारण है कि बजट से पहले नायडू ने दो बार दिल्ली की यात्रा की। यह दौरा बस मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह सहित सभी संबंधित लोगों से मुलाकात की। साथ ही, आंध्र के लिए स्पेशल पैकेज की मांग सार्वजनिक मंच से रखी। ऐसी भी खबरें आईं कि केंद्र सरकार चंद्रबाबू की मांग के अनुरूप आंध्र प्रदेश में कई निवेश और प्रॉजेक्ट शुरू करने को तैयार है। हालांकि चंद्रबाबू अपनी सारी मांगों के अलावा कुछ भी कम स्वीकारने को राजी नहीं। दरअसल, 2018 में आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर ही TDP ने मोदी सरकार का साथ छोड़ा था। बाद में पार्टी ने इसे BJP के खिलाफ बड़ा मुद्दा भी बनाया था। अब उन पर उनके ही प्रदेश में अपने इस स्टैंड पर टिके रहने का स्वाभाविक दबाव है। यही स्थिति JDU की है। उस पर राज्य के भीतर इस मांग को पूरा कराने के लिए बहुत दबाव है। RJD इस मामले पर नीतीश कुमार को लगातार घेर रही है। सरकार के स्पेशल स्टेटस देने से इनकार करने के बाद लालू प्रसाद यादव की पार्टी ने हमला और तेज कर दिया। यह मुद्दा आगे भी बना रहने वाला है।

विशुद्ध राजनीति
कसौटी



### असीमित मांग, सीमित विकल्प

स्पेशल स्टेटस के साथ दोनों राज्यों ने स्पेशल पैकेज की भी मांग रखी थी। अब यहां केंद्र सरकार और BJP के सामने दोहरी चुनौती है। केवल इन दो राज्यों की मांग को पूरा करना केंद्र के लिए आसान नहीं है। लेकिन, इनकी मांगों को पूरी तरह अनदेखा करने का जोखिम भी सरकार और पार्टी नहीं ले सकती। इन दोनों राज्यों की मांग को देखते हुए बाकी सूबे भी अपनी विशलिस्ट लेकर आ गए हैं। वहीं, साल के अंत में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव हैं, तो सरकार इन सूबों की नाराजगी भी नहीं मोल लेना चाहेगी। जानकारों के अनुसार स्पेशल पैकेज का पिटारा एक बार खुल गया तो इससे निकलना केंद्र के लिए आसान नहीं होगा। ऐसे में सरकार नई मुसीबत को आमंत्रित करने से पहले सौ बार उसका आकलन करेगी। आर्थिक स्तर पर भी सरकार के सामने उतनी स्वतंत्रता नहीं है कि राज्यों को राजनीतिक कारणों से बड़ा-बड़ा पैकेज दे सके। वित्तीय घाटे के कारण कई राज्य केंद्र सरकार के सामने आर्थिक मदद के लिए पहले ही कतार में लग चुके हैं।

## रीडर्स मेल

www.edit.nbt.in

**■ महिलाओं के हक़ में**

22 जुलाई का लेख 'सुप्रीम फैसले से याद आया शाह बानो केस' पढ़ा। 1980 के दशक में शाह बानो केस ने भारत में एक महत्वपूर्ण कानूनी और राजनीतिक बहस छेड़ दी थी। इंदौर के वकील मोहम्मद अहमद खान ने अपनी तलाकशुदा पत्नी शाह बानो को गुजारा भत्ता देने से इनकार कर दिया था। उनका तर्क था कि वह सिर्फ इस्लामी शरीयत कानून के अनुसार जिम्मेदार हैं, न कि भारतीय दंड संहिता (CRPC) की धारा 125 के तहत। सुप्रीम कोर्ट ने 23 अप्रैल 1984 को यह तर्क खारिज कर दिया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने मुस्लिम महिलाओं के हक में एक और फैसला सुनाया, जो लैंगिक समानता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**माम चंद सागर,** ईमेल से

**■ मजबूत हों रिश्ते**

'खाली पीली' कॉलम में 9 जुलाई को पब्लिश लेख 'लीकेज से घबराना नईं, ऑटोमेटिक रुकेंगा', की भाषा हास्यपूर्ण और व्यंग्यात्मक है। इसमें भारतीय संस्कृति और समाज को उभारने की कोशिश की गई है। यह लेख हमारे समाज में आम बातों को लेकर फैली जिज्ञासा और अत्यधिक प्रतिक्रियाओं पर व्यंग्य करता है। लेखक ने रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप और एयरपोर्ट की स्थितियों का उपयोग करके इस प्रवृत्ति को दर्शाया है।

**विजय पाटिल,** ईमेल से

**■ जन भावनाओं का सम्मान**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की स्थापना 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन डॉक्टर केशव हेडगेवार ने की थी। इसका उद्देश्य हिंदू समुदाय को एकजुट कर हिंदू राष्ट्र की स्थापना, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, आदिवासी शिक्षा को बढ़ाना, स्व-रोजगार और धर्मांतरण से रक्षा करना था। अब सरकार ने संघ के कार्यक्रमों में सरकारी कर्मचारियों के शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया है। यह फैसला स्वागत योग्य है। सरकार ने जनभावनाओं का सम्मान किया है।

**मीना धानिया,** सिरसपुर

**nbtedit@timesgroup.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

### अंतिम पत्र

**कोचिंग हब** से बाहर के छात्र भी बने टॉपर – एक खबर

– क्या इससे पैरेंट्स और स्टूडेंट्स का भ्रम टूट पाएगा!

**धीरेंद्र पाठक**

आर.एन.आई. नं. 510/57© सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित तथा **टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद** और प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर M-11, ट्रांसपोर्ट हब, इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप, मानेसर, हरियाणा से मुद्रित। फोन : 23302000 फैक्सः 23492047, पंजीकृत कार्यालय : दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमान सेवा शुल्क : 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य : सोमवार से शनिवार : नेपाली 5 रु. ; रविवार : नेपाली 6 रु.
संपादक (दिल्ली मार्केट) : आशीष पांडे (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी)

# बजट आज, सर्वे से संकेत- रोज़गार और छोटे उद्योगों पर होगा फोकस!

## फटाफट खबरें

### CPI का आधार वर्ष अब 2024 होगा

■ **एनबीटी न्यूजडेस्कः** स्टैटिक्स मिनिस्ट्री ने कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (Consumer Price Index) यानी CPI के आधार वर्ष को 2012 से 2024 करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इकॉनमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, आर्थिक सर्वेक्षण में सोमवार को बताया गया कि इकॉनमिक डेटा की सटीकता और प्रासंगिकता को बढ़ाने के उद्देश्य से ऐसा किया जा रहा है। आधार वर्ष इकॉनमिक वैरिएबल्स और बदलावों को मापने के लिए एक रेफरेंस पॉइंट है। इसके साथ ही GDP कैलकुलेशन के लिए आधार वर्ष को भी अपडेट करने के लिए अडवाइजरी कमिटी बनाई गई है।

### 'गोल्ड जूलरी नहीं, कॉइन पर है ज़ोर'

AI Image



■ **विस, मुंबईः** वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल (WGC) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सोने की बढ़ती कीमतों के कारण लोग जूलरी से सोने की छड़ों और सिक्कों की ओर शिफ्ट हो रहे हैं। इससे जूलरी की मांग कम होने के बावजूद छड़ों और सिक्कों की मांग बनी हुई है। इससे निवेशकों के बीच एक पसंदीदा असेट क्लास बन गया है। इससे 'असेट अंडर मैनेजमेंट' में साल-दर-साल 54% की वृद्धि हुई।

### क्या ITR की समय सीमा वाकई बढ़ी है?

■ **एनबीटी न्यूजडेस्कः** सोशल मीडिया पर एक खबर की क्लिपिंग वायरल हो रही है, जिसमें दावा किया गया है कि ITR की ई-फाइलिंग की तारीख 31 अगस्त 2024 तक बढ़ा दी गई है। इनकम टैक्स विभाग ने गुजरात के एक अखबार की वायरल खबर को फेक बताते हुए कहा है कि ई-फाइलिंग की अंतिम तिथि FY2023-24 के लिए 31 जुलाई 2024 ही है। साथ ही विभाग ने चेताया है कि आईटीआर दाखिल करने की समय सीमा से चूकने पर लोगों को महंगा पड़ सकता है। विभाग ने X पर एक पोस्ट में कहा है कि लोग इनकम टैक्स की आधिकारिक वेबसाइट/पोर्टल पर मिली सूचनाओं पर ही यकीन करें।

**बजट 3.0**

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी वित्त वर्ष 2025 का आम बजट**

■ **विशेष संवाददाता, नई दिल्ली**

**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण मंगलवार को नई एनडीए सरकार का पहला आम बजट पेश करेंगी। सूत्रों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 के इस बजट में रोजगार के मौके बढ़ाने, ग्रामीण इलाकों में जीवन स्तर सुधारने और करदाताओं को टैक्स में कुछ राहत देने के कदम उठाए जा सकते हैं। साथ ही, स्किल डिवेलपमेंट और छोटे, मझोले उद्योगों के लिए इंसेंटिव देने के उपाय किए जा सकते हैं। इसके संकेत वित्त वर्ष 2024 की आर्थिक समीक्षा में भी दिखे, जिसे वित्त मंत्री ने सोमवार को संसद में पेश किया।

सूत्रों के मुताबिक, ओल्ड टैक्स रिजीम में बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन न्यू टैक्स रिजीम में कुछ रियायत दी जा सकती है। 45 लाख के बजाय 65 लाख रुपये तक के घरों को अफोर्डेबल हाउसिंग से जुड़े बेनेफिट देने और आयुष्मान भारत योजना में कवरेज बढ़ाने के अलावा ग्रामीण इलाकों में आवास योजना, मनरेगा और सड़क निर्माण योजनाओं के लिए ज्यादा आवंटन हो सकता है।

वित्त वर्ष 2024 में इकॉनमी की 8.2% की जोरदार रफ्तार, टैक्स कलेक्शन में 20% की जबरदस्त बढ़त और RBI से मिले 2.1 लाख करोड़ रुपये के रेकॉर्ड डिविडेंड को देखते हुए रेवेन्यू एक्सपेंडिचर बढ़ने पर भी वित्त मंत्री को फिस्कल डेफिसिट काबू में रखने में दिक्कत नहीं होगी। ICRA की चीफ इकॉनमिस्ट अदिति नायर ने कहा, 'अंतरिम बजट के मुकाबले रेवेन्यू एक्सपेंडिचर करीब 600 करोड़ रुपये बढ़कर 37 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। फिर भी सरकार 4.9-5% का फिस्कल डेफिसिट टारगेट रख सकती है।'

## आधे युवाओं के पास जॉब पाने की स्किल नहीं

■ *विशेष संवाददाता, नई दिल्लीः वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को वित्त वर्ष 2024 की आर्थिक समीक्षा पेश की। वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात करते हुए इसमें वित्त वर्ष 2025 में **GDP** ग्रोथ 6.5-7% तक होने का अनुमान दिया गया, जो **RBI** के 7.2% के अनुमान से कम है। इसकी वजह भी बताई गई है। सर्वे में प्रोडक्टिव एंप्लॉयमेंट के मौके बनाने, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रफ्तार बढ़ाने, कृषि क्षेत्र में सुधार करने, **MSME** की राह में आ रहीं दिक्कतें दूर करने और स्किल डिवेलपमेंट पर जोर दिया गया।*



### रोज़गार

इकनॉमिक सर्वे में कहा गया है कि इंडियन इकॉनमी को खेती-बाड़ी के अलावा बाकी क्षेत्रों में साल 2030 तक हर साल करीब 78.5 लाख रोजगार पैदा करने की जरूरत है। तेजी से बढ़ती आबादी का 65% हिस्सा 35 साल से कम उम्र के लोगों का है, जिनमें से कइयों के पास आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी कौशल नहीं हैं। अनुमान है कि कॉलेज से निकलने वाले लगभग हर दो में से एक युवा के पास रोजगार पाने लायक स्किल नहीं है।

### महंगाई


RBI को महंगाई कंट्रोल करने के उपाय और नीतिगत ब्याज दरें तय करते समय खाने-पीने की चीजों की महंगाई पर गौर नहीं करना चाहिए। मॉनेटरी पॉलिसी से डिमांड साइड के दबावों से निपटने में मदद मिलती है, लेकिन फूड प्राइसेज सप्लाई से जुड़ी दिक्कतों से बढ़ती हैं। खाने-पीने की चीजों की ऊंची कीमतों के चलते गरीबों को दिक्कत न हो, इसके लिए उन्हें डायरेक्ट कैश ट्रांसफर करने या कुछ खास चीजें खरीदने के लिए कूपन देने के बारे में सोचना चाहिए।

### चीन से FDI



चीन से ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आने से भारत से निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। अमेरिका और यूरोप अब चीन से सोर्सिंग घटा रहे हैं, ऐसे में ज्यादा चीनी कंपनियों का भारत में निवेश करना और फिर यहां से अपने उत्पादों का निर्यात करना भारत के लिए ज्यादा फायदेमंद होगा। चीन के साथ बढ़ते व्यापार घाटे को देखते हुए वहां से आयात घटाना चाहिए।

### AI का असर




इकनॉमिक सर्वे के अनुसार, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस से कुशल-अकुशल, हर तरह के वर्कर्स के लिए अनिश्चितता बहुत बढ़ गई है। इसके चलते आने वाले वर्षों और दशकों में तेज रफ्तार से तरक्की करने में बाधाएं आएंगी। इनसे निपटने के लिए केंद्र, राज्य सरकारों और प्राइवेट सेक्टर के बीच एक महागठबंधन की जरूरत है।

### 'राजकोषीय मोर्चे पर अच्छा संतुलन'

इकनॉमिक सर्वे के अनुसार, सरकार के राजकोषीय संतुलन में सुधार हुआ है। प्रक्रियात्मक सुधारों, खर्चे में संयम बरतने और बढ़ते डिजिटलीकरण से भारत को राजकोषीय मोर्चे पर अच्छा संतुलन हासिल करने में मदद मिली है। वस्तुओं की वैश्विक मांग में कमी से निर्यात पर दबाव पड़ा है, लेकिन मजबूत सेवा निर्यात ने इसे काफी हद तक संतुलित भी किया है। इससे वित्त वर्ष 24 के दौरान करंट

AI Image



अकाउंट डेफिसिट (CAD) ग्रॉस डोमेस्टिक प्रॉडक्ट (GDP)का 0.7% रहा, जो FY23 के GDP के 2.0% के घाटे से बेहतर है। राजकोषीय घाटा और कर्ज का बोझ बढ़ने की वैश्विक प्रवृत्ति के विपरीत भारत राजकोषीय मजबूती की राह पर बना हुआ है। केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 23 में GDP के 6.4% से घटकर वित्त वर्ष 24 में GDP का 5.6% हो गया है।

## 'शेयर बाज़ार से हाई रिटर्न की उम्मीद का भरोसा चिंताजनक'

■ **विस, मुंबईः** खुदरा निवेशकों की शेयर बाजार में भागीदारी बढ़ रही है। लेकिन, हाई रिटर्न पाने को लेकर उनका अति आत्मविश्वास चिंता का विषय है। इकनॉमिक सर्वे में यह चिंता जाहिर की गई। वित्त मंत्री ने कहा कि खुदरा निवेशकों की बढ़ोतरी पर सावधानीपूर्वक विचार करने की जरूरत है, क्योंकि अति

AI Image



आत्मविश्वास अटकलों को जन्म देता है और इससे जो हाई रिटर्न की उम्मीद बनती है, वह बाजार की वास्तविक स्थितियों के अनुरूप नहीं हो सकती है। भारतीय शेयर बाजार में सट्टेबाजी की बढ़ती प्रवृत्ति और डेरिवेटिव ट्रेडिंग में मोटे प्रॉफिट की संभावना में पैसा गंवा रहे रिटेल निवेशकों को लेकर सेबी और आरबीआई भी अपनी चिंताएं दर्ज करवा चुके हैं। HDFC सिक्योरिटीज के CEO धीरज रैली का कहना है कि बजट में FD की तरफ रुझान बढ़ाने के लिए FD को टैक्स एफिशिएंट बनाने पर कुछ आ सकता है, ताकि बैंकों में डिपॉजिट आए, लेंडिंग की समस्या भी नहीं आए और बढ़ रहा सट्टा का ट्रेंड भी काबू में आ जाए। आर्थिक समीक्षा कहती है कि भारतीय कैपिटल मार्केट का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

# SWPs के साथ कैश (Cash) फ्लो (Flow) को ऐसे करें मैनेज

AI Image




**NBT CLASSROOM**

**क्या आप जानते हैं कि म्यूचुअल फंड में हर महीने व्यवस्थित निकासी हो सकती है? जी हां, इसे सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (SWP) कहते हैं, जिसे किसी भी म्यूचुअल फंड स्कीम में सेट किया जा सकता है। आइए, इस बारे में सबकुछ जानते हैं।**

**Q म्यूचुअल फंड स्कीम में SWP क्या है?**

सिस्टमैटिक विड्रॉल प्लान (Systematic Withdrawal Plan) एक म्यूचुअल फंड हाउस द्वारा दी जाने वाली ऐसी सुविधा है, जिसमें निवेशक नियमित अंतराल पर, आमतौर पर हर महीने एक निश्चित राशि निकाल सकता है। एक बार जब यह सेट हो जाता है और तारीख तय हो जाती है, तो आपकी स्कीम की यूनिटें बेची जाती हैं। इससे मिलने वाली राशि को आपके बैंक खाते में भेज दी जाती है। जिस स्कीम से यूनिट निकाली जाती हैं, उसमें बाकी बचीं यूनिटें बाजार के अनुरूप चलती रहती हैं। रिटायर्ड व्यक्ति, वरिष्ठ नागरिक या नियमित आय की चाह रखने वाले लोग इसका इस्तेमाल करते हैं।

**Q SWP को टैक्स के अनुकूल क्यों माना जाता है?**

SWP टैक्स बचत करने का भी अच्छा तरीका है, क्योंकि इसमें आपको एक साथ टैक्स नहीं भरना पड़ता है। जितनी राशि पर आप निकालते हैं, सिर्फ उसी पर आपको टैक्स भरना पड़ता है। इसमें हर निकासी पर टैक्स वैसे ही लगेगा, जैसे कि इक्विटी-ओरिएंटेड फंडों पर लागू होता है। एक वर्ष से अधिक समय तक रखी गई यूनिट्स के लिए 10% का दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ लागू होगा, जबकि एक वर्ष से कम समय तक रखी गई यूनिट्स के लिए यह 15% है। इसके अलावा, एक वित्तीय वर्ष में इक्विटी-ओरिएंटेड फंड में 1 लाख रुपये तक का दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ टैक्स फ्री है। इसकी तुलना में, जब आप म्यूचुअल फंड स्कीम में लाभांश भुगतान का विकल्प चुनते हैं, तो आपके टैक्स स्लैब के अनुरूप भुगतान किए गए लाभांश पर टैक्स लगता है, जो उच्च टैक्स ब्रैकेट वाले लोगों के लिए 30% तक जा सकता है। यदि लाभांश राशि एक वर्ष में 5,000 रुपये से अधिक है, तो फंड हाउस 10% TDS काटता है, जिससे कैश फ्लो में कमी आती है।

**Invesco Mutual Fund**

**निवेशकों को जानकार और जागरूक करने का प्रयास**

अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) दिशानिर्देशों के साथ-साथ दस्तावेजी आवश्यकताओं और पते, फोन नंबर, बैंक विवरण आदि में परिवर्तन की प्रक्रिया के लिए, कृपया www.invescomutualfund.com पर शिक्षा और मार्गदर्शन सेक्शन में जाएं। निवेशक को केवल सेबी पंजीकृत म्युचुअल फंड के साथ सौदा करना चाहिए, जिसका विवरण https://www.sebi.gov.in/index.html पर 'मध्यस्थों / बाजार अवसंरचना संस्थानों' के तहत सत्यापित किया जा सकता है। किसी भी शिकायत के लिए, कृपया हमें 1800-209-0007 पर कॉल करें या mfservicesinvesco.com पर लिखें। वैकल्पिक रूप से, शिकायत सेबी स्कोर पोर्टल https://scores.gov.in पर दर्ज की जा सकती है।

**म्यूचुअल फ़ंड निवेश बाज़ार के जोखिमों के अधीन हैं, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें।**

### SWP शुरू करने से पहले किन बातों का ध्यान रखें?

निवेशक SWP शुरू करने के लिए लार्ज-कैप, फ्लेक्सीकैप, इंडेक्स फंड या इक्विटी-ओरिएंटेड हाइब्रिड स्कीम के ग्रोथ ऑप्शन का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें थीमैटिक सेक्टोरल फंड और स्मॉल, मिडकैप स्कीम से बचना चाहिए, क्योंकि यहां अस्थिरता ज्यादा होती है। एक्सपर्ट कहते हैं कि निवेश करते समय तत्काल प्रभाव से SWP शुरू करना जरूरी नहीं है। इसे बाद में कभी भी या जब भी जरूरत हो, शुरू किया जा सकता है। इसी तरह, अगर आपके पास पहले से ही कोई कॉर्पस है, तो आप संबंधित फॉर्म भरकर SWP को सक्रिय कर सकते हैं।

**Q SWP म्युचुअल फंड से मिलने वाले लाभांश से बेहतर है?**

डिस्ट्रिब्यूटर्स SWP को लाभांश की तुलना में मासिक नकदी के लिए ज्यादा विश्वसनीय मानते हैं। लाभांश योजना में, लाभांश की मात्रा और आवृत्ति के साथ लाभांश की तिथि की गारंटी नहीं होती। यह बाजार की गतिविधियों और वितरण के लिए उपलब्ध मुनाफे पर निर्भर करता है। SWP आय में स्थिरता लाता है।

### शेयर बाज़ार लुढ़का

■ **पीटीआई, मुंबईः** सेंसेक्स, निफ्टी सोमवार को गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स 102.57 अंक यानी 0.13% गिरकर 80,502.08 अंक पर, तो निफ्टी 21.65 अंक यानी 0.09% गिरकर 24,509.25 अंक पर बंद हुआ। RIL और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में भारी बिक्री से यह स्थिति बनी।

## देश

# RSS के कार्यक्रम में शामिल हो सकेंगे सरकारी कर्मी, संघ ने किया स्वागत

**पूनम पाण्डे, मंजरी चतुर्वेदी**

■ **नई दिल्लीः** सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की गतिविधियों में शामिल होने पर रोक लगाने वाले पुराने आदेश को बदल दिया है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने 9 जुलाई को यह आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि निर्देशों की समीक्षा की गई है और यह फैसला लिया गया है कि 30 नवंबर 1966, 25 जुलाई 1970 और 28 अक्टूबर 1980 के संबंधित कार्यालय ज्ञापनों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जिक्र हटा दिया जाए। इसका मतलब है कि सरकारी कर्मचारी अब आरएसएस की गतिविधियों में हिस्सा ले सकते हैं। संघ ने इस फैसले का स्वागत किया। संघ ने कहा कि इस फैसले से देश की लोकतांत्रिक प्रणाली मजबूत होगी। संघ के प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 99 सालों से लगातार राष्ट्र के पुनर्निर्माण और समाज की सेवा में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता और प्राकृतिक आपदा के समय में समाज को साथ लेकर चलने में संघ के योगदान के कारण देश के विभिन्न स्तर के नेतृत्व ने समय-समय पर संघ की भूमिका को सराहा है। आंबेकर ने आरोप लगाया कि राजनीतिक हितों के कारण तत्कालीन सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में हिस्सा लेने पर बेबुनियाद प्रतिबंध लगा दिया था।



संघ प्रचारक ने कहा, **RSS** का कोई मेंबरशिप रजिस्टर नहीं होता।

**'पीएम और गृह मंत्री को दिया धन्यवाद':** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने भी इस फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जो फैसला कांग्रेस पार्टी ने राजनीतिक कारणों से लिया था उसका हटना स्वागत योग्य है। इस प्रकार के देश भक्त और सामाजिक संस्थाओं को लेकर कांग्रेस की सोच नकारात्मक रही है। कांग्रेस का रवैया राष्ट्रवादी और देशभक्ति के खिलाफ रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की विचारधारा के लिए भारत में कोई जगह नहीं है। संघ सांस्कृतिक संस्था है, देशभक्त संस्था है। इसका हर स्वयंसेवक देशभक्ति से ओतप्रोत रहता है, उस संस्था में कोई भी व्यक्ति भाग ले उसका स्वागत होना चाहिए। पीयूष गोयल ने इस फैसले के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री शाह को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष को सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति में दिलचस्पी रहती है, वे विशेष समुदाय के लिए अलग मापदंड रखते हैं और हिंदू समाज के लिए उनका रवैया नकारात्मक रहता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो सर्कुलर जारी किया है, वह किसी भी तरीके से सर्विस रूल का उल्लंघन नहीं करता है। कांग्रेस ने राजनीतिक कारणों से गलत प्रतिबंध लगाया था, जिसे सरकार ने सुधार दिया है।

**'कोई मेंबरशिप रजिस्टर नहीं':** संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले एक सांसद ने कहा कि पहले भी सरकारी कर्मचारी संघ की गतिविधियों में भाग ले रहे थे क्योंकि यह एक सांस्कृतिक संगठन है जो समाज के लिए काम करता है। अब अच्छा है कि ऑन पेपर्स भी वह पुराना फैसला वापस ले लिया गया है। संघ के एक प्रचारक ने कहा कि संघ कोई राजनीतिक संगठन नहीं है जो इसका कोई सदस्य हो। संघ में कोई मेंबर नहीं होता, बल्कि स्वयंसेवक होते हैं। उन्होंने कहा कि संघ किसी को पर्ची काटकर सदस्य नहीं बनाता और न ही मेंबरशिप का कोई रजिस्टर होता है।

### इस मसले पर किसने क्या कहा?

एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बताया कि सरकार कार्यपालिका को कम्युनलाइज कर रही है। यह दिखाता है कि यह बीजेपी की सरकार है न कि एनडीए की। एलजेपी (आरवी) सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि संघ एक राजनीतिक संगठन नहीं है। अगर सांस्कृतिक गतिविधियों को लेकर सरकारी कर्मचारी उसमें जाना चाहते हैं तो ये फैसला गलत नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि पीएम सरकारी कर्मचारियों पर RSS की गतिविधियों में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटाकर सरकारी दफ्तरों के कर्मचारियों को विचारधारा के आधार पर विभाजित करना चाहते हैं। शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि इस आदेश से ईडी, आईटी, सीबीआई, चुनाव आयोग सहित दूसरे सरकारी अधिकारी आधिकारिक तौर पर अपनी संघी निष्ठा साबित कर सकते हैं। बीएसपी की अध्यक्ष मायावती ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाओं में जाने पर 58 वर्ष से जारी प्रतिबंध को हटाने का केंद्र का निर्णय देशहित से परे है। जयराम रमेश ने ने कहा कि सरकारी कर्माचिरयों पर लगा प्रतिबंध सही था।

## बांग्लादेश में माहौल शांत, पर इंटरनेट सेवा अभी बंद

■ **एपी, ढाका :** सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बांग्लादेश में कई दिनों से जारी प्रदर्शन सोमवार को शांत रहा। बांग्लादेश की शीर्ष अदालत ने हाई कोर्ट के फैसले को पलटते हुए रविवार सरकारी नौकरियों में आरक्षण का कोटा अधिकतम सात पर्सेंट निर्धारित किया था। हालात शांत होने के बावजूद अभी देश में इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं शुरू नहीं हुई हैं। सरकार ने सोमवार को देश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था। इस दौरान सिर्फ आवश्यक सेवाएं ही चालू थीं। राजधानी ढाका समेत दूसरे इलाकों में सैन्यकर्मी अभी गश्त कर रहे हैं। पूरे देश में प्रदर्शन की वजह से अब तक 155 लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि बांग्लादेश के अधिकारियों ने अभी मौत के आंकड़ों को साझा नहीं किया है। तनाव ज्यादा बढ़ने के बाद गुरुवार से संचार सेवाएं ठप हैं। प्रदर्शनकारी स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार को मिलने वाले 30 पर्सेंट आरक्षण को खत्म करने की मांग कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट ने अब 30 पर्सेंट की यह सीमा घटाकर 5 पर्सेंट कर दी है, बाकी 2 पर्सेंट कोटा में जातीय अल्पसंख्यक, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग हैं।

> सैन्यकर्मी ढाका और दूसरे इलाकों में कर रहे हैं अभी गश्त।

## तीन साल से जो लापता था, सरकार के ऐड में दिखा

■ **भाषा, पुणेः** 3 साल से 68 साल का एक व्यक्ति लापता है। अब उसकी फोटो महाराष्ट्र सरकार की 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन' योजना से जुड़े विज्ञापन में छपी। पिता की तस्वीर सरकारी पोस्टर में देखकर बेटा सोमवार को पुणे पुलिस के पास पहुंचा और पिता को ढूंढने की गुहार लगाई। सरकारी विज्ञापन का पोस्टर सत्तारूढ़ शिवसेना ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर किया था। शिक्रापुर निवासी भरत ताम्बे ने कहा कि पुलिस और सरकार को इंस्टाग्राम पर जारी किए गए विज्ञापन की जांच करनी चाहिए और पता लगाना चाहिए कि उनके पिता ज्ञानेश्वर ताम्बे की तस्वीर कहां खींची गई। एक रेस्टोरेंट के मालिक भरत ने सोमवार को कहा कि एक दोस्त ने विज्ञापन के बारे में बताया और स्क्रीनशॉट भेजा। उनके लापता होने की FIR शिक्रापुर थाने में दर्ज कराई है। सोशल मीडिया से पिता की जो तस्वीर वाला विज्ञापन हटा लिया गया है। शिक्रापुर थाने के सीनियर इंस्पेक्टर दीपरत्न गायकवाड ने कहा कि ताम्बे का पता लगाने के लिए 2 टीमें बनाई गई हैं।

> 'मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना' से जुड़े पोस्टर में छपी फोटो

## अंबाला में तीन बच्चों सहित 6 की हत्या, पुलिस बोली-पूर्व फौजी ने खत्म किया भाई का परिवार

■ **एनबीटी न्यूज/भाषा, अंबाला :** अंबाला के नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पीर माजरी के पास गांव रतोर में रविवार रात कुल्हाड़ी मारकर सो रहे पूरे परिवार को खत्म करने की वारदात सामने आई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, रिटायर्ड फौजी भूषण कुमार का अपने भाई के साथ दो एकड़ जमीन पर रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। कई बार झगड़ा हो चुका है। आरोप है कि भूषण ने रंजिश में तेजधार हथियार से मां और भाई के परिवार पर हमला किया। हमले में मां सरोपी देवी (65), भाई हरीश कुमार (35), भाभी सोनिया (32), भतीजी यशिका (5) और भतीजा मयंक (6 माह) की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले में घायल हरीश की दूसरी बेटी ने चंडीगढ़ पीजीआई में दम तोड़ दिया। आरोपी के पिता ओम प्रकाश ने विरोध किया तो उन्हें भी पीटा गया। आरोपी ने शवों को जलाने का प्रयास किया।



दंपती समेत छह लोग मारे गए।

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण-I, दिल्ली**
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग
संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

**टी. ए नं. 3439/2022**
**बैंक ऑफ इंडिया** .. आवेदक
विरूद्ध
**समीर कुमार सिंघल** .. प्रतिवादी

**सेवा में,**
**(1) समीर कुमार सिंघल और अन्य,** 88 आबादी शकर नगर गांधी नगर, ग्राम घंडली, दिल्ली - 110077 और: एक्स-3857, गली नं. 13, शांति मोहल्ला गांधी नगर, दिल्ली-110031
**(2) अचिन कुमार सिंघल,** एक्स 3857 गली नं. 13 शांति मोहल्ला गांधी नगर, ईस्ट दिल्ली-110031
**(3) टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज लि.,** 7वीं मंजिल वीडियोकॉन टावर ब्लॉक 7ई झंडेवालान रानी झांसी रोड दिल्ली, सेंट्रल, दिल्ली

जबकि उपरोक्त आवेदक ने आपके विरूद्ध रुपये **3,60,84,217.32 (रु. तीन करोड़ साठ लाख चौरासी हजार दो सौ सत्रह और पैसे बत्तीस मात्र)** की वसूली हेतु एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषजनक रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना देना संभव नहीं है, इसलिए यह सूचना विज्ञापन के माध्यम से दी गई है, आपको **दिनांक 28-08-2024 को पूर्वा. 10.30 बजे रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है। (अधिक जानकारी के लिए कृपया डीआरटी की वेबसाइट **www.tribunal.gov.in** देखें फोन : **011-23748473)**

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

**चल रही महामारी की स्थिति के कारण, सभी मामलों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उठाया जाए और उस उद्देश्य हेतु किया जाएगा:-**
(i) सभी अधिवक्ता / पात्रगण "सिस्को वेबेक्स" एप्लीकेशन / सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे;
(ii) योग्य मामले की सुनवाई की अगली तारीख के "मीटिंग आईडी" और "पासवर्ड" रजिस्ट्रार/रिकवरी ऑफिसर-I द्वारा प्राप्त किये जाएंगे, रिकवरी ऑफिसर-I।, सार्वजनिक सूचना शीर्ष के अंतर्गत DRT आधिकारिक पोर्टल अर्थात **"https://drt.gov.in"** की आधिकारिक तिथि से एक दिन पहले उपलब्ध होंगे।
(iii) किसी भी आवश्यकता हेतु, अधिवक्ता / पात्रगण, संबंधित अधिकारी से फोन नं. 011-23748473 पर संपर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत **28 जून, 2024** को दिया गया।

**न्यायाधिकरण के आदेशानुसार,**
प्रतिवादी उत्तरदाता आगे की पूछताछ के लिए उल्लेखित फोन नंबर के तहत संपर्क कर सकते है।
एलडी. रजिस्ट्रार, डीआरटी-I, नई दिल्ली
फोन: 011-23748473, ईमेल: drt1delhi-dfs@nic.in

**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.in

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक website: **www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

**क) नवीन निविदा कार्य:-**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 01/DGM (E/M)/Sr.M (E/M)-IV/ 2024-25 | नौएडा एन्ट्री गेट सैक्टर-14ए पर रेन करटेन टाईप फाउण्टेन का निर्माण कार्य। | 107.47 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **05.08.2024 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **06.08.2024** को **11.00 बजे** खोली जाएगी।

**ख) री-निविदा कार्य:-**

| क्र. सं | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 11/उ०म०प्र०/वरि०प्र०-(वि०/यॉ०)-II/2024-25/ई०नि० | सैक्टर-55 नौएडा की आंतरिक सड़कों में 12 मीटर सड़क, 18 मीटर सड़क पर स्ट्रीट लाईट के लिए ऑक्टागोनल खम्भे स्थापित करने का कार्य। | 134.66 |
| 2. | 06/उ०म०प्र० (वि/या)/व०प्र० (वि/या)3/2024 -25 | सैक्टर-78 में 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र का निर्माण कार्य। | 1061.63 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **29.07.2024 सायं 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **30.07.2024** को **11.00 बजे** खोली जाएगी।

**उप-महाप्रबन्धक(वि०/यॉ०)**
**नौएडा**

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल**
साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.) 462020

**निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी)**

एनआईटी क्र. AIIMSBHOPAL/E-Tender/NIT/24 -25 /007 दिनांक: 23.07.2024

एम्स, भोपाल द्वारा पंजीकृत निर्माताओं/डीलरों/वितरकों /ठेकेदारों से निम्नलिखित सामग्री हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| ई टेंडर आई डी नं. | एम्स भोपाल मे अपेक्षित सामग्री/सेवाएँ | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 01/NIQ/EEE/ABEU/AIIMS/BPL/2024-25 | एम्स भोपाल में अस्पताल भवन के ऑपरेशन थिएटरों में अन्य परीक्षणों के साथ HEPA फ़िल्टर का प्रमाणीकरण। | 2,24,663 |
| 04/NIT/SE/Project Cell/ABEU/AIIMS/BPL/2024-25 | एम्स भोपाल में अस्पताल भवन, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर पैकेज-2, में एचवीएसी प्रणाली (HVAC system) की आपूर्ति, संस्थापन, परीक्षण, उन्नयन और चालू करना। | 4,98,79,608 |

उक्त ई-टेंडर से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाता कृपया ई-मेल: www.aiimsbhopal.edu.in ई-मेल: seoffice@aiimsbhopal.edu.in पर विजिट करें तथा टेंडर ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल: www.aiimsbhopal.edu.in एवं सीपीपी पोर्टल: www.eprocure.gov.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा आमंत्रण सूचना से संबंधित कोई भी सुधार/संशोधन केवल इन्हीं वेबसाइटों पर प्रकाशित किए जाएंगे।

**प्रभारी वरिष्ठ क्रय सह भंडार अधिकारी**
**कार्यपालक निदेशक, एम्स, भोपाल के लिए एवं उनकी ओर से जारी**

**नौएडा**
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, (उ.प्र.)
वेबसाइट : www.noidaauthorityonline.com

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्ध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाईटः **www.noidaauthorityonline.in** एवं **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहे।

**ए) फ्रेस-टेण्डर कार्यः-**

| क्र. सं. | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रु0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 09/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.-1)/2024-25 | सड़कों का अनुरक्षण (सैक्टर-12 के एस, वी, वाई एवं जैड-ब्लॉक में सी0 सी0 रोड एवं नाली एवं पुलिया का निर्माण कार्य), नौएडा। | 218.48 |
| 2. | 09/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.-8)/ई.नि./2024-25 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण कार्य (ग्राम सलारपुर में पिलर सं.-110 के सामने मुख्य द्वार पर सी0सी0 पेवमेन्ट एवं नालियों का मरम्मत कार्य), नौएडा। | 144.89 |
| 3. | 04/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.-10)/ई.नि./2024-25 | सैक्टर-147 में मैट्रो लाईन से पुस्ता फैसलिटी भूखण्ड की ओर 45.00 मी0 चौड़ी सड़क पर नाली का निर्माण कार्य, नौएडा। | 191.25 |
| 4. | 06/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.-10)/ई.नि./2024-25 | सैक्टर-155 और 151ए के बीच 45.00 मी0 चौड़ी सड़क पर आर0सी0सी0 नाली का निर्माण, मरम्मत एवं गोल्फ कोर्स से डेरी गुजरों तक नाली को कवर करने का कार्य, नौएडा। | 147.42 |
| 5. | 01/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.-6)/2024-25 | रिसर्फेसिंग का कार्य (सैक्टर-78 में वेदवन पार्क के टी प्वाईन्ट से एलाईट सोसाईटी तक 45 मी0 चौड़ी सड़क पर डी0बी0एम0 व बी0सी0 का कार्य), नौएडा। | 192.55 |
| 6. | 04/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.-6)/2024-25 | सड़क अनुरक्षण कार्य (सैक्टर-73 व 122 के मध्य फुटपाथ का रिमाडलिंग का कार्य), नौएडा। | 137.39 |
| 7. | 05/उ.म.प्र./व.प्र.(व.स.-6)/2024-25 | सड़कों का सुदृढ़ीकरण का कार्य (सैक्टर-119 की आन्तरिक सड़कों पर बिटूमिनस कंक्रीट की लेयर बिछाने का कार्य), नौएडा। | 195.03 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक **06.08.2024** को सायं **5.00** बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **07.08.2024** को प्रातः **11.00** बजे खोली जायेगी।

**उप महाप्रबंधक (सिविल) नौएडा**

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

"मुझे अफसोस है कि तोक्यो में हमारी महिला हॉकी टीम मेडल नहीं जीत सकी, लेकिन हमने जिस तरह से क्वॉर्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया वह मेरे लिए हमेशा एक यादगार अनुभव रहेगा। *–रानी रामपाल, पूर्व कप्तान, भारतीय महिला हॉकी टीम*



**21** साल एक महीने और 14 दिन की उम्र में पीवी सिंधु ने 2016 ओलिंपिक्स में सिल्वर मेडल जीता था। वह भारत की सबसे युवा ओलिंपिक मेडलिस्ट हैं

## फटाफट खबरें

### स्क्वॉश में भारतीय हारे

■ **नई दिल्ली:** भारत के लड़कों और लड़कियों की टीम को ह्यूस्टन में वर्ल्ड जूनियर स्क्वॉश टीम चैंपियनशिप के क्वॉर्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय लड़कों की टीम को साउथ कोरिया ने 1-2 से जबकि लड़कियों की टीम को मलयेशिया ने समान अंतर से मात दी।

### नागल प्री-क्वॉर्टर में

■ **कित्ज़ब्यूहेल:** भारत के शीर्ष सिंगल्स टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को ऑस्ट्रिया में एटीपी 250 कित्जबुहेल ओपन के शुरुआती दौर में स्लोवाकिया के लुकास क्लेन को संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराया। पैरिस ओलिंपिक्स की तैयारियों में जुटे नागल ने 6-4, 1-6, 7-6 से जीत दर्ज की।

### रूट रॉयल्स से जुड़ेंगे

■ **जोहानिसबर्ग:** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट एसएटी20 लीग के तीसरे सीजन में पार्ल रॉयल्स टीम से जुड़ेंगे। रूट ने इंग्लैंड के लिए 32 टी20 मैच में 893 रन बनाए हैं। पार्ल रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक कुमार संगाकारा ने कहा कि रूट का जुड़ना पार्ल रॉयल्स के लिए अच्छा होगा।

### रणधीर एकमात्र प्रत्याशी

■ **नई दिल्ली:** अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह एशियन ओलिंपिक काउंसिल (ओसीए) के पहले भारतीय प्रमुख बनने की राह पर हैं। अगले आठ सितंबर को होने वाले चुनाव में वह शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार बचे हैं। रणधीर इंटरनैशनल ओलिंपिक कमिटी (आईओसी) के पूर्व सदस्य और भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) के पूर्व महासचिव रह चुके हैं।

### मनोलो को संदेश

■ **नई दिल्ली:** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व हेड कोच इगोर स्टिमक ने अपने उत्तराधिकारी मनोलो मार्केज को बधाई के साथ चेतावनी दी कि आगे की यात्रा 'आसान नहीं होगी'। उन्होंने हालांकि इस पद के लिए स्पेन के पूर्व खिलाड़ी का समर्थन करते हुए कहा कि उनके पास भविष्य में अच्छा परिणाम देने की काबिलियत है।

### नौसेना अकैडमी में तैयारी

■ **नई दिल्ली:** भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहली बार भारतीय नौसेना अकैडमी (आईएनए) में अभ्यास किया जिसमें निशस्त्र लड़ाई का प्रशिक्षण, दौड़ और नाव खींचने जैसी गतिविधियां थीं। इसका लक्ष्य खिलाड़ियों को मानसिक रूप से मजबूत और अनुशासित बनाना था। यह कैंप कन्नूर में 15 से 21 जुलाई तक आयोजित किया गया।

भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज गोलकीपर ने आगामी ओलिंपिक्स के बाद रिटायरमेंट का किया ऐलान

# श्रीजेश को यादगार विदाई देने का टारगेट

■ एजेंसियां, पैरिस

**भारतीय हॉकी** टीम अपने दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश को यादगार विदाई देना चाहेगी। पूर्व कप्तान श्रीजेश ने सोमवार को कहा कि पैरिस ओलिंपिक्स उनका आखिरी इंटरनैशनल टूर्नामेंट होगा। श्रीजेश का यह चौथा ओलिंपिक्स होगा।

पैरिस ओलिंपिक्स 2024 इंडिया @ ओलिंपिक्स

कई कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और वर्ल्ड कप में खेल चुके 36 साल के श्रीजेश ने 2021 में आयोजित हुए तोक्यो ओलिंपिक्स में शानदार गोलकीपिंग से भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था।

**विन इट फॉर श्रीजेश:** हॉकी इंडिया ने सोमवार को श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय टीम के लिए 'विन इट फॉर श्रीजेश (श्रीजेश के लिए जीतना है)' का अभियान शुरू किया है जो खिलाड़ियों को फिर से पदक जीतने लिए प्रेरित करेगा। श्रीजेश ने भारतीय टीम के लिए 2010 में पदार्पण किया था। वह 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक और 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। वह 2018 में एशियाई चैंपियंस ट्रोफी की संयुक्त विजेता टीम, भुवनेश्वर में 2019 एफआईएच पुरुष सीरीज फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता टीम और बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 में भारत को तीसरे स्थान पर पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीजेश को 2021 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था और वह 'वर्ल्ड गेम्स ऐथलीट ऑफ द ईयर' 2021 का पुरस्कार जीतने वाले भारत के केवल दूसरे खिलाड़ी हैं।

**तिर्की को गोल्ड की उम्मीद:** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने श्रीजेश को उनके शानदार करियर के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा, 'श्रीजेश एक बहुत ही विशेष खिलाड़ी हैं और भारतीय हॉकी में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए मेरा दिल खुशी और कृतज्ञता से भर गया है।' तिर्की ने टीम की संभावनाओं पर कहा, 'हमारे पास मजबूत डिफेंस और स्ट्राइकर हैं, जो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखते हैं। हम सभी जानते हैं कि श्रीजेश क्या करने में सक्षम हैं। पिछले कुछ वर्षों में हरमनप्रीत सिंह का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। इसलिए हमें उनसे पदक की उम्मीद है और मुझे यकीन है कि पदक का रंग स्वर्ण होगा। हम अन्य टीमों को कड़ी टक्कर देने जा रहे हैं।'



**16** इंटरनैशनल मेडल जीत चुके हैं 36 साल के श्रीजेश भारत की सीनियर टीम से खेलते हुए

**328** इंटरनैशनल मैच भारतीय सीनियर टीम से खेल चुके हैं श्रीजेश अपने 19 साल के करियर में

**49** भारतीय खिलाड़ी सोमवार तक पैरिस गेम्स विलेज में पहुंच चुके थे। इसमें हॉकी टीम भी शामिल है

**मेरे टीम के साथी मुश्किल समय में मेरे साथ खड़े रहे हैं। हम सभी यहां पैरिस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। निश्चित रूप से अपने मेडल का रंग बदलना चाहते हैं।** –श्रीजेश, गोलकीपर, भारतीय हॉकी टीम

## कुश्ती में दो मेडल संभव: योगेश्वर



'ग्लोरी ऑफ फाइव रिंग्स' परिचर्चा में छह पूर्व ओलिंपियंस- मानवजीत सिंह संधू, दिलीप तिर्की, रानी रामपाल, योगेश्वर दत्त, ओमप्रकाश करहाना और रोंजन सोढ़ी ने विचार रखे

**फरीदाबाद:** लंदन ओलिंपिक्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले पहलवान योगेश्वर दत्त को उम्मीद है कि भारत इस बार ओलिंपिक्स में रेसलिंग में दो मेडल जीत सकता है। योगेश्वर ने कहा कि वह इस बात को लेकर दुखी हैं कि पैरिस के लिए केवल छह भारतीय पहलवान ही क्वॉलिफाई कर सके। पुरुष वर्ग में इस बार एक ही पहलवान हैं जबकि चार-पांच पहलवान अक्सर क्वॉलिफाई करते रहे हैं। योगेश्वर ने कहा, 'हमारी पांच लड़कियों ने क्वॉलिफाई किया है जो एक या दो पदक जीत सकती हैं। उनमें से कुछ बहुत अनुभवी भी हैं। चाहे वह अंतिम पंघाल हो या कोई अन्य महिला पहलवान। हमें उम्मीद है कि हम दो पदक जीत सकते हैं।' यहां मानव रचना एडुकेशनल इंस्टिट्यूट में आयोजित 'ग्लोरी ऑफ फाइव रिंग्स' परिचर्चा में योगेश्वर समेत छह ओलिंपियंस ने हिस्सा लिया और अपनी ओलिंपिक्स यात्रा के बारे में बताया। योगेश्वर ने कहा कि उन्होंने 1996 में लिएंडर पेस को ओलिंपिक्स में मेडल जीतते देखा था और तभी से उनका सपना था कि वह भी देश के लिए इस सबसे बड़े खेल मंच पर मेडल जीतें। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्हें तीन ओलिंपिक्स तक इंतजार करना पड़ा। योगेश्वर ने कहा कि ओलिंपिक्स में मेडल जीतने के लिए एक अलग ही जुनून की आवश्यकता होती है।

## एफिल से ऊंचे इरादे

PARIS 2024

# एक से अधिक मेडल की होगी दावेदारी

3 दिन बाकी



चिराग (बाएं) और सात्विक की मेंस डबल्स जोड़ी गोल्ड मेडल की दावेदार होगी

**भारत ने** बैडमिंटन में पांच कोटा स्थान (तीन सिंगल और दो डबल्स) हासिल किए हैं। ऐसे में भारत इस बार सात शटलर्स को पैरिस भेज रहा है। रियो गेम्स के बाद ओलिंपिक्स में भारत का यह संयुक्त सबसे बड़ा बैडमिंटन दल है। रियो में भी सात भारतीय गए थे और तब पीवी सिंधु ने सिल्वर जीतकर इतिहास रचा था। दो बार की ओलिंपिक्स मेडलिस्ट सिंधु से हैटट्रिक की उम्मीद होगी।

**बैडमिंटन**

हालांकि, 12वीं वर्ल्ड रैंकिंग्स के साथ कोटा हासिल करने वाली सिंधु से ज्यादा बड़े दावेदार सात्विकसाईराज रंकीरेडी और चिराग शेट्टी की जोड़ी होगी। यह जोड़ी मेंस डबल्स में दावेदारी पेश करेगी। पिछले दिनों वर्ल्ड रैंकिंग्स में नंबर वन का ताज हासिल करने वाली इस पहली भारतीय जोड़ी को मेडल जीतने से सिर्फ कोई 'इंजरी' ही रोक सकती है। भारतीय जोड़ी फिलहाल वर्ल्ड नंबर-3 है।

मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय होंगे। लक्ष्य यदि ग्रुप स्टेज में जोनाथन क्रिस्टी से पार पा लें तो उनके पदक के चांस बढ़ जाएंगे। प्रणॉय भी बड़े स्टेज के खिलाड़ी हैं। प्रेशर सिचुएशन में उनका खेल और निखर जाता है। उम्मीद है पैरिस में भी ऐसा ही हो और मेंस कैटिगरी में भी भारत की झोली में पहला पदक आ जाए। विमिंस डबल्स में भी अनुभवी अश्विनी पोनप्पा और युवा तनीषा क्रास्टो की जोड़ी भी भारतीय चुनौती को पेश करती नजर आएगी।

### भारतीय टीम

**विमिंस सिंगल्स**
पीवी सिंधु

**विमिंस डबल्स**
अश्विन पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो

**मेंस सिंगल्स**
लक्ष्य सेन, एचएस प्रणॉय

**मेंस डबल्स**
सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी

**47** मेडल ओलिंपिक्स की बैडमिंटन स्पर्धाओं में जीते हैं चीन ने। उसके नाम ओलिंपिक्स बैडमिंटन में सर्वाधिक 20 गोल्ड मेडल भी दर्ज हैं

**प्रतियोगिता**
27 अगस्त से 5 अगस्त तक

**इवेंट:** 5 (मेंस सिंगल्स, विमिंस सिंगल्स, मेंस डबल्स, विमिंस डबल्स और मिक्स्ड डबल्स)

**49 देशों के 173 प्रतिभागी**
(मेंस में 87, विमिंस में 86)

**दांव पर मेडल**
**15** — 5 गोल्ड, 5 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज

**मुख्य प्रतिद्वंद्वी देश**
चीन, चीनी ताइपे, मलयेशिया, जापान, सा. कोरिया, डेनमार्क

**आज का क्विज़**
Q *भारत ने ओलिंपिक्स में बैडमिंटन में कितने मेडल जीते हैं?*
A) 3 B) 2 C) 1 D) 4

कल का जवाब
D) इटली

# अजीत ने बताया क्यों कप्तान नहीं बने हार्दिक



PTI

बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर

■ **एजेंसियां, मुंबई:** बीसीसीआई के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने सोमवार को कहा कि जब हार्दिक पंड्या पर तरजीह देकर सूर्यकुमार यादव को टी20 टीम की कप्तान बनाने का फैसला किया गया तो फिटनेस, ड्रेसिंग रूम से फीडबैक और लगातार उपलब्धता उनके पक्ष में रही। अगरकर भारत के श्रीलंका दौरे से पहले नवनियुक्त हेड कोच गौतम गंभीर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया से बात कर रहे थे। अगरकर ने कहा, 'सूर्यकुमार को कप्तान क्यों बनाया गया। क्योंकि वह योग्य उम्मीदवार थे। पिछले एक साल से अधिक समय से वह ड्रेसिंग रूप में हैं और उनके बारे में ड्रेसिंग रूम से फीडबैक मिला है। हमें ऐसा कप्तान चाहिए था जो सारे मैच खेले।' हार्दिक के बारे में अगरकर ने कहा, 'हार्दिक जैसा कौशल मिलना मुश्किल है और फिटनेस मिलना भी मुश्किल है। हमारे पास थोड़ा और समय है और हम कुछ चीजों पर गौर कर सकते हैं। वह हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं लेकिन फिटनेस बड़ी चुनौती है। हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो अधिकांश समय उपलब्ध हो।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

# विराट से रिश्ते पर गंभीर की सफाई

■ **एजेंसियां, मुंबई:** भारतीय क्रिकेट टीम के नवनियुक्त हेड कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को कहा कि विराट कोहली के साथ उनका बहुचर्चित रिश्ता टीआरपी के लिए नहीं बल्कि उन दोनों के बीच है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में दोनों एक लक्ष्य के लिए ही काम करने वाले हैं। चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर के साथ गंभीर श्रीलंका दौरे से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इसमें गंभीर ने कहा, 'टीआरपी के लिए अच्छा है, लेकिन मेरा रिश्ता सार्वजनिक नहीं है। विराट कोहली के साथ मेरा रिश्ता हम दोनों के बीच है और यह दो परिपक्व लोगों के बीच का रिश्ता है।' कोहली के संदर्भ में उन्होंने कहा, 'हमने बहुत चर्चा की है और हर किसी के पास अपनी जर्सी के लिए लड़ने का अधिकार है। लेकिन इस समय हम भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 140 करोड़ भारतीयों का और मुझे यकीन है कि हम एक लक्ष्य के लिए काम कर रहे हैं और भारत को गौरवान्वित करने की कोशिश करेंगे।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस से

**मैदान के बाहर संबंध अच्छे:** हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले कोहली श्रीलंका दौरे पर भारत की वनडे टीम का हिस्सा हैं। गंभीर ने कहा कि मैदान से बाहर दोनों के संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा, 'और ऐसा ही रहेगा। लेकिन इसे सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं। यह दो व्यक्तियों के बीच का संबंध है। मैंने उससे काफी बात की है और एक दूसरे को मैसेज भेजे हैं। कई बार हम सिर्फ सुर्खियां चाहते हैं, यह महत्वपूर्ण नहीं है। इस समय सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम दोनों भारत का परचम लहराने के लिए काफी मेहनत करेंगे। यही हमारा काम है।' गंभीर ने यह भी कहा कि 2027 वनडे वर्ल्ड कप को देखते हुए वह चाहते हैं कि रोहित और कोहली अपनी फिटनेस पर फोकस रखें। उन्होंने कहा, 'उन्होंने बता दिया है कि बड़े मैचों में वे क्या कर सकते हैं। टी20 वर्ल्ड कप और 50 ओवर्स के वर्ल्ड कप में भी।'



PTI

"रोहित-विराट के भीतर काफी क्रिकेट बाकी है। चैंपियंस ट्रोफी और ऑस्ट्रेलिया दौरा आने वाला है। अगर वे फिटनेस बरकरार रख सके तो 2027 वनडे वर्ल्ड कप भी खेल सकते हैं लेकिन यह उनका निजी फैसला होगा।- *गौतम गंभीर*

**NBT Lens** समझिए खबरों के अंदर की बात

## वर्कलोड का नियम बदलेगा!

हाल फिलहाल खिलाड़ियों को वर्कलोड मैनेजमेंट (कार्यभार प्रबंधन) के तहत रेस्ट दिया जाता रहा है। मगर गंभीर का नजरिया अलग है। उनका मानना है कि जसप्रीत बुमरा जैसे खिलाड़ी के लिए वर्कलोड मैनेजमेंट महत्वपूर्ण है। मगर कोई बैटर अगर अच्छी लय में है तो उसको सारे मैच खेलने चाहिए। गंभीर का यह बयान यही संदेश दे रहा है कि भारतीय क्रिकेट में ऐसे दौर की शुरुआत होने वाली है जहां खिलाड़ी वर्कलोड मैनेजमेंट के बहाने सीरीज चुनने में मनमर्जी नहीं कर पाएंगे। वर्कलोड के मामले में बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अलग नियम होंगे। माना जा रहा था कि रोहित शर्मा और विराट कोहली श्रीलंका दौरे पर नहीं जाएंगे, लेकिन उनकी उपस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है कि अब गंभीर की अगुआई में टीम मैनेजमेंट इन दोनों सीनियर खिलाड़ियों को अधिक मैच खेलते हुए देखना चाहता है।

## आईसीसी कमिटी करेगी समीक्षा

■ **पीटीआई, कोलंबो:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने पिछले महीने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह-मेजबानी में हुए टी20 वर्ल्ड कप के आयोजन की समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय कमिटी गठित की।

टी20 वर्ल्ड कप

इसमें न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर ट्वोज और आईसीसी के अन्य दो निदेशक लॉसन नायडू तथा इमरान ख्वाजा शामिल हैं। समझा जाता है कि आईसीसी को अमेरिका में मैचों के आयोजन पर दो करोड़ डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ है। पता चला है कि टूर्नामेंट के अमेरिकी चरण के लिए आवंटित बजट 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर में इजाफा किया गया था। जिस पर वैश्विक संस्था के कुछ प्रभावशाली बोर्ड सदस्यों ने आपत्ति जताई।

## आज जीत से भारत का सेमीफाइनल होगा पक्का



FILE

**58 रन** बनाए हैं दो मैचों में स्मृति मंधाना ने

विमिंस एशिया कप

■ **एजेंसियां, दांबुला:** पहले दो मैच में आसान जीत से आत्मविश्वास से भरी भारतीय टीम विमिंस एशिया कप में आज नेपाल के खिलाफ अपना तीसरा मुकाबला खेलने उतरेगी। इस मैच में जीत के साथ भारतीय टीम का सेमीफाइनल का टिकट पक्का हो जाएगा। साथ ही, टीम विमिंस एशिया कप के ग्रुप ए को जीत की हैटट्रिक के साथ टॉप करने में भी सफल रहेगी। भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से और दूसरे मैच में यूएई को 78 रन से हराया था। नेपाल अपने पहले मैच में यूएई को हराने में सफल रहा था लेकिन दूसरे मैच में उसे पाकिस्तान के खिलाफ 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। भारत का सेमीफाइनल में जगह बनाना तय लग रहा है जबकि पाकिस्तान ने पिछले मैच में बड़ी जीत दर्ज करके अपने रन रेट में काफी सुधार किया है।

**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स, हॉटस्टार पर

## डेब्यू मैच में चार्ली की रेकॉर्ड बोलिंग

■ **एजेंसियां, डंडी:** स्कॉटलैंड के चार्ली कैसल ने ओमान के खिलाफ 'ड्रीम डेब्यू' करते हुए अपने पहले वनडे मुकाबले में रेकॉर्ड सात विकेट (21 रन देकर) हासिल किए। यह किसी गेंदबाज का वनडे इंटरनैशनल डेब्यू मैच में बेस्ट फिगर है। कैसल से पहले ये रेकॉर्ड साउथ अफ्रीका के कागिसो रबाडा के नाम था। उन्होंने 2015 में बांग्लादेश के खिलाफ डेब्यू करते हुए 16 रन देकर छह विकेट लिए थे। कैसल इंटरनैशनल करियर की पहली दो गेंदों पर दो विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज भी बने।

ODI वर्ल्ड रेकॉर्ड



Social Media

चार्ली कैसल

# यहां मेडल नहीं बल्कि गोल्ड मेडल की बात

एक्सपर्ट की राय

**मंजूषा कंवर**



Sunil Kataria

पूर्व इंटरनैशनल बैडमिंटन प्लेयर
सैफ गेम्स चैंपियन, ध्यानचंद अवॉर्डी

**यदि कोई** मुझसे पूछेगा कि पैरिस ओलिंपिक्स में बैडमिंटन में भारत की क्या उम्मीद है तो मेरा सीधा जवाब होगा, मेडल आ रहा है। बैडमिंटन का कोई भी प्रशंसक मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी को मेडल की रेस में बताएगा। मगर यहां सिर्फ मेडल की बात नहीं है। यहां गोल्ड मेडल की बात है। इस जोड़ी ने पिछले कुछ समय में थोड़ा उतार-चढ़ाव देखा है। वर्ल्ड नंबर वन रैंकिंग्स हासिल करने के बाद कुछ टूर्नामेंट्स में उन्हें असफलता हाथ लगी है। हालांकि, मेरा मानना है कि वे बड़े मंच के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पिछली कुछ हार से उन्हें सीख मिली होगी और अब वे किसी भी मैच को हल्के में नहीं लेंगे। इन्हें ग्रुप स्टेज में सिर्फ इंडोनेशियाई जोड़ी से ही थोड़ी टक्कर मिलती दिख रही है।

वहीं, विमिंस डबल्स में भी हमने पिछले कुछ समय में अच्छा किया है। अश्विनी पोनप्पा-तनीषा क्रास्टो की जोड़ी का पैरिस के लिए क्वॉलिफाई करना ही अपने आप में उपलब्धि है। यदि वे अपने ग्रुप में टॉप भी करते हैं तो भी भारतीय बैडमिंटन के लिए सकारात्मक बात होगी। विमिंस सिंगल्स में मेरी फेवरिट एक बार फिर पीवी सिंधु रहेंगी। माना कि सिंधु का पिछला कुछ प्रदर्शन उनके रुतबे के अनुरूप नहीं रहा है, लेकिन पैरिस आने के पहले पिछले कुछ मैच उन्होंने जो खेले में उनमें उनके मूवमेंट को देखकर लगा कि वह अब पूरी तरह से फिट हैं। वह तैयार दिखीं और ओलिंपिक्स में मैं उन्हें रफ्तार पकड़ती देख रही हूं।

पैरिस ओलिंपिक्स 2024 बैडमिंटन में भारत का दावा

मेंस सिंगल्स में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय अपना पहला ओलिंपिक्स खेलने जा रहे हैं। तकलीफ वाली बात सिर्फ यह है कि यदि ये दोनों भारतीय अपने-अपने ग्रुप में टॉप करते हैं तो प्री-क्वॉर्टर फाइनल में ये भिड़ते नजर आ सकते हैं। लक्ष्य के ग्रुप में सबसे बड़ा खतरा वर्ल्ड नंबर-3 जोनाथन क्रिस्टी हैं, जबकि प्रणॉय का ग्रुप आसान है। कुल मिलाकर बैडमिंटन में अच्छे परिणाम की उम्मीद है।

*(इंडियन ऑयल की अधिकारी मंजूषा से NBT स्पोर्ट्स टीम ने बातचीत की)*

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज आपकी राशि से दशम कर्म केन्द्र भाव शत्रु चिन्ता भाव में चन्द्रमा मनोरथ सिद्धिकारक है। संतान से भी जो चिंता बनी हुई थी, उनका समाधान आज हो जाएगा। आपको अपने प्रियजनों और परिजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा। अपराह्न से सांयकाल तक राज्य की तरफ से कुछ परेशानी हो सकती है।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
राशि से दशम भाव का चन्द्रमा आपके प्रियजनों और रिश्तेदारों में किसी को शारीरिक कष्ट होने की सूचना दे रहा है। फिजूल खर्ची और व्यर्थ विवाद से दूर रहें। सांयकाल से लेकर देर रात्रि तक परिजनों के साथ यात्रा का सुख प्राप्त होगा। किसी पुराने मित्र से आज के दिन आपकी मुलाकात हो सकती है।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
राशि से नवम चन्द्रमा अपने प्रियजनों से अंर्तविरोध की स्थिति उत्पन्न करेगा। आपके समय के अनुसार काम होने में बाधा रहेगी। मौसम भी आज अनुकूल नहीं रहेगा। किन्तु वृष राशि का बृहस्पति सांयकाल में कुछ मन संतोष देगा। बड़ी मात्रा में धन हाथ में आने से गिरा हुआ मनोबल कम हो जाएगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
राशि पर वृष का बृहस्पति और सप्तम भाव में चन्द्रमा आज आपकी राज्य मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि करेगा। आपके शत्रुओं का मनोबल गिरेगा। घरेलू एवं अच्छे गुण वाले लोगों से मेल मिलाप बढ़ेगा। व्यवसाय में भी नौकरों और भागीदारों से अच्छा वातावरण मिलेगा। सांयकाल से देर रात्रि तक अकस्मात अतिथियों के आगमन से व्यय बढ़ सकता है।

**LEO** 23 July - 22 Aug
कुंभ राशि का चन्द्रमा और नवम भाव में वृष राशि का गुरु आज शुभ व्यय और कीर्ति में वृद्धि करेगा। भाग्य का उदय धन, धर्म की वृद्धि, शत्रु चिन्ताओं का दमन, प्रबल से प्रबल विरोधियों के होने पर भी सायंकाल तक अंत में सर्वत विजय विभूति, सफलता की प्राप्ति होगी।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
संतान की तरफ से चिंता रहेगी। रक्त-पित्त रोगों से शारीरिक कष्ट होने की संभावना बनी रहेगी। इस सबके बावजूद व्यवसाय में लाभ और पत्नी का पूर्ण सुख सहयोग मिलने से मनोबल बढ़ेगा। किसी के कहने पर कोई कार्य करने से पहले उसके सारे पहलुओं को जरूर जान लें।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
पंचम भाव में चन्द्रमा होने से अकस्मात बड़ी मात्रा में आर्थिक लाभ होने का योग बना रहेगा। आपको प्रियजनों का वांछित सुख एवं सहयोग मिलेगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक मंगल कार्यों में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आज के दिन आपके खानपान में विशेष सावधानी बरतें, अन्यथा दोनों में कष्ट हो सकता है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज आपको संतान पक्ष की चिंता रहेगी। संतान को शारीरिक कष्ट होने से आप परेशान रहेंगे। स्थान परिवर्तन होने का प्रसंग प्रबल होकर स्थापित होगा। आर्थिक लाभ तो होगा परन्तु लाभ से अधिक खर्चा होने के कारण खिन्नता बनी रहेगी। शत्रु पक्ष आप पर हावी होने का प्रयास करेंगे।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज षष्ठम शत्रु भाव में गुरु आपको शारीरिक एवं आर्थिक बल प्रदान करेगा। अच्छे गुणवाले लोगों से मेल-मिलाप बढ़ने से अधिकारी वर्ग आपके पक्ष में रहेंगे। श्रेष्ठ मार्गों से पर्याप्त आमदनी होगी परन्तु व्यय अधिक होगा। रात्रि में किसी आध्यात्मिक समागम या देवदर्शन का अवसर प्राप्त होगा।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
भाई-बन्धुओं और व्यापार के सहयोगियों से मनमुटाव की स्थिति होने के कारण पूरा दिन असहज रहेगा। अकारण शत्रु उत्पत्ति और निर्मूल विवाद से आप परेशान रहेंगे। सायंकाल के समय सम्पत्ति से लाभ और पत्नी से उत्तम सहयोग मिलने के कारण संतुष्टि रहेगी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आपको व्यवसाय में निरन्तर लाभ होने की संभावना बनी रहेगी और व्यवसाय के भागीदारों से परेशानी होने की संभावना भी बनी रहेगी। ऐसे में आपको थोड़ा सावधान रहने की जरूरत है। सायंकाल से लेकर रात्रि तक समीप की यात्रा का योग बना हुआ है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आपको आर्थिक लाभ होने की संभावना रहेगी। मानसिक तनाव से बचने के लिए धैर्य एवं नम्रता से काम करें। यदि आप नौकरी करते हैं तो आज आपके कार्य और अधिकारों में वृद्धि होगी, जिससे आसपास के अन्य सहयोगियों में कड़वाहट बढ़ने से परेशानी हो सकती है। किन्तु अपने कार्य कौशल से सांयकाल तक सबको सामान्य बना लेंगे।

## जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष आपको तांबे के पाद से प्रवेश हो रहा है। वर्ष का स्वामी बृहस्पति वृष राशि पर परिभ्रमण करने के सुयोग से अतीत के संदर्भ में लाभ और नए अनुबंध का सूत्रपात होगा। जुलाई महीने के शेष दिनों से लेकर अगस्त महीने के अंत तक आयात-निर्यात के कारोबार से जुड़े लोगों की बाधाएं समाप्त होकर, बारम्बार अच्छे अवसरों की प्राप्ति होगी। सितंबर माह की बात करें तो पुराने बचे हुए प्रसंग उभर कर सामने आएंगे। अक्टूबर के महीने में आप की समृद्धि बढ़ेगी। नवंबर माह की बात करें तो में गुप्त शत्रु आपको व्यथित करेंगे। इस वर्ष के उत्तरार्ध दिसंबर से लेकर जनवरी 2025 तक जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना होगा, वहीं फरवरी से लेकर मार्च महीने के आखिर तक अपने कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जोखिम के कामों को सहज कर लेंगे। अप्रैल और मई माह की बात करें तो आप अपने जीवन स्तर को भी बदल सकते हैं। 1 जून से लेकर 30 जुलाई तक यदि कहीं कोई कठिनाई नजर आए तो बृहस्पतिवार को चने की दाल में गुड़ मिलाकर गाय को खिलाते रहें, इससे घर में सुख-शान्ति और समृद्धि बनी रहेगी। **-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**

## कल का पंचांग
(बुधवार, 24 जुलाई 2024)

राष्ट्रीय मिति श्रावण 02, शक संवत 1946, श्रावण कृष्णा तृतीया, बुधवार, विक्रम संवत 2081। सौर श्रावण मास प्रविष्टे 09, मुहर्रम 17, हिजरी 1446 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 24 जुलाई सन 2024 ई। सूर्य दक्षिणायन, उत्तर गोल, वर्षा ऋतु। राहुकाल मध्याह्न 12 बजे से 01 बजकर 30 मिनट तक। तृतीया तिथि प्रातः 07 बजकर 31 मिनट तक उपरांत चतुर्थी तिथि का आरंभ। शतभिषा नक्षत्र सायं 06 बजकर 15 मिनट तक उपरांत पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र का आरंभ। सौभाग्य योग पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट तक उपरांत शोभन योग का आरंभ। विष्टि करण प्रातः 07 बजकर 31 मिनट तक उपरांत कौलव करण का आरंभ। चन्द्रमा दिन रात कुंभ राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार मंगला गौरी व्रत प्रारंभ। पंचक प्रातः 09 बजकर 21 मिनट से, शक श्रावण प्रारंभ।

## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 2 | | 6 | | 5 | |
| | | 2 | 5 | | 1 | 3 | | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| 7 | | | | | | | | 1 |
| | 8 | 1 | | | | 9 | 3 | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| | | 5 | 7 | | 4 | 8 | | |
| | 4 | | 9 | | 8 | | 2 | |

## TELEVISION




big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बंदबुध बुड़बक
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मौहब्बत हैपी लकी
18:30 रुद्र के रक्षक
21:00 चीख

## तमिलनाडु की मां थीं, नाना-नानी से मिलने हर साल भारत आती हैं डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार

# डेमोक्रेट्स का ट्रंप कार्ड बनेंगी कमला?



कमला हैरिस

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अमेरिका में चल रहे राष्ट्रपति पद के चुनाव में रोजाना अप्रत्याशित मोड आ रहे हैं। ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन ने रेस से पैर खींच लिया। ट्रंप और बाइडन के बीच प्रेजिडेंशल डिबेट के बाद ही इस तरह की अटकलों ने जोर पकड़ा था और हमले के बाद ट्रंप की बढ़ी रेटिंग्स ने इस बात का अहसास दिलवा ही दिया था, बाइडन उनकी रनिंग मेट कमला हैरिस के लिए रास्ता खाली कर देंगे। अपनी दावेदारी वापस लेने के एकदम बाद बाइडन ने हैरिस का नाम भी आगे कर दिया, हालांकि हैरिस के लिए राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी इतनी आसान भी नहीं, इसमें कई तरह के तकनीकी पेच भी हैं। बाइडन का विकल्प कौन होगा? इस पर औपचारिक मुहर अगस्त मध्य में डेमोक्रेटिक पार्टी के नैशनल कन्वेंशन में लगेगी, जब पार्टी डेलिगेट्स उम्मीदवार के लिए औपचारिक तौर पर वोट करेंगे। बाइडन की घोषणा के बाद जिस तरह के रिएक्शन पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और डेमोक्रेटिक नैशनल कमिटी के चेयरपर्सन जेमी हैरीसन की ओर से सामने आए, उससे ये साफ है कि कमला हैरिस के पास भले ही राष्ट्रपति बाइडन का समर्थन हो, लेकिन फिलहाल पार्टी के बड़े नेता मोटे तौर पर इस तरह के समर्थन के कम से कम संकेत तो देना नहीं चाहते। डेमोक्रेटिक पार्टी की रूल बुक कहती है कि डेलिगेट उन लोगों के भाव को सामने रखना चाहेंगे, जिन्होंने उन्हें चुना है। बता दें कि बाइडन के पास ज्यादातर प्राइमरी डेलिगेट्स का समर्थन हासिल है। बाइडन की घोषणा के बाद एक सवाल ये भी है कि अगर कमला हैरिस औपचारिक उम्मीदवार बनती हैं तो उन्हें अपना रनिंग मेट भी चुनना होगा। अब इसका फैसला भी अगस्त में होने वाले पार्टी कन्वेंशन में ही होगा।





बाइडन के मैदान से हटने और हैरिस की एंट्री को टाइम मैगजीन ने कवर पेज पर जगह दी।

### तकनीकी पेच हैं कई

तकनीकी तौर पर डेलिगेट्स अपना उम्मीदवार चुनने के लिए आजाद हैं। अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार अमिताभ सिंह कहते हैं कि अब भी टेक्निकली डेमोक्रेटिक पार्टी से उम्मीदवार बाइडन ही हैं। बाइडन को पहले उम्मीदवारी से औपचारिक तौर पर मुक्त होना है, उसके बाद ही दूसरे उम्मीदवारों पर बात हो सकती है। अब भी चार हजार प्राइमरी से जो डेमोक्रेट चुन के आते हैं, वो वोट करते हैं कि कौन अध्यक्ष चुना जाएगा। ऐसे में वो विकल्प अभी खुला हुआ है। साथ ही साफ है कि औपचारिक तौर पर बतौर उम्मीदवार रिलीज होने पर डेलिगेट्स अपना फैसला लेने के लिए स्वतंत्र हैं, कि वो कमला हैरिस को चुनें, या फिर किसी और उम्मीदवार को।

### पार्टी फंड का मामला भी कमला हैरिस के पक्ष में

31 मई को दाखिल हुए कागजों के मुताबिक बाइडन-हैरिस कैंपेन से अब तक पार्टी के पास 91 मिलियन डॉलर इकट्ठा हो चुके हैं। जानकार कहते हैं कि क्योंकि डोनर्स ने ये धन तकनीकी तौर पर बाइडन और हैरिस के साझा कैंपेन के लिए दिया था, ऐसे में बाइडन के उम्मीदवारी वापस लेने के बाद मसला इस फंड को डोनर्स को वापस करने को लेकर भी है। अब जबकि चुनाव में 100 से कुछ ज्यादा दिन ही बचे हैं, ऐसे में अगर कोई और हैरिस की जगह बतौर उम्मीदवारी लेता है तो उस पर जीरो बैलेंस के साथ कैंपने का खतरा भी मंडरा रहा है। यही वजह है कि हैरिस ने अभी से अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर डोनर्स से फंड देने की मुहिम शुरू कर दी है। हालांकि हैरिस की उम्मीदवारी के पक्ष में ये बात है कि क्योंकि फंड का अकाउंट वहां के चुनाव आयोग में राष्ट्पति बाइडेन के साथ साथ साथ हैरिस के नाम पर भी है।

### उम्मीदवार का चुनाव कैसे?

अगर बाइडन की पार्टी के किसी नेता को लगता है कि वो कमला हैरिस से बेहतर साबित हो सकते हैं और हैरिस ट्रंप के खिलाफ दूसरे संभावित उम्मीदवारों के मुकाबले में कमजोर हो सकती हैं तो ऐसे में उन्हें 600 डेलिगेट्स के सिग्नेचर हासिल करने होंगे। इसके बाद वो बतौर उम्मीदवार नामित हो जाएंगे, जिसके बाद उनका मुकाबला कमला हैरिस से होगा। ऐसे में अगर कई डेलीगेट्स को नामांकन मिलता है, और किसी को बहुमत नहीं मिलता है, तो ऐसे में 'ब्रोकर्ड कन्वेंशन' आयोजित होगा। जिसमें डेलिगेट्स कई राउड में वोट कर सकते हैं जिससे कि एक उम्मीदवार चुना जा जा सके। ध्यान देने वाली बात ये भी है कि मध्यस्थता वाला यानी ब्रोकर्ड कन्वेंशन पिछली बार 1952 में हुआ था जब इलिनियोस के गवर्नर एडेल स्टीवन्सन ने बार-बार ये कहा था कि वो चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। पहले राउंड में किसी एक विजेता के सामने ना आने पर इसके बाद डी आइजनहावर ने ना सिर्फ नामांकन हासिल किया था बल्कि स्टीवनसन को हरा भी दिया था।

### कमला हैरिस

- **जन्म:** 1964, कैलिफोर्निया
- **माता-पिता:** श्यामला गोपालन (भारत)-डॉनल्ड हैरिस (जमैका)
- **पढ़ाई:** लॉ (1990)
- **डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी:** 2003-11, सैन फ्रांसिस्को
- **सीनेटर बनीं:** 2017, कैलिफोर्निया

हैरिस सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी बनने वाली पहली महिला, पहली भारतवंशी और पहली अफ्रीकी अमेरिकी हैं

कमला हैरिस ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया. इसके बाद यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफ़ोर्निया के हेस्टिंग्स कॉलेज से लॉ की पढ़ाई की

हैरिस साल 2003 में पहली बार सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी चुनी गईं

**2010** में वह अमेरिका के कैलिफोर्निया की अटॉर्नी बनने वाली पहली महिला और पहली अश्वेत नेता थीं

**2017** में हैरिस कैलिफोर्निया से जूनियर अमेरिकी सीनेटर चुनी गईं

**2014** में जब अपने साथी वकील डगलस एम्पहॉफ से विवाह किया तो वह भारतीय, अफ्रीकी और अमेरिकी परंपरा के साथ-साथ यहूदी परंपरा से भी जुड़ गईं

" बाइडन के समर्थन से सम्मानित महसूस कर रही हूं, ट्रंप को हराने के लिए देश को एकजुट करना ही लक्ष्य है। - *कमला हैरिस, उपराष्ट्रपति*

जो बाइडन अमेरिका के सबसे अहम राष्ट्रपति हैं। एक बार फिर उन्होंने साबित किया कि सच्चे देशभक्त हैं। - *ओबामा* "

## बाइडन की जगह कौन लेगा, रेस में ये नाम...


■ **विस, नई दिल्ली:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के वाइट हाउस की दौड़ से हटने के बाद डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए जगह खाली हो गई है, जिसे भरने के लिए पार्टी को तेजी से प्रयास करना होगा। ऐसे में आइए देखते हैं कि वो कौन डेमोक्रेटिक नेता हैं, जो रेस में जगह बना सकते हैं।

### कमला हैरिस



बाइडन के हटने के बाद भारतीय-अफ्रीकी मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए स्वाभाविक उम्मीदवार हैं। बाइडन ने भी उनके नाम का समर्थन किया है। 59 वर्षीय कमला हैरिस अमेरिका की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति हैं। कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनने के लिए अच्छी स्थिति में हैं। फिलहाल, उनका नाम रेस में सबसे आगे चल रहा है, लेकिन उनकी रेटिंग कमजोर है जो उनकी उम्मीदवारी को प्रभावित कर सकती है।

### गैविन न्यूसम



बाइडन ने भले ही हैरिस के नाम का समर्थन किया है, लेकिन ऐसा कोई नियम नहीं है कि उनकी पसंद को ही डेमोक्रेट डेलीगेट्स चुनें। यही वजह है कि दूसरे नाम भी सामने आ रहे हैं। इनमें कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम (Gavin Newsom) का नाम प्रमुख है। 56 वर्षीय गैविन पिछले पांच वर्षों से राज्य के शीर्ष पद पर हैं। नाम वापसी को लेकर बढ़ रहे दबाव के बीच गैविन ने बाइडन का मजबूती से समर्थन किया था।

### ग्रेचेन व्हिटमर



एक अन्य संभावित डेमोक्रेटिक उम्मीदवार मिशिगन की 52 वर्षीय गवर्नर ग्रेचेन व्हिटमर (Gretchen Whitmer) हैं। उनके राज्य में एक मजबूत कामकाजी वर्ग की आबादी और प्रमुख अश्वेत और अरब अमेरिकी समुदाय दोनों हैं। वे ट्रंप की कट्टर आलोचक हैं। 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में मिशिगन महत्वपूर्ण राज्यों में से एक होगा। व्हिटमर के समर्थक इसे उनकी उम्मीदवारी के समर्थन में एक मजबूत तर्क के रूप में पेश करते हैं।

### जोश शापिरो



पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो (Josh Shapiro) सबसे बड़े स्विंग राज्य का नेतृत्व कर रहे हैं। स्विंग राज्य उन्हें कहा जाता है, जहां मतदाताओं का मूड स्पष्ट नहीं होता है। 51 वर्षीय शापिरो ने नवंबर 2022 में कंजरवेटिक प्रतिद्वंद्वी पर शानदार जीत दर्ज की थी। 2023 में राज्य के गवर्नर के रूप में कमान संभालने के पहले दो बार राज्य के अटॉर्नी जनरल के रूप में चुने गए थे। शापिरो अपने असरदार भाषण के लिए जाने जाते हैं और एक घोषित मध्यमार्गी हैं।

### मिशेल ओबामा



वाइट हाउस की रेस में मिशेल ओबामा के नाम की चर्चा हो रही है। उनके समर्थन में भारत से भी आवाज उठी है। इसमें सबसे प्रमुख नाम जावेद अख्तर का है। उन्होंने एक्स पर डेमोक्रेट्स को संबोधित करते हुए लिखा कि अगर आप ट्रंप को हराने के लिए तीन नाम पूछेंगे तो वो तीनों मिशेल ओबामा के ही होंगे। उनके नाम की चर्चा इसलिए भी है, क्योंकि उनके पति और पूर्व राष्ट्रपति ने बाइडन के फैसले का समर्थन किया है लेकिन कमला हैरिस की उम्मीदवारी पर कुछ नहीं कहा।

### पीट बटिगिएग



ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी पीट बटिगिएग (Pete Buttigieg) भी एक बड़ा नाम है, हालांकि उन्होंने हैरिस का नाम आगे किए जाने से जुड़े बाइडन के प्रस्ताव का समर्थन ही किया है। उन्होंने कहा था कि मैं वो सब कुछ कर करुंगा जिससे कि हैरिस अमेरिका की अगली राष्ट्रपति बन सके। साल 2020 में इंडियाना के पूर्व मेयर ने अपनी दावेदारी सामने रखी थी। वो बाइडन के कैबिनेट का हिस्सा हैं। उनके पास अनुभव भी है और अपनी बात कहने का कौशल भी। पीट बटिगिएग ने 2020 में डेमोक्रेटिक नामांकन के लिए बाइडन और हैरिस, दोनों को चुनौती दी थी।

## ट्रंप के कैंपेन की चुनावी रणनीति अब बदल रही

■ एनबीटी न्यूजडेस्क



रिपब्लिकन पार्टी से ट्रंप उम्मीदवार हैं।

**पूर्व राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने पिछले रविवार को दावा किया कि अगर कमला हैरिस 5 नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनती हैं, तो वह उन्हें आसानी से हरा देंगे। हालांकि, इसमें कोई दो राय नहीं कि कमला हैरिस के आने से वो दौड़ बदल गई है, जिसमें ट्रंप आगे निकलते नजर आ रहे थे। रॉयटर्स के मुताबिक, ट्रंप के चुनावी अभियान में जुटे लोग कई हफ्तों से योजना बना रहा थे कि अगर कमला हैरिस अपनी पार्टी की उम्मीदवारी जीतती हैं, तो वे किस रणनीति पर काम करेंगे। बाइडेन की घोषणा के तुरंत बाद ट्रंप ने कहा, 'जो बाइडेन की तुलना में हैरिस को हराना आसान होगा।' उनके कैंपेन ने संकेत दिया है कि वह कमला हैरिस को बाइडेन की इमिग्रेशन पॉलिसी के साथ जितना हो सकेगा, जोड़कर पेश करेगा। दरअसल, रिपब्लिकन पार्टी का कहना है कि मेक्सिको के साथ दक्षिणी सीमा को अवैध रूप से पार करने वाले लाखों लोगों के लिए इनकी नीति ही दोषी है। ट्रंप कैंपेन दूसरा वार अर्थव्यवस्था के इर्द-गिर्द घूमेगा। सर्वे से लगातार पता चलता है कि अमेरिकी बढ़ती खान-पान और ईंधन की कीमतों के साथ-साथ ब्याज दरों से नाखुश हैं। इसके अलावा, ट्रंप की प्रचार टीम एरिजोना, जॉर्जिया, नेवादा और पेंसिल्वेनिया सहित कई राज्यों से बाइडेन विरोधी विज्ञापनों को हटा रही है। उनकी जगह हैरिस पर हमला करने वाला विज्ञापन लगा रहा है। विज्ञापन में हैरिस पर बाइडन की कमज़ोरियों को जनता से छिपाने का आरोप लगाया गया है।

" जो बाइडन के डॉक्टर समेत उनके इर्द-गिर्द मौजूद सभी लोग पहले से ही यह बात जानते थे कि बाइडन राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने या राष्ट्रपति बनने के योग्य नहीं हैं। - *डॉनल्ड ट्रंप, पूर्व राष्ट्रपति*



" राष्ट्रपति बाइडन के फैसले का सम्मान करते हैं और उनके शेष कार्यकाल में साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। - *केअर स्टॉर्मर, ब्रिटेन के पीएम*




" बाइडन चुनाव नहीं लड़ सकते तो राष्ट्रपति बने रहने के योग्य भी नहीं हैं। वह इस्तीफा दें। - *माइक जॉनसन, प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष*



" लोकतांत्रिक मूल्यों, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि और भावी पीढ़ियों के लिए जलवायु कार्रवाई के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता के साथ ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका गठबंधन पहले कभी इतना मजबूत नहीं रहा। - *एंथनी अल्बनीज, ऑस्ट्रेलिया के पीएम*

## US को महामारी से उबारा था, खुद गिरती सेहत की वजह से हटे बाइडन

■ एपी, वॉशिंगटन



- बाइडन की खराब सेहत की दिक्कतों को ट्रंप के साथ डिबेट ने और बढ़ा दिया था
- कई विडियो, फोटो वायरल हुए जिनमें उन्हें राष्ट्रपति पद के लिए अयोग्य माना जाने लगा

**अमेरिकी राष्ट्रपति** जो बाइडन ने राष्ट्रपति पद की रेस से खुद के हटने का ऐलान कर दिया है। राष्ट्रपति बाइडन ने राष्ट्र के पुनर्निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों के लिए दवा की लागत कम करने और रिकॉर्ड संख्या में अमेरिकियों के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवा का विस्तार करने में रिकॉर्ड खर्च किया है। 30 वर्षों में पहला बंदूक सुरक्षा कानून पारित किया। उन्होंने 2021 में जब हैरिस के साथ राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी, तब बाकी देशों की तरह की अमेरिका भी कोविड-19 महामारी की चपेट में था, लगभग सब कुछ थमा हुआ सा था लेकिन बाइडन ने अमेरिका को महामारी से उबारा। अमेरिका में सुप्रीम कोर्ट में पहली अफ्रीकी-अमेरिकी महिला को नियुक्त किया गया और दुनिया के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण जलवायु कानून पारित किया। हालांकि बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य से जूझ रहे बाइडन की दिक्कतों को ट्रंप के साथ उनकी प्रेसिडेंशियल डिबेट ने और बढ़ा दिया। इस डिबेट के बाद उन पर लगातार दबाव बढ़ा। बीते कुछ महीने में ऐसी कई तस्वीरें और विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं, जिनमें उन्हें राष्ट्रपति पद के अयोग्य माना जाने लगा। फलस्तीन के मुद्दे पर बाइडन सरकार तब विवादों में आ गई, जब हमास के हमले के तुरंत बाद इस्राइल के लिए उनके बिना शर्त समर्थन से उनकी पार्टी में ही आवाज उठने लगी। बाइडन ने भारत और क्वॉड के साथ संबंधों में निवेश किया, जो जापान और ऑस्ट्रेलिया सहित चार देशों का समूह है।

**ओबामा के अधीन काम किए हैं:** 81 साल के जो बाइडन का लंबा राजनीतिक करियर रहा है और वो अमेरिकियों के लिए कोई नया चेहरा नहीं है। राष्ट्रपति बनने से पहले बाइडन 2009 से 2017 तक बराक ओबामा के अधीन उपराष्ट्रपति के तौर पर काम कर चुके हैं।

## तीन भारतीय-अमेरिकी सांसद हैरिस के साथ

■ भाषा, वॉशिंगटन

**सभी पांच** भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने राष्ट्रपति पद की दौड़ से हटने के राष्ट्रपति जो बाइडन के फैसले की सराहना की है। उनमें से तीन ने राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की संभावित उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को अपना समर्थन दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति पद के पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में करीब 100 दिन बाकी हैं। प्रतिनिधि सभा में अभी पांच भारतीय-अमेरिकी सांसद- राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और अमी बेरा हैं। ये सभी डेमोक्रेटिक पार्टी के हैं। अभी तक इनमें से तीन खन्ना, थानेदार और जयपाल ने हैरिस का समर्थन किया है।

### ओबामा, पेलोसी कमला का समर्थन करने से बचे

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और प्रतिनिधि सभा की पूर्व 'स्पीकर' नैंसी पेलोसी ने बाइडन के फैसले की प्रशंसा की। हालांकि, दोनों नेताओं ने डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार के रूप में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के नाम का तत्काल समर्थन करने से परहेज किया। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा ने एक बयान में कहा, 'आने वाले दिनों में हम अज्ञात रास्तों से गुजरेंगे, लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी पार्टी के नेता एक ऐसी प्रक्रिया बनाने में सक्षम होंगे, जिससे एक उत्कृष्ट उम्मीदवार उभरकर सामने आएगा।' पेलोसी ने कहा, 'बाइडन एक देशभक्त अमेरिकी हैं, जिन्होंने हमारे देश को प्राथमिकता दी है।'

### अमेरिका की सेकंड लेडी बनेंगी उषा वैन्स?

**एनबीटी न्यूजडेस्क:** अमेरिका की राजनीति में भारतीय-अमेरिकियों के उभार का दौर है। पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ओहायो के सीनेटर जेडी वैन्स को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया है। उषा चिलुकुरी वेंस ट्रंप के साथी जेडी वैन्स की पत्नी के रूप में सुर्खियों में आईं। उषा चिलुकुरी का नाम ऐसे समय में सामने आया है जब वहां उपराष्ट्रपति पद पर पहले से ही एक भारतीय मूल की कमला हैरिस आसीन हैं। विवेक रामास्वामी और निक्की हेली ने राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार के समर्थन का फैसला किया है।

## मस्क और खोसला में हुई जुबानी जंग

■ **भाषा, न्यू यॉर्क:** राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की उम्मीदवारी को लेकर अरबपति टेक कारोबारी एलन मस्क और भारतीय-अमेरिकी उद्यम पूंजीपति विनोद खोसला के बीच जुबानी जंग छिड़ गई। एक्स पर एक पोस्ट में खोसला ने ट्रंप को एक ऐसा रिपब्लिकन नेता करार दिया, जिसमें कोई कोई नैतिकता नहीं है, जो झूठ बोलता है, धोखा देता है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म, अपमान करता है और उनके जैसे प्रवासियों से नफरत करता है। खोसला के पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए मस्क ने कहा, 'ट्रंप आपसे नफरत नहीं करते हैं। अलबत्ता, वह आपको पसंद करते हैं। उनसे मिलिए और अपने बारे में उनके विचार जानिए।'



विनोद खोसला

## अमेरिकी सीक्रेट सर्विस ने मानी ट्रंप की सुरक्षा में चूक

■ एएफपी, वॉशिंगटन

**अमेरिकी सीक्रेट** सर्विस ने माना है कि पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की सुरक्षा में चूक हुई है। सर्विस के डायरेक्टर किम्बर्ली चीटल (Kimberly Cheatle) ने सोमवार को कहा कि एजेंसी ट्रंप पर हत्या के प्रयास को रोकने के अपने मिशन में नाकाम रही। हाउस कमिटी ऑन ओवरसाइट ऐंड एकाउंटेबिलिटी के सामने अपनी गवाही में अधिकारी ने कहा कि सीक्रेट सर्विस का एकमात्र मिशन हमारे देश के नेताओं की रक्षा करना है।

> सीक्रेट सर्विस के डायरेक्टर ने कहा, इसकी मैं जिम्मेदारी लेता हूं

उन्होंने कहा, '13 जुलाई को हम असफल रहे। इसी के साथ उन्होंने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका के सीक्रेट सर्विस के डायरेक्टर के रूप में मैं किसी भी सुरक्षा चूक के लिए पूरी जिम्मेदारी लेता हूं। ट्रंप पर हमले को रोकने दशकों में सीक्रेट सर्विस की बड़ी नाकामी है। इसी की वजह से ट्रंप घायल हो गए। हालांकि पहली गोली चलाने के 26 सेकंड बाद एक सीक्रेट सर्विस स्नाइपर ने हमलावर को मार गिराया था। हमले के बाद डायरेक्टर किम्बर्ली चीटल के खिलाफ सुनवाई चल रही है। रिपब्लिकन कमिटी के अध्यक्ष जेम्स कॉमर ने कहा, इस घटना को रोका जा सकता था।



13 जुलाई को ट्रंप पर हुआ था हमला।






डॉक्टर से फ्री परामर्श के लिए कॉल करें: 1800 572 8000 (9:00 am to 6:00 pm) www.zanducare.com पर भी उपलब्ध

SAMSUNG

# Galaxy Z Flip6

## Galaxy AI is here



New features of Galaxy Z Flip6

50MP Flagship Camera

4000mAh Battery

First ever Vapor Chamber on Z Flip

Galaxy AI

## Last chance to pre-order at ₹ 47999**

| | |
|---|---|
| Retail price of Galaxy Z Flip6 (256 GB) | ₹ 109999# |
| Exchange value of old device | ₹ 47000~ |
| Upgrade bonus | ₹ 15000^ |
| Effective price | ₹ 47999** |

0 Down payment | 24 Months no cost EMI^^

Per month EMI ₹ 4250~~

+

Ultimate innovation. Ultimate peace of mind.

**Get Galaxy Z Assurance**

Complete device protection twice in a year, worth ₹ 9999*

Samsung Care+ | Samsung Upgrade | HDFC BANK | BAJAJ FINSERV | Samsung Finance+™

**Offer ends today, July 23, 2024**

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267664 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated for illustrative purpose only. Actual UX/UI may differ. Color subject to availability. Flex mode is supported at angles between 75° and 115°. Actual battery performance may vary with different operating conditions and applications. Samsung login is required for certain AI features. Samsung does not make any promises, assurances or guarantees as to the accuracy, completeness or reliability of the output provided by AI features. Samsung promotes responsible use of AI features. Offer may be revised or withdrawn. **Offer price shown above is upon pre-order of 1 unit of Galaxy Z Flip6 12GB|256GB, shown inclusive of exchange value of old device and upgrade bonus. Final price at sole discretion of dealer. #Retail price shown for 1 unit of Galaxy Z Flip6 12GB|256GB. Price is inclusive of taxes. ~Approximate value on exchange of 1 unit of Galaxy Z Flip5 8GB|256GB. Exchange value varies basis model and condition of old device. Exchange at discretion of retailer. ^Upgrade bonus provided by brand at its sole discretion, upon exchange of select smartphones. Upgrade bonus may vary basis the device exchanged. Exchange at the discretion of dealer and exchange value varies basis model and condition of old device. Upgrade bonus and bank cashback cannot be clubbed. ^^Eligibility of EMI at sole discretion of financiers including those listed on Samsung Finance+ (Financier T&C applies). Samsung disclaims any liabilities thereof. ~~EMI computed on zero down payment, 24 months no cost EMI on the price of ₹ 101999 for 1 unit of Galaxy Z Flip6 12GB|256GB (inclusive of ₹ 8000 bank cashback). Bank cashback provided by HDFC bank at its sole discretion. *Samsung Care+ T&C apply. 1 unit of Samsung Care+ Accidental Damage & Liquid Damage Plan worth ₹ 9999 available at ₹ 999, only when purchased with Galaxy Z Flip6, subject to pre-order. Customers eligible for 2 claims under Accidental Damage & Liquid Damage Plan within one year of plan activation date, as per the applicable terms of Samsung Care+. Reach out to dealer for more details. All third party logos/brands are trademarks of the respective brand/company.

Scan and experience Galaxy AI

Or WhatsApp "Hi" to 9870 494949 to pre-order at Samsung Exclusive Store

Cheil-21508/24